वर्ष- 12 अंक - 113
लखनऊ, मंगलवार 10 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





बुनियादी योजनाओं को घर-घर पहुंचा रही है भाजपा सरकार : सुरेश खन्ना 03

महाकुंभ में पहली बार छह फायर फाइटिंग बोट्स बनेंगी संगम की प्रहरी 12


## जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा पहला विमान, इंडिगो फ्लाइट की सफल लैंडिंग

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोमवार को फ्लाइट की सफलपूर्वक टेस्ट लैंडिंग हुई। इंडिगो एयरलाइन की फ्लाइट संख्या 320 नियो ने नोएडा एयरपोर्ट पर पहली सफल लैंडिंग की। एयरपोर्ट पर विमान का वॉटर कैनन से स्वागत किया गया। ये एयरपोर्ट अप्रैल 2025 से कमर्शियल उड़ानों के लिए खुल जाएगा।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एनआईएएल) ने अप्रैल 2025 में हवाई अड्डे के वाणिज्यिक उद्घाटन से



पहले, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए पहला उड़ान सत्यापन परीक्षण आयोजित किया। एनआईएएल ने अगले साल 17 अप्रैल, 2025 को हवाई अड्डे के वाणिज्यिक उद्घाटन से पहले आज पहला उड़ान सत्यापन परीक्षण किया। राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइन का एक परीक्षण विमान तकनीकी मूल्यांकन के लिए नोएडा के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट

**अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट पर सुरक्षा से जुड़े सभी परीक्षण पूरे हो गए हैं। नया इंटरनेशनल एयरपोर्ट अपने शुभारंभ के लिए तैयार है। अप्रैल में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों गंतव्यों के लिए करीब 30 उड़ानें रवाना होने की उम्मीद है। इसके पहले चरण में प्रमुख घरेलू शहरों को जोड़ने वाली 25 उड़ानें और अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए तीन उड़ानें होंगी।**

पर उतरा। अगले साल अप्रैल, 2025 में वाणिज्यिक उड़ान संचालन शुरू होने से पहले ये विमान तकनीकी मूल्यांकन के लिए जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा। इसके अलावा दो उड़ानें कार्गो सेवाओं पर केंद्रित होंगी।

## लखनऊ-वाराणसी के बीच ग्रीनफील्ड बनाने का निर्णय

### केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने यूपी में ग्रीनफील्ड बाईपास के लिए 1272 करोड़ रुपए की मंजूरी दी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** यूपी में तेजी से बिछ रहे सड़कों के जाल से विकास कार्यों में तेजी आ रही है। वही दूसरी ओर लखनऊ-वाराणसी के बीच ग्रीनफील्ड बनाने का निर्णय भी सरकार नें ले लिया है।

इसको लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने यूपी में ग्रीनफील्ड बाईपास के लिए 1272 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इसके बनने से लंबी दूरी महज कुछ मिनटों में ही पूरी हो जाएगी। इसके लिए नितिन गडकरी ने यूपी के मुख्यमंत्री



**लखनऊ-वाराणसी बाईपास कॉरिडोर से जोड़े जाएंगे रायबरेली, लालगंज अझारा, मोहनगंज व रानीगंज**

योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के बाद ग्रीनफील्ड बाईपास की मंजूरी दी है। लखनऊ-वाराणसी के बीच बनने वाली यह ग्रीनफील्ड 1272 करोड़ की लागत से बनेगी। लोगो का मानना है कि इस कॉरिडोर के बनने से करीब 75 मिनट में पूरा होने वाला सफर केवल 40 मिनट में ही पूरा हो जायेगा। इससे समय के साथ-साथ ईंधन की भी भारी बचत होगी। यह कारीडोर अवध को पूर्वांचल से जुड़ना और आसान बनाएगा। वहीं रायबरेली से जौनपुर को जोड़ने से इन सभी शहरों का विकास कार्य तेजी से होगा। लालगंज अझारा, मोहनगंज और रानीगंज में भीड़भाड़ कम होगी और यातायात का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित होगा। इन परियोजनाओं से प्रतापगढ़ क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक विकास होगा। साथ ही कृषि उपज, गन्ना आदि का परिवहन आसान होगा।

**75 मिनट से 40 मिनट तक होगी समय की बचत**

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नितिन गडकरी ने इस बाबत अपने सोशल मीडिया मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए साफ शब्दों में कहा है कि उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के रायबरेली-जौनपुर खंड पर लालगंज अझारा, मोहनगंज और रानीगंज में 2-लेन ग्रीनफील्ड बाईपास के निर्माण के लिए 1272.22 करोड़ रुपए की लागत के साथ स्वीकृति दी गई है। लालगंज अझारा, मोहनगंज और रानीगंज के लिए बाईपास के निर्माण से लखनऊ वाराणसी कॉरिडोर की लॉजिस्टिक दक्षता में वृद्धि होगी। यात्रा समय में लगभग 75 मिनट से 40 मिनट की बचत होगी।

## संक्षिप्त समाचार

**महाराष्ट्र विस के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए नार्वेकर**

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राहुल नार्वेकर सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा का अध्यक्ष चुन लिया गया है। अस्थाई अध्यक्ष कालीदास कोलंबकर ने विधानसभा में कहा कि विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ राहुल नार्वेकर का नामांकन आया है, इसलिए उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया जा रहा है। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष पद के आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि रविवार दोपहर 12 बजे तक थी। इस दौरान भाजपा नीत एनडीए के उम्मीदवार के रूप में राहुल नार्वेकर ने रविवार को विधानसभा सचिवालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था।

**महाकुंभ क्षेत्र को घोषित किया गया जीरो ड्रोन एरिया**

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पूरे क्षेत्र को जीरो ड्रोन एरिया घोषित किया गया है। यदि मेला क्षेत्र में अवैध तरीके से कोई भी ड्रोन संचालित होते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी सोमवार को दूसरे चरण की पुलिस प्रशिक्षण एवं पैदल मार्च करने के बाद मीडिया से बात करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुंभ क्षेत्र राजेश द्विवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि महाकुंभ मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सोमवार को भारी पुलिस बल के साथ परेड मैदान थाना से महावीर थाना क्षेत्र में पैदल मार्च किया गया। इस पैदल मार्च प्रमुख उद्देश्य मेला क्षेत्र और जहां संत एवं श्रद्धालु स्नान करने के लिए आते है वापस जाते है, उस क्षेत्र से पुलिसकर्मियों को परिचित कराना है।

**राज्यसभा उपचुनाव : बीजेपी ने घोषित किए प्रत्याशियों के नाम**

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केंद्रीय चुनाव समिति ने सोमवार को राज्यसभा उपचुनाव के लिए अपने तीन प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। इस संबंध में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने नोटिफिकेशन जारी किया गया है। भाजपा ने हरियाणा, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। पार्टी ने राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा को हरियाणा से राज्यसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया है। हरियाणा में भाजपा नेता कृष्ण लाल पंवार के इस्तीफे के बाद राज्यसभा की एक सीट रिक्त हुई थी। कृष्ण लाल पंवार इसराना सीट से जीत दर्ज कर विधानसभा चुनाव पहुंचे और नायब सैनी सरकार में विकास एवं पंचायत, खान और भूविज्ञान मंत्री बने हैं। इसके अलावा भाजपा ने आंध्र प्रदेश से रयागा कृष्णैया के नाम पर मुहर लगाई है, जबकि ओडिशा से सुजीत कुमार को प्रत्याशी बनाया है।

**आरपीएफ ने 23 बांग्लादेशी और 56 नाबालिगों को पकड़ा**

**कटिहार।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने बीते नवम्बर महीने में कई बड़ी कार्रवाई की हैं। अगरतला, जिरनीया और धर्मनगर रेलवे स्टेशनों पर 23 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया, जो अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। आरपीएफ ने इस अवधि के दौरान एनएफ रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से 56 नाबालिगों और 04 महिलाओं को उद्धार किया। यह कार्रवाई मानव तस्करी और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए की गई थी।आरपीएफ की टीमें सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध घुसपैठ के प्रति हमेशा सतर्क और सजग रहती हैं।

# नारी शक्ति बनेगी विकसित भारत का आधार : पीएम मोदी

**पीएम मोदी ने बीमा सखी योजना का किया शुभारंभ**

एजेंसी

**पानीपत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि हर चीज को वोट बैंक की तराजू पर तोलने वाले लोग बहुत परेशान हैं और उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि चुनाव दर चुनाव मोदी के खाते में माताओं, बहनों, बेटियों का आशीर्वाद बढ़ता ही क्यों जा रहा है।

श्री मोदी ने यहां भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा सखी योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि हरियाणा ने एक है तो सेफ है के मंत्र को अपनाकर पूरे देश में नया उदाहरण पेश किया है और अब दूसरे राज्य के लोग भी इसका अनुसरण करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक हर चीज को वोट बैंक की तराजू पर तोलने वाले लोग बहुत



परेशान हैं और उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि चुनाव दर चुनाव मोदी के खाते में माताओं, बहनों, बेटियों का आशीर्वाद बढ़ता ही क्यों जा रहा है। जिन लोगों ने माताओं-बहनों को सिर्फ वोट बैंक समझा, वो इस मजबूत रिश्ते को समझ भी नहीं पाएंगे।

उन्होंने अपने पहले के दो कार्यकालों में महिलाओं के हित में लिए गए निर्णयों और उनके लिए शुरू की गई योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आज देश भर की 10 करोड़ बहनें स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। उनसे जुड़कर महिलाओं की कमाई हो रही है। बीते 10 वर्ष में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 8 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की मदद दी गई है। उन्होंने कहा मैं देशभर में स्वयं सहायता समूह की बहनों को भी कहूंगा आपकी भूमिका असाधारण है, आपका योगदान बहुत बड़ा है। आप सभी भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में जुटी हैं। श्री मोदी ने कहा कि आज लाखों बेटियों को बीमा एजेंट, बीमा सखी बनाने का अभियान शुरु हो रहा है यानी जिस सेवा का लाभ पाने से कभी वो वंचित रहीं, आज उसी सेवा से दूसरे लोगों को जोड़ने का जिम्मा उन्हें दिया जा रहा है। आजादी के 60-65 साल बाद भी अधिकतर महिलाओं के पास बैंक खाते नहीं थे, यानी महिलाएं बैंकिंग सुविधाओं से कटी हुई थीं। अब 10 वर्ष बाद, इसी पानीपत की धरती से बहनों-बेटियों के लिए बीमा सखी योजना का प्रारंभ हुआ है

**भाजपा ने बेटियों के सामने से हर बाधा को हटाने की ठानी**

प्रधानमंत्री ने कहा इसलिए हमारी सरकार ने सबसे पहले माताओं-बहनों के जनधन खाते खुलवाए। आज मुझे गर्व है कि जनधन योजना से 30 करोड़ से अधिक महिलाओं के खाते खुले हैं। नारी को सशक्त करने के लिए बहुत आवश्यक है कि उन्हें आगे बढ़ने के खूब अवसर मिलें, उनके सामने से हर बाधा हटे। जब नारी को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है, तो वो देश के सामने अवसरों के नए द्वार खोल देती हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक देश में ऐसे अनेक काम थे जो महिलाओं के लिए वर्जित थे। भाजपा की सरकार ने बेटियों के सामने से हर बाधा को हटाने की ठानी है। उन्होंने कहा, अभी यहां (पानीपत) देश की बहनों-बेटियों को रोजगार देने वाली बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया गया है। मैं देश की सभी बहनों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। श्री मोदी ने कहा कुछ वर्ष पहले मुझे, पानीपत से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू करने का सौभाग्य मिला था। इसका सकारात्मक प्रभाव हरियाणा के साथ-साथ पूरे देश में हुआ।

## आप ने 20 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची सोमवार को जारी की, जिसमें पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पटपड़गंज के बदले जंगपुरा से उतारा गया है जबकि हाल ही में पार्टी में शामिल हुए कोचिंग कारोबार से जुड़े शिक्षक अवध ओझा को पटपड़गंज से प्रत्याशी बनाया गया है। आप की ओर से जारी सूची में नरेला से दिनेश भारद्वाज, तिमारपुर से सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू, आदर्श नगर से मुकेश गोयल, मुंडका से जसबीर कराला, मंगोलपुरी से राकेश जाटव धर्मरक्षक, रोहिणी ह्यद्र प्रदीप मित्तल, चांदनी चौक से पुनर्दीप सिंह साहनी (सैबी), पटेल नगर से प्रवेश रतन, मादीपुर से राखी बिड़लान, जनकपुरी से प्रवीण कुमार, बिजवासन से सुरेंद्र भारद्वाज, पालम से जोगिंदर सोलंकी, जंगपुरा से मनीष सिसोदिया, देवली से प्रेम कुमार चौहान, त्रिलोकपुरी से अंजना पारचा, पटपड़गंज से अवध ओझा, कृष्णा नगर से विकास बग्गा, गांधी नगर से नवीन चौधरी (दीपू), शाहदरा से पदमश्री जितेंदर सिंह शंटी और मुस्तफाबाद से आदिल अहमद खान को उम्मीदवार बनाया गया है। आम आदमी पार्टी ने कुछ दिन पहले 11 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी।

## उपराष्ट्रपति को हटाने के लिए राज्यसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। 70 विपक्षी सांसदों ने प्रस्ताव पर दस्तखत किया है। इसमें इंडिया गठबंधन में शामिल सपा, टीएमसी शामिल हैं।

सूत्रों के हवाले से बताया कि अगस्त में भी राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ और विपक्षी नेताओं के बीच टकराव हुआ था। तब विपक्षी पार्टियों ने उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए जरूरी 20 सांसदों का समर्थन जुटा लिया था। हालांकि बाद में मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। संसद के बाहर कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा, मैंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में कभी इतना पक्षपाती सभापति नहीं देखा है। वे सत्ता पक्ष के सांसदों को नियम के विपरीत बोलने की छूट देते हैं, जबकि विपक्षी सांसदों को चुप कराते हैं। प्रमोद तिवारी बोले- केंद्र सरकार अडाणी को बचा रही है कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि मैं केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहा हूं कि उन्होंने सदन को कमजोर किया है। मैंने



आज तक नहीं देखा कि प्रश्नकाल में सरकार के सारे लोग खड़े हो जाएं और जवाब न आने दें। मेरा सवाल लगा हुआ था, लेकिन मुझे सवाल पूछने की इजाजत नहीं मिली। सदन में बीजेपी ने कांग्रेस की विदेशी फंडिंग का मुद्दा उठाया था शून्यकाल के दौरान भाजपा सांसदों ने कांग्रेस की विदेशी फंडिंग के मुद्दे पर चर्चा की मांग की। राज्यसभा में नेता जे.पी. नड्डा ने फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया-पेसिफिक संगठन और जॉर्ज सोरोस के बीच संबंधों को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि यह फोरम जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करना चाहता है और इसे राजीव गांधी फाउंडेशन से आर्थिक मदद मिलती है। कांग्रेस का कहना है कि बीजेपी अडाणी मामले से ध्यान भटकाना चाहती है, इसीलिए कांग्रेस पर विदेशी फंडिंग का आरोप लगा रही है।

## परिवहन निगम के कर्मचारियों का आठ प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ा

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के नियमित कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता 08 प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। अभी तक उनकों 38 प्रतिशत मंहगाई भत्ता मिलता था। अब उन्हें 46 प्रतिशत मंहगाई भत्ता मिलेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि परिवहन निगम में कार्यरत 15,843 नियमित कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। नये साल के पहले उनको प्रदेश सरकार की तरफ से एक बेहतरीन तोहफा दिया गया है। परिवहन मंत्री ने कहा कि 04 प्रतिशत मंहगाई भत्ते का अनुमोदन निदेशक मण्डल द्वारा प्रदान किया जा चुका है। मंहगाई भत्ता 46 से 50 प्रतिशत होने पर रिटायर होने वाले कर्मचारियों को ग्रच्युटी 20 लाख रुपये अधिकतम सीमा के स्थान पर 25 लाख रुपये तक मिल सकेगी।

## बच्चों के बीच हुए खिलौने के विवाद में भाई की पत्नी को उतारा मौत के घाट

**पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार**

समृद्धि न्यूज़

**गोंडा।** जनपद के कोतवाली देहात अन्तर्गत ग्राम पाण्डेय पुर में आपसी विवाद को लेकर एक महिला की हुई हत्या। स्थानीय चर्चा के मुताबिक दो भाईयों के परिवार के बीच में बच्चों के कहा सुनी में एक भाई ने दूसरे भाई की पत्नी को जान से मार दिया। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर दलबल संग बहुत गये और मामले की छानबीन शुरू कर दिया।

प्राप्त विवरण के अनुसार समृद्धि न्यूज की पत्रकार के द्वारा बताया गया एक प्लास्टिक के खिलौने को लेकर दो पक्षों में मारपीट की जिसमें नीलम



पत्नी मंसाराम सोनकर उम्र लगभग 45 की मौत हो गई। मृतका के तीन बच्चे हैं। बड़ा बेटा अंकित 14 वर्ष व दो बच्चे और हैं। मृतका का पति किसी काम से लखनऊ गया हुआ था जो देहात कोतवाली अंतर्गत ग्राम सरैया पूरे तिवारी के रहने वाले हैं उनसे दूसरे भाई की पत्नी सुमना देवी बहू प्रेमलता एवं बेटी वंदना ने मिलकर मारा जिससे नीलम की मौत हो गई। घटना के सम्बन्ध में पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ वर्मा ने बताया कि एक की मौत हो गई है तथा तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## संजय मल्होत्रा आरबीआई के नए गवर्नर नियुक्त

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग के सचिव संजय मल्होत्रा को भारतीय रिजर्व बैंक का नया गवर्नर नियुक्त किया गया है। श्री मल्होत्रा शक्तिकांत दास का स्थान लेंगे। श्री मल्होत्रा की नियुक्ति के बाद अब साफ हो गया है कि श्री दास को अब सेवा विस्तार नहीं मिला है। राजस्थान कैडर के 1990 वर्ष के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी श्री मल्होत्रा की नियुक्ति 11 दिसंबर 2024 से तीन वर्षों के लिए की गई है।उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने लगातार 11वीं बार नीति गत दरों को यथावत बनाए रखा है जिसमें आम लोगों विशेषकर घर, कार और व्यक्तिगत ऋण लेने वालों को कोई राहत नहीं मिली है। वित्त मंत्री सीतारमण और वाणिज्य और उद्योग संघों ने कई अवसरों पर ब्याज दरों में नरमी लाए जाने की आवश्यकता बता चुके हैं।

## वन नेशन-वन इलेक्शन को कैबिनेट से मंजूरी, इस सत्र में पेश हो सकता है बिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी बनाई गई थी। केंद्र सरकार संसद के मौजूदा सत्र में ही वन नेशन-वन इलेक्शन बिल पेश कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार इस बिल पर आम सहमति बनाना चाहती है, लिहाजा संसद से बिल को चर्चा के लिए जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के पास भेजा जाएगा।

जेपीसी इस बिल पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेगी। इसके अलावा सभी राज्यों की विधानसभाओं के स्पीकर और देशभर के बुद्धिजीवियों और अन्य स्टेकहोल्डर्स को भी इस प्रक्रिया में



शामिल किया जाएगा। आम लोगों की भी राय ली जाएगी। इससे पहले सितंबर में केंद्रीय कैबिनेट ने वन नेशन-वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि पहले फेज में विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होंगे। इसके बाद 100 दिन के भीतर दूसरे फेज में निकाय चुनाव साथ कराए जाएं। वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को एक पैनल बनाया गया था।

## दिल्ली के 40 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के करीब 40 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस के मुताबिक, सोमवार को ई-मेल भेजकर स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इन स्कूलों में आरके पुरम का दिल्ली पब्लिक स्कूल, पश्चिम विहार का जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, मदर मैरी स्कूल, ब्रिटिश स्कूल, सलवान पब्लिक स्कूल, कैम्ब्रिज स्कूल प्रमुख हैं। सभी स्कूलों में स्थानीय पुलिस के अलावा डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दल और दमकल अधिकारी पहुंचे। खबर लिखे जाने तक तलाशी अभियान जारी है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, ई-मेल में लिखा है- मैंने (स्कूल) इमारतों के अंदर कई बम लगाए हैं। बम छोटे हैं और बहुत अच्छी तरह से छिपाए गए हैं। इससे इमारत को ज्यादा नुकसान नहीं होगा, लेकिन बमों के फटने से कई लोग घायल हो जाएंगे।

## पीसीएस जे भर्ती 2018 में चयन से वंचित जान्हवी को नियुक्ति दे आयोग

समृद्धि न्यूज

**सेवा में वरिष्ठता सहित सेवाजन्य सुविधाओं की होगी हकदार : कोर्ट**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीसीएस जे 2018 की भर्ती में लोक सेवा आयोग की गलती से 475 के बजाय 473 अंक देने के कारण चयन से वंचित अनुसूचित जाति की जान्हवी को 2018 बैच में प्राप्त अंक के आधार पर सेवा वरिष्ठता के साथ खाली एक पद पर नियुक्ति देने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने कहा है कि याची बकाया वेतन के सिवाय सेवा जनित सभी सुविधाओं की हकदार होगी। कोर्ट ने कहा है कि नागरिक का अधिकार सर्वोच्च है। संविधान के अनुच्छेद 14 व 16 के तहत वह उम्मीद कर सकता है कि आयोग की चयन प्रक्रिया पारदर्शी, उचित व समान अवसर देने वाली होगी। चयन में मनमानी व अनुचित कार्य की उम्मीद नहीं की जा सकती। कोर्ट ने कहा किसी को हटाकर नियुक्ति का आदेश नहीं दिया जा सकता। क्योंकि 2018 बैच का एक पद खाली है, इसलिए याची को नियुक्ति पाने का अधिकार है। यह आदेश न्यायमूर्ति एसडी सिंह तथा न्यायमूर्ति डोनादी रमेश की खंडपीठ ने जान्हवी की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। आयोग ने 2018 मे पीसीएस जे की 610 पदो की भर्ती निकाली। इसके तुरंत बाद याची ने आरटीआई डाली और कापी निरीक्षण के बाद पता चला कि उसे दो अंक कम दिए गए हैं।

**संबोधन** — सीएम योगी ने 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान वय वंदना कार्ड वितरण समारोह में कहा

## हर नागरिक हो निरोग के लक्ष्य प्राप्ति की लिए सरकार प्रतिबद्ध

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि 'सशक्त भारत' के निर्माण के लिए स्वस्थ भारत का होना जरूरी है। उन्होने कहा कि 'स्वस्थ भारत' के लिए हर नागरिक की आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में केंद्र और प्रदेश की सरकार हर एक स्तर पर पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय रा'य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना हो या फिर



मुख्यमंत्री राहत कोष से जरूरतमंदों को भरपूर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के कार्य, यह सभी स्वस्थ भारत के जरिये सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में बढ़ाए गए कदम हैं। श्री योगी सोमवार को महंत दिग्विजयनाथ पार्क में 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान वय वंदना कार्ड वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। 19 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से वय वंदना कार्ड प्रदान किए और उनसे आत्मीय संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना और सुदीर्घ-स्वस्थ जीवन की कामना की। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले आजादी के बाद 70 सालों में प्रदेश में सिर्फ 12 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे जबकि आज डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश के 75 में से 65 जिलों में एक-एक मेडिकल कॉलेज की सौगात दे दी है। अकेले इस वर्ष 16 मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए गए। इनमें से 1× सरकारी और × पीपीपी मोड पर संचालित होंगे। इसके अतिरिक्त दो नए प्राइवेट मेडिकल कॉलेज भी शुरू हुए हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में आए बदलाव की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश में प्रतिवर्ष इंसेफेलाइटिस से बड़ी संख्या में ब'चों की मौत होती थी। 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार ने प्रभावी नियंत्रण के साथ बीमारी को समाप्त कर दिया है। 2017 के पहले जहां पूर्वी उत्तर प्रदेश में अकेला गोरखपुर का बीआरडी मेडिकल कॉलेज था, वह भी खुद बीमार रहा करता था। जबकि आज डबल इंजन की सरकार में गोरखपुर में एम्स खुल चुका है, बीआरडी मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी की सेवा शुरू हो चुकी है। पहले देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बस्ती, बलरामपुर, गोंडा और बहराइच में मेडिकल कॉलेज नहीं थे वहीं आज इन जिलों में भी मेडिकल कॉलेज बन गए हैं या बन रहे हैं।

# चीनी मिल की काली राख बनी शहरवासियों के जी का जंजाल



गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अरुण अवस्थी की अगुआई में शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन देकर निराकरण की मांग की गई। ज्ञापन में व्यापारियों ने अधिकारियों का ध्यानाकर्षण करते हुए कहा कि स्थानीय चीनी मिल की चिमनी से निकलने वाली काली राख बडी मात्रा में शहर क्षेत्र पर बारिश की तरह गिर रही है। जिस कारण लोगों को विभिन्न प्रकार की समस्याएं हो रही है। राखी से आम आदमी को आंख, सांस, दमा सहित कपडे खराब होने, घर की छतों, आंगन में खुले में खडे वाहनों पर गंदगी होने की समस्याएं उत्पन्न हो रही है। व्यापारियों ने कहा कि हालांकि इस संबंध में पूर्व में भी उनके द्वारा ज्ञापन दिए गए। लेकिन बिडंबना है कि अभी तक उक्त की रोकथाम के लिए कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जा सकी। यही नहीं मिल को आपूर्ति करने के लिए आए दिन मुख्य मार्गो से गुजरने वाली गन्ना गाडियां शहर के लोगों के लिए जाम की समस्या बनी हुई है।

**बांग्लादेश में कट्टरपंथी पर लगाया जाए अंकुश**

वर्तमान में बांग्लादेश में हिन्दुओं का उत्पीडने चरम सीमा पर है। हिन्दुओं के धार्मिक स्थानों को तोडा जा रहा है। तथा नरसंहार किया जा रहा है। व्यापारियों ने एसडीएम के माध्यम से केंद्र सरकार से अपील की है कि तत्काल प्रभाव से इसमें हस्तक्षेप करे, इसके बाबजूद भी वहां के कटटरपंथी नहीं मानते है तो भारत को सेना बल का प्रयोग करना अति प्रभावी होगा। इस मौके पर शुभम अग्निहोत्री, विनोद स्वर्णकार, प्रवीण गुप्ता, नरेन्द्र शुक्ला, किसन सोनी, अली हुसैन, आदित्य सहित तमाम व्यापारी नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पांच दिनों में बिजली रोस्टर न बदला तो होगा आंदोलन

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** भारतीय किसान यूनियन अमन संधू ने किसानों की फसल सिंचाई के लिए दिन में बिजली सप्लाई दिलाए जाने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन अमन संधू के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू ने बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन भेज देकर फसल की सिंचाई के लिए दिन के समय बिजली दिलाए जाने की मांग की है उनका कहना है कि गोला क्षेत्र के बांकेगंज, कोटवारा, रेहरिया, मैलानी, अलीगंज आदि में विद्युत सप्लाई दिन में दी जाए। क्योंकि वन रेंज गोला, भीरा, मोहम्मदी, मैलानी, महेशपुर में बाघ के हमले से कई जाने जा चुकी हैं। बाघ और जंगली जानवरों का आतंक पूरे क्षेत्र में बना हुआ है। जिससे किसान मजदूर रात को खेतों में नहीं जा सकते। अगर सिंचाई के कारण जाना भी पड़े तो जान जाने का खतरा लगातार बना रहता है। वन विभाग लगातार किसानों को अपील करता है कि किसान रात के समय खेतों में




बिल्कुल ना जाएं। इसलिए दिन के समय विद्युत सप्लाई दी जाए जिससे दिन में किसान अपनी फसल सिंचाई कर सके। चेतावनी दी गई है कि उपरोक्त समस्या का समाधान 5 दिन के अंदर नहीं किया जाता तो मजबूर होकर भारतीय किसान यूनियन अमन संधू अधिशासी अभियंता विद्युत खंड गोला के कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू, जिला अध्यक्ष हरदेव सिंह पप्पू, उत्तम यादव, युवा जिला उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह, गोला विधानसभा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, विधानसभा उपाध्यक्ष रोहित वर्मा, मस्तान सिंह, मनीष गुप्ता आदि किसान मौजूद थे।

## बाबा साहब की मूर्ति को अराजक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त



**घटना की पुलिस ने शुरू की जांच-पड़ताल**

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।

तहसील क्षेत्र थाना नीमगांव के ग्राम बड़हरिया में पुनः बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को अराजक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। बाबा साहब की मूर्ति को क्षतिग्रस्त किए जाने की सूचना पर तत्काल प्रभाव से पूर्व सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता जुगल किशोर ने घटनास्थल पर जाकर जायजा लेते हुए तत्काल प्रभाव से अराजक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की। साथ ही बाबा साहब की क्षतिग्रस्त मूर्ति को तत्काल प्रभाव से निर्मित कराया गया। ज्ञात हो कि पूर्व में ग्राम पंचायत बढ़रिया मे अराजक तत्वों द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को क्षतिग्रस्त किया गया था। उस समय पूर्व राज्यसभा सांसद ने अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध थाना नीमगांव में अभियोग पंजीकृत करते हुए मूर्ति को निर्मित कर दिया गया था। अंबेडकर पार्क की भूमि की भी पैमाइश करवा दी गई थी किंतु पुलिस द्वारा अराजक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही न किए जाने के चलते पुनः अराजक तत्वों ने बाबा साहब की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया। समाज में विरोधाभास उत्पन्न कराए जाने को लेकर अराजक तत्वों द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह एवं थाना प्रभारी निरीक्षक घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए अराजक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया गया।

## जमीनी विवाद में हुए लड़ाई झगड़े में पुलिस ने किया शांतिभंग में चालान

**लखीमपुरखीरी।** जमीनी विवाद में हुए लड़ाई झगड़े में थाना फूलबेहड़ की पुलिस ने शांति भंग में चालान कर दिया। आपको बता दें कि थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुथरी में आपसी लड़ाई झगड़ा और जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर दी गई थी। आरोप है कि पुलिस ने स्थानीय एक नेता के हस्तक्षेप से पीड़ित का ही शांति भंग में चालान कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि थाना फूलबेहड़ पुलिस नेता के इशारे पर अपना काम कर रही है जिससे पीड़ित थाना फूलबेहड़ में न्याय नहीं पा रहे हैं। पीड़ित धीरेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया कि पुलिस एकतरफा कार्रवाई करने का काम कर रही है। पीड़ित ने बताया कि पांच दिसंबर को मेरी पत्नी सीतू देवी को मेरी भाभी किरन देवी, भतीजी हिमांशी और सपना ने मिलकर मारा पीटा था जिनकी तहरीर छह दिसंबर को थाना कोतवाली फूलबेहड़ में दी गई थी लेकिन पुलिस ने एक रिश्तेदार के कहने पर मेरी कोई सुनवाई नहीं की और विपक्षी पार्टी से मिलकर मेरा ही शांति भंग में चालान कर दिया। मेरा विवाद जमीन को लेकर था मेरी माता लल्ली देवी के नाम से जो जमीन है उस पर कर्ज था जिसको मेरे द्वारा अदा किया गया है उसके बाद मुझे जमीन नहीं मिल रही है इसी बात को लेकर घर पर विवाद हुआ था लेकिन पुलिस विपक्षी पार्टी से मिलकर मेरा ही शांति भंग में चालान कर दिया है।

## भारत को जानो प्रांतीय प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर वर्गों में गोला के बच्चे अव्वल

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

भारत विकास परिषद नैमिष प्रांत के तत्वाधान में भारत को जानो प्रांतीय परीक्षा जे. के. पब्लिक स्कूल हरदोई में आयोजित की गई। प्रांत की सभी टीमों को पीछे छोड़ते हुए गोला शाखा की जूनियर एवं सीनियर दोनों टीमों ने प्रांत स्तर की इस क्विज परीक्षा में बाजी मार कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में कुश शुक्ला एवं लक्ष्य प्रजापति की टीम प्रथम रही, वहीं सीनियर वर्ग में आराध्या वर्मा एवं जोहा परवीन प्रथम स्थान पर रही। जूनियर एवं सीनियर वर्ग के विजेता बच्चे श्री राजेंद्र गिरि



मेमोरियल एकेडमी गोला के विद्यार्थी है। विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से गोला शाखा के अध्यक्ष डॉ. आदर्श दीक्षित, विद्यालय के प्रधानाचार्य मुदित शाह एवं शिक्षक संगम गुप्ता हरदोई में मौजूद रहे। गोला शाखा के अध्यक्ष डॉ. आदर्श दीक्षित ने बताया कि अब जूनियर एवं सीनियर के इन विजयी प्रतिभागियों को क्षेत्रीय स्तर की भारत को जानो प्रतियोगिता जो कि 22 दिसंबर को इटावा में आयोजित होगी, उसमें प्रतिभाग करना होगा। गोला शाखा के सचिव सुनील गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास मिश्रा, उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा, परविजय सिंह, अनिरुद्ध गुप्ता, डॉ. विनोद वर्मा, संरक्षक डॉ. सौरभ दीक्षित, पूर्व अध्यक्ष गुरुदेव शर्मा, रवि सक्सेना, पंकज बाजपेई, डॉ. शिवेन्द्र अवस्थी, राहुल शुक्ला, कर्म सिंह, रीशू माहेश्वरी ने बच्चों को आर्शीवचन दिए।

## आग से दो किसानों की तीन एकड़ की गन्ना फसल जली

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** ग्राम रोशननगर में अज्ञात कारणों से दो किसानों के खेत में खडे तीन एकड़ से अधिक की फसल जल गई। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रोशननगर में सोमवार को दोपहर अचानक ग्राम प्रधान संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष अनूप चंद वर्मा का दो एकड़, प्रेमचंद्र वर्मा का एक एकड़ गन्ना जल गया। जिससे उन्हें काफी आर्थिक क्षति हुई। बता दें कि दो दिन पूर्व भी अनूप चंद वर्मा का लगभग दो बीघा गन्ना जल गया था। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है। पीडित का आरोप है कि रंजिशन उनके गन्ने में आग लगाई गई है।

## रंजिशन छप्परपोस घर में आग लगाने का आरोप, कार्रवाई की मांग

बिजुआ-खीरी, समृद्धि न्यूज़।

भीरा थाना क्षेत्र के जगन्नाथ टांडा निवासी एक ग्रामीण ने रंजिशन उसके घर में आग लगाने का आरोप लगाया है। आग लगने से सोना, चांदी समेत नगदी भी जलकर राख हो गई है। जगन्नाथ टांडा निवासी खुशीराम पुत्र छब्बा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि सात दिसंबर की देर रात उसके छप्परपोस घर में पुरानी रंजिश के चलते एक ग्रामीण ने आग लगा दी।

आरोप है कि कई बार उक्त ग्रामीण उसको धमकी देता था और उसने ही आग लगाई है जिससे पीड़ित व पीड़ित के पुत्रों समेत तीन घर जले हैं। आग लगने घर में रखे सोना-चांदी के जेवरात समेत नगदी व घर में रखी



दैनिक उपयोगी सभी वस्तुएं जलकर राख हो गई।

पीड़ित ने मामले में नामजद तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है। घर जलने के बाद उक्त परिवार भी सड़क पर आ गया है। मामले में ग्रामीणों ने भी जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## श्रीराम लीला मेला के अंतर्गत आदर्श सामूहिक विवाह आयोजित

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।

निघासन के झंडी रोड स्थित नंदीश्वर बाबा स्थान पर चले रहे श्री राम लीला मेला के अंतर्गत आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ। आदर्श सामूहिक विवाह में गायत्री परिवार के दयाशंकर, गूना देवी ने सनातनी परंपरा से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विवाह करवया, वहीं गायत्री परिवार के कार्यकर्ता रविन्द्र यादव ने बताया कि विवाह एक ऐसा स्वैच्छिक बंधन है जिसमें वर, वधू, आज से बंधकर पति पत्नी के रूप में एक हो जाते हैं यह विवाह दो आत्माओं का संगम है। शरीर तो दो हैं पर आज से पति पत्नी दोनों को आत्मा मिलकर एक हो गई।



इस आदर्श सामूहिक विवाह में पंकज कुमार इमलिया संग, गीतांजली हथियाबोझ, मुकेश कुमार चंदनपुरवा संग पुष्पा देवी ठाकुरपुरवा, संतोष कुमार भजनपुरवा संग लवली मौर्या नैनानपुर परौरी, सुधीर कुमार बसहा पतरासी संग पंछी सेमरापुरवा, मुकेश कुमार छीटनपुरवा संग रोहिणी गुलरीपुरवा, वीरू परागीपुरवा संग अनीता सुजानपुर, श्यामू चिल्लपुरवा संग रूपा देवी रामनगर धौरहरा, चन्दन बिनौरा संग राधा धानुक जम्हौरा, दीपू धौरहरा संग सुमन देवी धरौरा बख्शी तालाब लखनऊ जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर एक हुए।

इस सामूहिक विवाह के आयोजक के.के. मौर्या (मेला कमेटी महामंत्री) ने बताया कि यह आदर्श सामूहिक विवाह सभी क्षेत्रवासियों के सहयोग से संपन्न हुआ है।

## किसान बिचौलियों को धान कम दाम में बेचने को मजबूर

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** सरकार द्वारा धान की खरीदी के लिए बनाए गए क्रय केंद्रों की कमी के कारण किसान अपनी उपज बिचौलियों को औने-पौने दाम पर बेचने को विवश हो रहे हैं। यह स्थिति किसानों की मेहनत पर सीधा असर डाल रही है और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ उन तक पहुंचाने में असफल साबित हो रही है। धान की फसल कटाई के बाद मंडियों में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है, लेकिन क्रय केंद्रों की कमी और उनके संचालन में देरी ने किसानों को भारी नुकसान की ओर धकेल दिया है। किसान अपनी उपज लेकर घंटों मंडियों में इंतजार करते हैं, लेकिन खरीद प्रक्रिया में देरी और केंद्रों पर अव्यवस्था की वजह से उनकी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इलाकों में क्रय केंद्र पर्याप्त संख्या में नहीं हैं। जो केंद्र मौजूद हैं, वे भी कागजी कार्यवाही और तकनीकी खामियों के चलते किसानों को निराश कर रहे हैं। रेहराबाजार के किसान शेषराम, हनुमान प्रसाद वर्मा राम बचन,उदयभान,तित्तीर, भरोसे, राधेश्याम श्रीवास्तव व गंगाराम कहते हैं, कि धान क्रय केन्द्र नहीं होने से मजबूरी में हमें बिचौलियों को 1500 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब



से धान बेचना पड़ा, जबकि सरकार ने 2300 व ग्रेट ए 2320 रुपये प्रति क्विंटल का वादा किया था। इसी तरह सादुल्लानगर के किसान रघुवीर, सुधाकार, बलवंत, मनोज, नंदकिशोर, रमेश व विदेश्वरी प्रसाद धान क्रय केन्द्र नहीं होने से आखिरकार उन्हें धान 1700 रुपये प्रति क्विंटल में बेचना पड़ा। किसानों ने सरकार से मांग की है कि अधिक से अधिक क्रय केंद्र खोले जाएं और उनकी संचालन प्रक्रिया को सुगम बनाया जाए। साथ ही, बिचौलियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए ताकि किसान को उसका उचित हक मिल सके। उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि धान क्रय केन्द्र खुलवाने का हमारे स्तर का नही है।

## शहीदी दिवस पर याद किए गए पं. अमर शहीद राज नारायण मिश्र

लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।

ब्राह्मण परिवार सेवा समिति लखीमपुर-खीरी के पदाधिकारियों द्वारा अमर शहीद पंडित राज नारायण मिश्र के 80वें शहीदी दिवस पर लखीमपुर-खीरी में कार्यक्रम का आयोजन कर पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

ब्राह्मण परिवार सेवा समिति जिला अध्यक्ष अवधेश मिश्र ने अमर शहीद राज नारायण मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण राष्ट्रगान में भाग लेकर गोष्ठी में आए लोगों को सम्बोधित किया वही जिलाअध्यक्ष अवधेश मिश्रा ने पंडित राज नारायण मिश्र को नमन करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। अवधेश मिश्रा ने कहा कि पंडित अमर शहीद राज



नारायण मिश्रा की फांसी लखनऊ जेल कारागार में 9 दिसंबर सन 1944 में दी गई थी। इस अवसर पर ब्राह्मण परिवार सेवा समिति के जिलाध्यक्ष अवधेश मिश्रा, संरक्षण मंडल उमेश पाण्डेय, अनिल मिश्रा, शशि सर अवस्थी, प्रेम प्रकाश बाजपेई, विजय अवस्थी, विजय मिश्र उर्फ राजू, विनोद मिश्रा, उपाध्यक्ष एडवोकेट गणेश शंकर, प्रभाकर शर्मा, मधुरेश शर्मा, धर्मेंद्र बाजपेई, ब्रह्म शुक्ला, सुनील पाठक, उमेश दीक्षित, संगठन मंत्री प्रशांत त्रिवेदी गड्डू, मीडिया प्रभारी रवि पाण्डेय, शत्रोहन अवस्थी, कोषाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## सदस्य राज्य महिला आयोग आज करेगी जनसुनवाई

**बलरामपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि अंजू प्रजापति, मा. सदस्य, राज्य महिला आयोग, उप्र लखनऊ द्वारा दिनांक 11.12.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे विकास भवन सभागार, बलरामपुर में महिला जनसुनवाई करेंगी, तत्पश्चात् महिला बन्दी गृह. बालिका/महिला गृहों व आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण भी करेंगी एवं विकास खण्ड सदर बलरामपुर में श्रम विभाग, सामाज कल्याण विभाग, दिव्यागंजन सशक्तीकरण विभाग, महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित योजनाओं का स्टॉल भी लगाया जायेगा।

## तीसरे क्वॉर्टर फाइनल में सीवान विजेता

**चौथे क्वॉर्टर फाइनल में लखनऊ व गौरीफंटा की टीम बराबरी पर**

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

स्वर्गीय श्री राजेंद्र गिरी स्मारक स्टेडियम में स्वर्गीय अरविन्द गिरी जी की स्मृति में चल रहे आल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट सोमवार को पांचवे दिन टूर्नामेंट का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। जिसमें सीवान (बिहार), बालाघाट (मध्य प्रदेश) के मध्य खेला गया। जिसमे सीवान की टीम 02-00 से विजय रही। मैच के मुख्य अतिथि रोटरी



क्लब गोला के अभिषेक राजपूत, योगेश वर्मा, चंदन सेठी, दिनेश गुप्ता दिन्नू आदि ने खेल मैदान पर खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। आज का दूसरा तथा टूर्नामेंट का चौथा क्वार्टर फाइनल मैच स्पोर्ट कॉलेज लखनऊ और गौरीफंटा के मध्य खेला गया। जिसमे बहुत ही रोमांचक और कड़े मुकाबले के बाद 2-1 से गौरीफंटा बढ़त बनाए रही। मैच के मुख्य अतिथि के टूर्नामेंट आयोजक अमन गिरी विधायक गोला, साधन सहकारी समिति मनोज मिश्रा जड़ौरा अध्यक्ष करपाल गिरी अध्यक्ष गोला अवधेश वर्मा जलालपुर अध्यक्ष विनीत पाण्डेय अलीगंज अध्यक्ष रामसिंह वर्मा लंदनपुर ग्रंट पंकज वर्मा अध्यक्ष अजान आशीष मिश्रा जड़ौरा प्रधान जनार्दन गिरी अध्यक्ष टूर्नामेंट धर्मेंद्र गिरी (मोंटी) सचिव तथा पंकज गुप्ता ज़ैनुद्दीन अंसारी (शब्बू) कफील अहमद भोली गिरी रामगुलाम पांडेय, कमाल अफसर मनोज अय्यूब खान पूर्व सभासद दानिश राइन आमीन अंसारी आदि मौजूद रहे। मंगलवार को दो क्वार्टर फाइनल मैच खेले जायेंग। जिसमें सीवान विहार गौरीफंटा मध्यप्रदेश स्पोर्ट कॉलेज लखनऊ की टीमें प्रदर्शन करेगी।

## एकमुश्त समाधान योजना के तहत निकाली जागरूकता रैली

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश के विद्युत वितरण निगमों में समस्त विद्युत भार के घरेलू, वाणिज्यिक, निजी संस्थान, सहित औद्योगिक श्रेणी के विलंबित अधिभार में छूट योजना के तहत उपभोक्ताओं को दिनांक 30.9.2024 तक के मूल बकाए का 30फीसद पंजीकरण राष्ट्रीय रूप में जमा करना होगा। पात्र उपभोक्ताओं द्वारा इस योजना में पंजीकरण कराने हेतु प्रथम चरण दिनांक 15.12.24 से 31.12.24 तक, द्वितीय चरण 01.01.24 से 15.01.25 तक, तृतीय चरण 16.01.25 से 31.01.25 तक कराना अनिवार्य है। जिसके क्रम में निघासन उपखंड अधिकारी रवेंद्र कुमार सिंह यादव के




नेतृत्व में उपभोक्ताओं को एकमुश्त योजना के लाभ के लिए एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में निघासन एसडीओ विकास यादव सहित राहुल कुमार, रकेहटी कस्बे के उपभोक्ता देवेंद्र कुमार, रमेश चंद्र तिवारी, बबलू राजा, सतीश कुमार गुप्ता, मोहम्मद रफीक इदरीशी, सहित बिजली विभाग के कर्मचारी रामनिवास मौर्य, जयप्रकाश, उत्तम कुमार, मीटर रीडर राधेश्याम, मनमोहन, शैलेश यादव सहित कस्बे के गणमान्य लोगों ने जागरूकता रैली में भाग लिया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबंधक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से एकल ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **क्र.सं.1. ई-निविदा सूचना संख्या एवं निविदा कार्य का विवरण: टेंडर नं.: "34-जीकेपी-एमडब्ल्यूएस-2024-25"** "कन्वर्जन ऑफ हमसफर कोचेज फ्रॉम रेक फॉर्मेशन टाइप एफएसडीएस टू स्टैन्डअलोन टाइम एमएसडीएस विद ब्रेकिंग फीचर कोचेज सैनरॉक मेक ऐज पर बीओ आरएसपी ला बुक नं. 711/24-25 इन ऐलोकेशन-कैप"; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹60,51,040/- ; **धरोहर राशि (₹ में):** ₹1,21,000/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹शून्य; **निविदा समापन की तिथि एवं अवधि:** 07.01.2025 को 11:00 बजे।; **संविदा की अवधि:** 12 माह। उपरोक्त ई-निविदाओं का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या "http://www.ireps.gov.in पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य
मुजाधि/यांत्रिक-87 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# तैयारी : स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं आर्थिक रूप से होंगी सशक्त

▸ ग्रामीण आजीविका मिशन व पशुपालन विभाग मिलकर करेगा काम



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा प्रदेश में दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़ी ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूह एवं अन्य सामुदायिक संस्थाओं के माध्यम से संगठित करते हुए सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को कृषि एवं गैर-कृषि आधारित आजीविका से जोड़ते हुए उन्हें लखपति महिला बनाने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है एवं विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़ा जा रहा है ताकि वे सालाना कम से कम एक लाख या उससे अधिक की आय अर्जित कर सकें।

ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है, पशुपालन विभाग एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए संयुक्त रूप से कार्य किया जाएगा, जिसके अंतर्गत पशुपालन विभाग द्वारा पशुधन विकास,पशु स्वास्थ्य एवं उद्यमशीलता प्रोत्साहन संबंधी संचालित योजनाओं में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार जोड़े जाने का निर्णय लिया गया है। पशुपालन विभाग की बकरी पालन योजना हो, भेड़ पालन योजना हो, कुक्कुट पालन, राष्ट्रीय पशुधन मिशन या फिर बैक्यार्ड पोल्ट्री योजना हो इन सभी योजनाओं से ग्रामीण महिलाओं को जोड़ते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया जाएगा।

### महिलाओं को लाभान्वित किए जाने की असीम संभावना

राष्ट्रीय पशुधन मिशन अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लाभान्वित किए जाने की असीम संभावना है एवं इस कार्यक्रम अंतर्गत समूह सदस्यों द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश निर्गत किये गये हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त ने मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि मिशन अंतर्गत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं को नियमानुसार पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर समिति गठित करते हुए इस पर गहनतापूर्वक कार्य किया जाए। मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि पशुपालन एवं ग्राम्य विकास विभाग की समन्वय बैठक कर निर्धारित योग्यतानुसार समूह सदस्यों को प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जाने एवं उन्हें इस कार्य हेतु प्रशिक्षित करने के भी प्रबंध करने हेतु निर्देशित किया गया है। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जीएस प्रियदर्शी ने मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह शासन द्वारा दिए गए निर्देशों को अक्षरशः अनुपालन कराये।

## एसजीपीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में हाई डिपेंडेंसी यूनिट शुरू

**लखनऊ।** लखनऊ के संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर की तीसरी मंजिल पर सोमवार को 12 बेड के हाई डिपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू) की शुरुआत हुई। निदेशक प्रो. आरके धीमन ने फीता काटकर इस यूनिट का इनॉगरेशन किया। साथ ही इसी विंग में सेमिनार रूम का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में आने वाले गंभीर हड्डी रोगियों के इलाज में इस एचडीयू सेल का उपयोग किया जाएगा। इन बेड के बनने से बड़ी संख्या में ऑर्थोपेडिक के मरीजों को फायदा मिलेगा। विभाग के प्रमुख डॉ. पुलक शर्मा ने बताया कि हाई डिपेंडेंसी यूनिट अत्याधुनिक तकनीक और संसाधनों से लैस है। क्रिटिकल केयर मेडिसिन यानी गहन चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता वाले रोगियों के लिए मॉनिटरिंग और सुपरविजन में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। इससे मरीजों को बेहतर इलाज मिल सकेगा। इस दौरान एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी डॉ.अरुण श्रीवास्तव, एएमएस एटीसी डॉ.आर हर्षवर्द्धन समेत कई स्टॉफ मौजूद रहे।

# बुनियादी योजनाओं को घर-घर पहुंचा रही है भाजपा सरकार : सुरेश खन्ना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/शाहजहांपुर।** सोमवार को यूपी के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने नगर पंचायत प्रशासन द्वारा कराए गए विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया।

सोमवार की दोपहर कस्बे में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण करने पहुंचे मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने स्टेट हाईवे बस अड्डे के पास नगर पंचायत द्वारा दस लाख की लागत से बनाया गया प्रधानमंत्री महिला सुविधा केंद्र एंव पुलिस महिला साहयता केंद्र का सर्वप्रथम लोकार्पण कर शुभारम्भ किया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक हरिप्रकाश वर्मा, विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता भाजपा जिला अध्यक्ष के.सी. मिश्रा पूर्व विधायक शरद्वीर सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष शिवानी वर्मा भाजपा जिला महामंत्री अनिल गुप्ता ब्रज क्षेत्र क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा चंद्रेश गुप्ता मौजूद रही। जिसके बाद श्री खन्ना बस स्टेशन से चौराहे तक पैदल भ्रमण किया तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नगर पंचायत प्रांगण मे स्थित 5 योजनाओं के अन्तर्गत 3 करोड़ 18 लाख रूपए की लागत से 45 परियोजनाओं का लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे वह उनके द्वारा बटन दबाकर एक साथ लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया गया। पूर्व सरकारों ने जनता की मानसिकता मे भ्रम फैलाया है। पहले क्षेत्र का जनप्रतिनिधि जीत कर गांव मे जाता था और गांव मे विकास कार्य हेतु तो गांव के लिए कहते थे विकास हो या न हो सड़कें बने या न बने लेकिन शस्त्र बनने चाहिए सभी के शस्त्र बनवा दो लेकिन आज भाजपा की सरकार में जनता शस्त्र नहीं सड़के आदि विकास चाहती है। सड़क नाली साफ सुथरी परियोजनाओं का लाभ चाहता है। हर बुनियादी योजनाओं को भाजपा सरकार घर-घर पहुचा रही है। चार करोड प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास मिल चुके है। अब तीन करोड आवास देने का ऐलान किया वह बनेगे। श्री खन्ना द्वारा सरकार की बुनियादी विकास कार्यो की चर्चाए की विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि कोलाघाट पुल जो जिस सरकार मे बना वह कुछ दिन भी नही चला अब जनता को नया पुल मिला है। अगर पहले पुल अच्छा बना होता तो जनता को इतनी परेशानी न उठानी पडती। 2017 से आज की स्थिति बहुत बहतर है दिन प्रतिदिन विकसित हो रहा है। कार्यक्रम मे पूर्व विधायक शरदवीर सिंह ने कहा कि नगर पंचायत अल्हागंज मे एक युवा चेयरमैन द्वारा लगातार विकास किया जा रहा है।



## खबरें एक नजर में

### साली की हत्या कर इंस्टाग्राम पर शेयर किया वीडियो

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में साली का सिर कूंचकर हत्या करने का वीडियो सोमवार को सामने आया। इसे आरोपी जीजा ने अमृता के इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। इसमें गाना लगाया-हरदम याद करेंगे तुझको चाहने वाले। मारपीट में घायल युवती की इलाज निजी अस्पताल में चल रहा था। उसकी इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई थी। अमृता बिहार की रहने वाली थी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन चंदा जुटाकर बिहार से लखनऊ पहुंचे। मां सुमेरा देवी का कहना है कि 5 महीने पहले बुलेट ने पत्नी आशा को बिहार छोड़ गया। छोटी बेटी अमृता को घुमाने के बहाने लखनऊ लेकर आया था। बुधवार को किसी बात पर वह अमृता को बेरहमी से पीटा। पड़ोसियों के पहुंचने पर धमकी देते हुए भाग गया। पड़ोसी ने चोटिल अमृता को अस्पताल में भर्ती कराया था। जीजा के खिलाफ आशियाना थाने पर नामजद शिकायत की थी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर हत्यारे जीजा की तलाश कर रही है।

### पिता की डांट पर किशोरी ने जान दी, लगाई फांसी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में पिता की डांट से आहत किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर पीजीआई रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि गांव पतवन, थाना बबेरु, जनपद बांदा के रहने वाले राजू वाल्मीकी परिवार के साथ किराए पर गोलू चौराहे के पास एल्डिको आश्रय कॉलोनी में रहते हैं। राजू साफसफाई का काम करते हैं। बीती रविवार रात किसी बात पर पिता ने बच्ची को डांट दिया था, जिसने गुस्से में रात करीब 11 बजे बाथरुम के अंदर लगे लोहे के राड में दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों से सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी को ट्रॉमा सेंटर टू पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल को अस्पताल ले जाते समय किसी ने उसकी जेब से 50 हजार रुपए भी निकाल लिए। पीड़ित का कैंट स्थित कमांड अस्पताल में इलाज चल रहा है। परिजनों ने रविवार शाम पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिटायर्ड सूबेदार सुशील कुमार परिवार संग चरण भट्टा रोड पर स्थित मधुबन विहार कॉलोनी में रहते है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 2 दिसंबर की रात करीब साढ़े 8 बजे बेटा आकाश सिंह अपनी बाइक से अवध विहार वृंदावन सेक्टर-14 से घर की ओर आ रहा था। उसके पास 50 हजार रुपए कैश थे। फ्लाई ओवर के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मारी, जिससे बेटा गंभीर घायल हो गया। इधर, इंस्पेक्टर पीजीआई रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### मायके से नहीं आई पत्नी, पति ने की आत्महत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** धर्मानंद वर्मा परिवार के साथ हसनापुर गांव में रहते थे। उन्होंने बताया कि बेटा भूपेंद्र वर्मा (30) ने पत्नी कामिनी और उसके ससुराल वालों द्वारा अपमानित किए जाने के कारण पंखे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। भूपेंद्र रविवार को पिता के साथ बाराबंकी जनपद के चकसार में पत्नी कामिनी को बुलाने गया था। उसने आने से मना कर दिया। मृतक की डेढ़ साल की एक बेटी है जो अपने दादा दादी के पास रहती है। कामिनी बीते दो महीने से अपने मायके में रह रही। इंस्पेक्टर गोसाईगंज बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि दोनों की शादी 2020 में हुई थी। एक एफडी है जो एक महीने बाद पूरी होने वाली है। पिता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पत्नी कामनी, ससुर प्रदीप, चाचा और उनके दो लड़कों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

### पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर कलाम की प्रतिमा का अनावरण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** तीन साल पहले लखनऊ कमिश्नर रोशन जैकब से डॉक्टर कलाम यूनिवर्सिटी के सामने स्थित चौराहे का नाम बदलकर कलाम चौराहा रखने के साथ एक भव्य प्रतिमा लगाने का अनुरोध किया गया था। महासमिति के महासचिव विनय कृष्ण पाण्डेय के लगातार प्रयासों के बाद सोमवार को क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर योगेश शुक्ला के साथ मिलकर डॉ. कलाम की प्रतिमा का अनावरण किया गया।

### सनातन धर्म में दो हाथ से भक्ति होती है : पं. गोविंद मिश्रा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ज्ञान की प्राप्ति सत्संग और कथा से होती है, इसलिए व्यक्ति को साधन बढ़ाने के साथ-साथ साधना भी बढ़ानी चाहिए, अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। विश्वनाथ मन्दिर के 33वें स्थापना दिवस के मौके पर श्रीरामलीला पार्क सेक्टर-'ए' सीतापुर रोड योजना कालोनी में चल रहे शिव पुराण कथा के दूसरे दिन सोमवार को कथा व्यास पं. गोविंद मिश्रा ने कहा कि भगवान शिव की प्राप्ति के लिए तीन साधन श्रवण, कीर्तन, मनन बताया गया है।

# भाजपा तपस्या पर खड़ा हुआ संगठन : स्वतंत्र देव

▸ पीएम की जनसभा सफल बनाने को कमर कस लें कार्यकर्ता



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 13 दिसम्बर को होने वाली जनसभा को सफल बनाने के लिए भाजपा संगठन की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने प्रयागराज पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि पीएम मोदी की जनसभा को सफल बनाने हेतु कार्यकर्ता कमर कस लें।

सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय में प्रयागराज महानगर के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों तथा सभी 15 मंडलों के मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रभारियों तथा पार्षदों के साथ हुई बैठक में स्वतंत्र देव सिंह ने बारी-बारी से सभी से जनसभा में पहुंचने वाली अपेक्षित संख्या एवं वाहन इत्यादि की व्यवस्था को लेकर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो भी महानगर, मंडल पदाधिकारी पीएम के कार्यक्रम में लगे हैं वे पूरी तन्मयता गम्भीरता से व्यवस्था को संभालें। उन्होंने युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा भी अपनी तैयारी पूरी रखने को कहा। पार्षदों के साथ बैठक करते हुए स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी सबकी है। बैठक के दौरान पार्षदों से उनके वार्ड से जनसभा में पहुंचने वाली अपेक्षित संख्या के बारे में पूछा गया।

स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि आज पीएम मोदी के मजबूत नेतृत्व की वजह से भारत एक सशक्त राष्ट्र के रूप में विश्व में अपनी पहचान बना चुका है। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद पीएम पहली बार महाकुम्भ क्षेत्र में आ रहे हैं इसलिए उनका कार्यक्रम ऐतिहासिक हो, ऐसा संगठन का प्रयास होना चाहिए। भाजपा तपस्या पर खड़ा हुआ संगठन हैस्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भाजपा तपस्या के बल पर खड़ा हुआ संगठन है। पार्टी कार्यकर्ता अनुशासित तरीके से पीएम के कार्यक्रम को सफल बनाने में लग जाएं। सपा सरकार में दिन के 12 बजे निकलना मुश्किल था। आज भाजपा सरकार में रात 12 बजे भी एक महिला निर्भय होकर निकलती हैं। जब तक हम एक हैं तभी तक विरोधी चुप हैं। बैठक में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि पीएम की जनसभा को हम सभी को सफल बनाना है। महानगर प्रभारी महेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री की जनसभा में हर वर्ग को लेकर चलना है। इसके लिए घर घर सम्पर्क का प्रयास होना चाहिए।

## राज्यपाल आनंदीबेन ने की विकास कार्यों की समीक्षा तीन घंटे चली बैठक

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर जिले में चल रहे तमाम विभागीय विकास कार्यों की समीक्षा की। यह बैठक करीब तीन घंटे तक चली, जिसमें जिले के अधिकारियों से उन्होंने विस्तारपूर्वक मंथन किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस बैठक में लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल, जिला अधिकारी (डीएम), सांसद के प्रतिनिधि, और विभिन्न विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहे। राज्यपाल ने जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति और उनकी समस्याओं पर चर्चा की। राज्यपाल ने समीक्षा के दौरान विकास कार्यों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को समय पर पूरा करें। गुणवत्ता पर विशेष निर्माण और विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। जनता से संबंधित समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार पर होगा बड़ा प्रदर्शन, जुटेगें 50 हजार लोग

समृद्धि न्यूज

▸ पदाधिकारियों ने पूरी की प्रदर्शन की तैयारी

**लखनऊ।** बांग्लादेशी हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति ने मंगलवार अर्थात दस दिसम्बर को लखनऊ विश्वविद्यालय के मैदान में पचास हजार लोगों के पहुंचने का आह्वाहन किया है। बांग्लादेश में हिन्दुओं के नरसंहार के विरोध में लखनऊ में यह अभी तक का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन होगा। बांग्लादेशी हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति के तमाम कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने बड़े प्रदर्शन की तैयारी पूरी कर ली है। संघर्ष समिति में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे आकाश मिश्रा और उनके साथियों ने बताया कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार जारी है।

हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरूद्ध देशभर में प्रदर्शन हो रहे है। इसी में उत्तर प्रदेश की राजधानी में लखनऊ विश्वविद्यालय के खेल मैदान में अपराह्न दो बजे के करीब प्रत्येक हिन्दू को पहुंचने का आह्वाहन किया गया है। आकाश ने कहा कि राष्ट्र हित चिंतकों के समूह ने बांग्लादेशी हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति गठन किया है। ये समिति बड़े प्रदर्शन के बाद भी चुप नहीं बैठेगी और हिन्दुओं पर अत्याचार नरसंहार रूकने तक संघर्ष करेगी।

इसी क्रम में लखनऊ में कुछ स्थानों पर विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम हुए है। फिर भी एक बड़े विरोध प्रदर्शन की जरूरत है, जिसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में होने जा रहे विरोध प्रदर्शन में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी पहुंचने के लिए कहा गया है। पूरे प्रदर्शन के दौरान हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों को भी अपने संगठन के लोगों तक प्रदर्शन की जानकारी देने के लिए आग्रह किया गया है। बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री को आगे बढ़कर हिन्दुओं के हित में कोई ठोस कदम उठाना चाहिए, इसके लिए यह प्रदर्शन होने जा रहा है।

# राजधानी में महिला मतदाताओं का औसत प्रदेश के मुकाबले कम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** निदेशक निर्वाचन आयोग शुभ्रा सक्सेना ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की।उनके मुताबिक आयोग ने लखनऊ की मलिहाबाद, लखनऊ उत्तर, सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची और अभिलेखों की जांच की गई।

लखनऊ में 9 विधानसभा क्षेत्र हैं और 3789 मतदान केंद्र हैं। कुल मतदाताओं की संख्या 3959782 है। इसमें 2097582 पुरुष, 1862053 महिला और 147 थर्ड जेंडर मतदाता है। जिले का जेंडर रेशियो 888 और इलेक्ट्रोरल पॉपुलेशन रेशियो ईपी रेशइयो 65.55 फीसदी है। निदेशक ने जेंडर रेशियो और ईपी रेशियो इलेक्टोरल पॉपुलेशन की समीक्षा की तो बताया गया कि प्रदेश का जेंडर रेशियो एक हजार मतदाताओं पर 906 तथा लखनऊ का जेंडर रेशियो 888 है। मलिहाबाद का जेंडर रेशियो सबसे कम है। आयोग की निदेशक ने जेंडर रेशियो बढ़ाने के आदेश दिए। जिले का ईपी रेशियो भी बढ़ाया जाए।उन्होंने आयु के आधार पर मतदाताओं की समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि ईआरओ के द्वारा डेडीकेटेड एईआरओ नियुक्त कर स्कूल, कालेजों और विश्वविद्यालयों में विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।लखनऊ विश्वविद्यालय में दो बार वृहद कार्यक्रमों आयोजित किए गए। एसडीएम सरोजनीनगर के मुताबिक जेंडर रेशियो में सुधार के लिए महिला डिग्री कॉलेज में भी वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। जो महिलाएं किसी दूसरे राज्यों जनपदों विधानसभाओं से शादी करके जनपद आ रही है उनपर विशेष फोकस करते नाम मतदाता सूची में शामिल कराए जा रहे हैं। अधिकारी अपने कार्य का प्रतिदिन रजिस्टर तैयार करें। बीएलओ पर निर्भर रहकर कार्य न करें।छूटे हुए व्यक्तियों का भी फॉर्म भरकर उन्हें मतदाता सूची में शामिल करें।

## निजीकरण के विरोध में आंदोलन को राज्य कर्मियों का समर्थन

**लखनऊ ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने अवगत कराया है कि बिजली विभाग में निजीकरण का व्यापक प्रभाव सरकारी विभागों पर भी पड़ेगा। बिजली महंगी होगी, यातायात सेवाएं एवं उपभोक्ता को मिलने वाली सभी सेवाएं महंगी हो जाएंगी। उड़ीसा एवं मुंबई में निजी बिजली कंपनियां कार्य कर रही है। वहां बिजली दर 10 रूपये से भी ऊपर है जबकि उत्तर प्रदेश में बिजली क दर 6 रूपये के आस पास है। पावर कॉरपोरेशन 110000 करोड़ का घाटा दिखाकर निजीकरण की वकालत कर रहा है जबकि बड़े उपभोक्ताओं पर 115000 करोड़ का बकाया है। कॉरपोरेशन बिजली बकाया वसूल कर ले एवं लाइन लॉस को नियंत्रित कर ले तो बिजली घाटी में नहीं रहेगी। संविदा कर्मियों को निकाले जाने का राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद विरोध कर रही है। 2001 के बाद संविदा कर्मियों का नियमितीकरण नहीं किया गया है। सरकार उनको ग्रेड वेतन, महंगाई भत्ता की सभी सुविधाएं सरकारी कर्मचारियों की भांति ही दे रही है।

# महाकुंभ जाने वालों के लिए चकाचक होंगी लखनऊ-प्रयागराज की सड़कें

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** महाकुंभ मेला 2025 को भव्य और दिव्य बनाने के लिए मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने सोमवार को बैठक की। मंडलायुक्त ने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समय में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। बैठक में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह और संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने कहा कि महाकुंभ के दृष्टिगत लखनऊ से प्रयागराज जाने वाले मार्गों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मुख्य सड़कों और चौराहों पर आकर्षक रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। दीवारों पर कुंभ मेला से जुड़ी सांस्कृतिक कलाकृतियां बनाई जाएंगी। उन्होंने फुटपाथों का पुनर्निर्माण और सड़कों का चौड़ीकरण करने का निर्देश दिया। साथ ही हर महत्वपूर्ण स्थान पर साइन बोर्ड लगाने की बात कही।

▸ समय से निपटाएं काम दीवारों पर बनाएं कुंभ से जुड़ी पेंटिंग : कमिश्नर

उन्होंने कहा कि साइन बोर्ड लगने से लोगों को कंफ्यूजन नहीं होगा, वह आसानी से जहां चाहते हैं पहुंच जाएंगे। बैठक में रेलवे स्टेशन और बस स्टैंडों पर अस्थाई शौचालय और पेयजल व्यवस्था की योजना बनाई गई। नगर निगम को निर्देश दिया गया कि सभी अवैध अतिक्रमण हटाए जाएं। बिजली के डेड पोल हटाने और झूलते तारों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने कहा, महाकुंभ मेला न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का अवसर भी है। सभी कार्य एकरूपता और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि लखनऊ और प्रयागराज को श्रद्धालुओं के लिए यादगार बनाया जाएगा।

## पर्यटन पर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्मों का प्रदर्शन 16 दिसम्बर से

**लखनऊ।** संस्कृति और पर्यटन की लघु फिल्मों का अंतरराष्ट्रीय समारोह प्रयागराज में आयोजित होने जा रहा है। पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित 03 दिवसीय समारोह की शुरुआत 16 दिसंबर से होगी। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के सभागार में आयोजित समारोह में पर्यटन पर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रयागराज में 16 से 18 दिसंबर तक आयोजित आईएफएफसी में सिने जगत की कई नामी हस्तियां शामिल हो रही हैं, जिनमें बोनी कपूर फिल्म निर्माता और निर्देशक, सुनील दर्शन प्रसिद्ध निर्माता निर्देशक, कुणाल कोहली फिल्म निर्देशक निर्माता, लेखक और अभिनेता, अभिनय देव फिल्म निर्देशक, मनोज जोशी फिल्म, टीवी और थिएटर अभिनेता, प्रीति सप्रू अभिनेत्री, निर्माता और निर्देशक, गुरमीत चौधरी फिल्म और टीवी अभिनेता राजेश पुरी अभिनेता मंजरी फड़नीस अभिनेत्री, इंदिरा कृष्णा फिल्म और टीवी अभिनेत्री, सुभाष सहगल फिल्म संपादक की प्रमुख उपस्थिति रहेगी।

# सीरिया में असद का पतन, तानाशाहों के लिए चेतावनी का समय : डॉ. राजेश्वर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सीरिया में हुए तख्तापलट को तानाशाही शासन के लिए एक बड़ी चेतावनी बताते हुए अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। विधायक डॉ. सिंह ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, इस सप्ताह, बशर अल-असद का पतन एक ऐतिहासिक घटना है, जिसने 22 वर्षों तक चल रहे उनके अत्याचारपूर्ण शासन का अंत किया।

असद का शासन सीरिया के लिए विनाशकारी साबित हुआ, जिसमें 5,00,000 से अधिक लोगों की जान गई और 1.3 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए। यह पतन सिर्फ एक ऐतिहासिक क्षण नहीं है, बल्कि यह तानाशाही शासन का खात्मा और सभी अधिनायकवादियों के लिए एक बड़ा संकेत है। 2011 में जब असद ने प्रदर्शनकारियों पर अत्यधिक दमन किया, तो यह गृहयुद्ध में बदल गया और आईएसआईएस जैसे आतंकी समूहों के उभरने का कारण बना। आज, अतिवाद को बढ़ावा देना भविष्य में और भी गंभीर परिणाम उत्पन्न करता है। संक्षिप्तकालिक लाभ दीर्घकालिक अराजकता को जन्म देते हैं, असद ने आतंकवादियों के प्रभाव को अपनी छवि को बचाने के लिए हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। 2015 तक, आईएसआईएस ने सीरिया के 40: से अधिक क्षेत्र पर कब्जा कर लिया, जो यह दर्शाता है कि आतंकवाद का राजनीति में उपयोग खतरनाक हो सकता है। असद ने रूस और ईरान से समर्थन लिया, लेकिन अंततः आर्थिक संकट और आंतरिक असंतोष के कारण उनका शासन कमजोर हो गया।

## रामधनी के परिजनों को सीएम कोष से मिले पांच लाख रुपए

**लखनऊ ।** गोरखपुर अमटौरा कांड के पीड़ितों से सोमवार को मत्स्य जीवी सहकारी संघ के चेयरमैन वीरू साहनी ने मुलाकात की। उन्होंने मृतक रामधनी निषाद के परिजनो को मुख्यमंत्री राहत कोष की तरफ से 5 लाख रुपये का चेक सौंपा। इस दौरान सरकार के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इसके पहले रामधनी के परिवार ने सीएम योगी से मुलाकात की थी। शिवधनी निषाद के परिजनों से रविवार को लखनऊ में सीएम योगी ने मुलाकात की। यूपी मत्सव जीवी सहकारी संघ के चेयरमैन वीरू साहनी व चंदन निषाद के साथ परिजन सीएम से मिले। शिवधनी निषाद के बेटे विकास निषाद, बेटी सुमन, भाई शिव कुमार और बड़ी बेटी पूनम साहनी ने मुख्यमंत्री से पूरी घटना की जानकारी दी।मुख्यमंत्री योगी ने परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**आयोजन** | पीएमश्री विद्यालयों में खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं हुईं शुरू

# प्रतियोगिताओं से बच्चों के सर्वांगीण विकास में जुटी सरकार

▸ दोनों गतिविधियों के लिए लगभग ढाई करोड़ के बजट का आवंटन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास में जुटी है।

इसी क्रम में पीएमश्री विद्यालयों में 9 से 14 दिसंबर तक विद्यालय स्तर पर और 16 से 20 दिसंबर तक जनपद स्तर पर खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इन दोनों गतिविधियों के लिए लगभग ढाई



करोड़ रुपये के बजट का आवंटन किया गया है। इस दो दिवसीय वार्षिकोत्सव, खेलकूद प्रतियोगिताओं और एक दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यक्रमों के आयोजन के लिए योगी सरकार ने प्रति विद्यालय 6,000 और प्रति जनपद 2,00,000 की धनराशि स्वीकृत की है।

खेलकूद और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से अभिभावकों और समुदाय को विद्यालय की गतिविधियों से जोड़ा जाता है, जिससे बच्चों की शिक्षा और विकास में सामुदायिक भागीदारी बढ़ती है।

खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कौशल को बढ़ाने में मदद करते हैं। यह आयोजन टीमवर्क, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करते हैं, जिससे बच्चे जीवन के हर पहलू में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। 09 से 14 दिसंबर के बीच विद्यालय स्तर पर होने वाली मुख्य गतिविधियों में खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं शामिल हैं। खेलकूद प्रतियोगिताओं में जहाँ दौड़, रिले रेस, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, वॉलीबॉल आदि शामिल किए गये हैं, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत नृत्य, गायन, नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता आदि सुनिश्चित है।

### प्रतिभागियों को मिलेगा पुरस्कार और सम्मान

प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रमाण पत्र और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप कुमार सिंह का कहना है कि योगी सरकार की यह पहल, अभिभावकों और समुदाय को विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय रूप से जोड़ना है। इससे न केवल बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होगा, बल्कि वे नैतिक मूल्यों, अनुशासन और टीम वर्क को भी आत्मसात करेंगे। योगी सरकार का यह प्रयास शिक्षा के साथ-साथ खेल और संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रशंसनीय कदम है।

### जनपद स्तरीय आयोजनों में शामिल हैं ये प्रतियोगिताएं

जनपद स्तर पर 16 से 20 दिसंबर 2024 के बीच होने वाली गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में विद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं के विजेता को भाग लेने का अवसर मिलेगा। इन्हें एथलेटिक्स, शतरंज, टेबल टेनिस, योगा जैसे खेलों में अपनी महारत दिखानी होगी जबकि सांस्कृतिक प्रदर्शन में भाषण, नाटक, कहानी लेखन, कविता पाठ आदि की प्रतिभा सिद्ध करनी होगी। ज्ञातव्य हो कि जिला स्तरीय आयोजन के लिए प्रत्येक जनपद को 2 लाख का बजट आवंटित किया गया है।

# घर में घुसे बदमाशों ने लूट के बाद व्यवसायी की पीट कर की हत्या

**हाथ-पैर बंधे... सिर पर मिले चोट के गंभीर निशान, पुलिस कर रही जांच**



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

बेखौफ बदमाशों ने बीती रात एक गांव निवासी खाद्यान्न व्यवसायी के घर में घुसकर उसे बंधक बनाया और लूट की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद बदमाशों ने व्यवसायी को लोहे की रॉड व डंडे से पीट-पीटकर मार डाला। जानकारी होते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम मामले की जांच कर रही है। नरसवां निवासी 55 वर्षीय उमाशंकर साहू खाद्यान्न का व्यापार करते थे। परिजनों के मुताबिक, गांव के किनारे बने घर में वह और उनकी पत्नी रहते थे, जबकि बेटा गांव के बीच बने मकान में रहता था। रविवार की रात उमाशंकर की पत्नी किसी वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं। रमाशंकर घर में अकेले थे। देर रात घर में घुसे बदमाशों ने उमाशंकर को हाथ पांव बांधकर बंधक बना लिया। इसके बाद घर में रखे बक्सों व आलमारी का ताला तोड़कर लूट की वारदात को अंजाम दिया।

**लूटपाट के बाद बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या:** घर में लूटपाट मचाने के बाद बदमाशों ने उमाशंकर की लोहे की रॉड व फावड़े के डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। सुबह परिवारजन को वारदात की जानकारी हुई। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। इसी दौरान मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम मामले की जांच कर रही है। वारदात को लेकर लोगों में रोष है।

**पुलिस ने कहा- जल्द होगा वारदात का राजफाश:** परिजनों के मुताबिक, लूट कितने की हुई है इसका अभी अंदाजा नहीं लग सका है। जानकारी होने पर अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा मौके पर पहुंचे। अपर पुलिस अधीक्षक का कहना है कि जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही वारदात का राजफाश किया जाएगा।

**लगातार बढ़ रहा अपराध का ग्राफ:** कोतवाली क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरी लूट व हत्या की वारदातें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं एक के बाद एक हो रही घटनाएं पुलिस के कुशल नेतृत्व के विफलता की गवाही दे रहे हैं क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण कुमार नवहार के कुशल पर्यवेक्षक की पोल लगातार अपराधी खोल रहे हैं पिछले तीन माह से चोरी हत्या व लूट की घटनाएं पुलिस के लिए चुनौती बने हुए हैं अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाय पुलिस लगातार उनको संरक्षण दे रही है जिसका नतीजा यह है की घटनाएं लगातार घटित हो रही हैं और पुलिस हाथ पैर हाथ रखे हुए बैठी है चाहे बनापार में विवाहिता की हत्या हो या करकसा गांव में बीते दिनों एक बुजुर्ग महिला की हत्या हो मुराई बाग चौकी से महज चंद्र कदमों की दूरी पर चोरी व मारपीट की घटनाएं हो ऐसी कई घटनाएं हैं जो पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान उठा रहे हैं।

## पुनः गोल्ड मेडल जीतकर नाम किया रोशन



**सलोन रायबरेली।** जनपद स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बुशरा शेख ने गोल्ड मेडल जीत कर सलोन क्षेत्र का नाम रोशन किया।पंडित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली में सलोन क्षेत्र के ग्राम पूरे रामप्रसाद (पूरे जोधी) मजरे खतियारा निवासी बुशरा शेख पुत्री मोहम्मद वसीम ने पुनः गोल्ड मेडल जीतकर सलोन क्षेत्र का नाम रोशन किया है।ताइक्वांडो संघ के जिला सचिव मो.परवेज खान व जिला अध्यक्ष रणंजय सिंह व स्काउट कमिश्नर लक्ष्मी कांत शुक्ल द्वारा विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न तहसीलों से लगभग ढाई सौ बच्चों ने प्रतिभाग किया था।समाज सेवियों एवं शिक्षकों व जनप्रतिनिधियों ने खुशी जाहिर करते हुए बुशरा शेख व उनके पिता मो.वसीम प्रधानाध्यापक गौवा बाजार प्राथमिक विद्यालय को बधाई दी। साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर्ष व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** फिर गई एक्सीडेंट से एक युवक की जान लगातार हो रही दुर्घटनाओं से लोग काल के गाल में समा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहित पुत्र माताफेर ग्राम नरेठ महराजगंज उम्र 22 वर्ष अज्ञात वाहन के टक्कर से कपूरपुर के पास घायल हो गया उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया?। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टरों ने बताया कि युवक को मृत अवस्था में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया था किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है।

### चार लोगों पर लगा मारपीट एवं आपत्तिजनक शब्द प्रयोग करने का आरोप

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सरौरा ग्राम थाना बछरावां के रहने वाले महादेव पुत्र मनई ने चार युवको भास्कर मिश्रा पुत्र बबलू मिश्रा निवासी इसिया थाना बछरावां एवं तीन अन्य लोगों के ऊपर मारपीट एवं जातिसूचक गालिया देने का आरोप लगाया है। प्रार्थी द्वारा स्थानीय थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में यह बताया गया कि रविवार शाम लगभग 3ः00 बजे के आसपास थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरूवा पश्चिम गांव बाईपास पर उपरोक्त युवक शराब के नशे में आए और प्रार्थी की दुकान पर बैठ गए, कुछ देर के बाद उन्होंने कुर्सी मेज तोड़ना शुरू कर दिया, प्रार्थी द्वारा मना करने पर युक्त युवको द्वारा प्रार्थी को जाति सूचक दी गई तथा मारपीट भी की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। प्रार्थी ने घटना की सूचना प्रार्थना पत्र के माध्यम से स्थानीय थाने में देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस बाबत इंचार्ज थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि घटना का प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है, आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### भगवान शिव-पार्वती के विवाह का वर्णन सुन श्रोता भाव विभोर



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** स्थानीय क्षेत्र के छितलूपुर सराय खास में स्थित आदि शक्ति मां दुर्गा माता मंदिर पर आयोजित नौ दिवसीय सतचंडी महायज्ञ के तीसरे दिन कथावाचिका साध्वी रोहिणी शास्त्री ने भगवान शिव व पार्वती के विवाह का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शिव ने मानव कल्याण के लिए पार्वती से शादी की थी। देवी देवता लोक कल्याण के लिए ही दांपत्य सूत्र में बांधते हैं। देवताओं के आग्रह पर ही भगवान शंकर ने हिमालय की पुत्री पार्वती से विवाह किया शिव को पाने के लिए पार्वती ने कठिन तपस्या की थी। कथा के दौरान शिव विवाह की गीत सुन श्रद्धालु झूम उठे। और जयघोष से समूचा पंडाल गूंज उठा भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर राजू उपाध्याय ,दिलीप कुमार वर्मा, राकेश उपाध्याय,अरुण कुमार वर्मा, सतीश कुमार सिंह, ब्रह्म देव वर्मा, डॉक्टर संदीप कुमार वर्मा, चरण सिंह मौर्य,चंद्र प्रकाश उपाध्याय,मनोज कुमार यादव,रामदेव यादव,गोविंद सोनी,राम गोपाल यादव सहित अन्य भक्तगण मौजूद रहे।

### कर्मचारियों की अनुपस्थिति और सफाई पर जताई नाराजगी, सीएमओ ने लगाई कड़ी फटकार



**उतरौला (बलरामपुर)।** सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर, डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उतरौला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा व्यवस्था, साफ–सफाई, और कर्मचारियों की उपस्थिति का गहन मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. शालिनी मिश्रा, बीएएम लाल बाबू मौर्या, बीपीएम पवन कुमार श्रीवास्तव, एलटी अशोक कुमार मिश्रा, एक्स–रे टेक्नीशियन गयासुद्दीन, संविदा एलटी ओम प्रकाश, और स्टाफ नर्स ऋचा सिंह तथा सुमन पाण्डेय अनुपस्थित पाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने इन कर्मचारियों की अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया और निर्देश दिया कि इन कर्मचारियों का वेतन उनके अनुपस्थित अवधि के दौरान रोका जाए। निरीक्षण के दौरान सीएचसी में 350 ओपीडी (आउट पेशेंट डिपार्टमेंट) देखे गए थे, साथ ही पांच गर्भवती महिलाओं का प्रसव भी कराया गया। भर्ती मरीजों की संख्या 07 थी, और पैथोलॉजी जांच की संख्या 45 थी। हालांकि, चिकित्सालय परिसर की साफ–सफाई असंतोषजनक पाई गई, जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नाराजगी जताई और अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश को निर्देशित किया कि वे अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर अपनी रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में प्रेषित करें। साथ ही, सीएचसी की साफ–सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के लिए तुरंत कदम उठाए जाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उतरौला में चल रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का भी निरीक्षण किया। इस अभियान के दौरान कुल 1502 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इनमें से 167 महिलाएं उच्च जोखिम वाली पाई गईं। इसके अलावा, 340 गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड किया गया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उतरौला के स्टाफ भी मौजूद रहे, जिन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशों के तहत विभिन्न कार्यों को पूरा किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को जल्द सुधारने की बात कही और अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश को सीएचसी की चिकित्सा सेवाओं और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों की अनुपस्थिति को गंभीर माना और भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति न होने की चेतावनी दी। साथ ही, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की सफलता की सराहना की और इसे और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

### निर्माणाधीन मकान की गिरी दीवार, वृद्ध घायल

**बछरावां, रायबरेली।** ईंटों से बनी हुई दीवार वृद्ध के ऊपर गिरने से वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर किया गया। घटना सोमवार दोपहर 3 :00 बजे के आसपास थाना क्षेत्र शिवगढ़ के ग्राम गूढ़ा निवासी अभय सिंह पुत्र हरीकरन नाथ सिंह उम्र लगभग 62 वर्ष, जिनके घर का निर्माण का कार्य चल रहा था। निर्माण कार्य के दौरान ही वृद्ध के द्वारा दीवारों में तरी करने का कार्य किया जा रहा था। ईंटों से बनी हुई एक दीवाल अचानक वृद्ध के ऊपर उस समय भरभरा कर गिर गई। जिसके नीचे वृद्ध दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में वृद्ध को उनके परिजनों के द्वारा अपने निजी वाहन से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां वृद्ध का प्राथमिक उपचार किया गया। परंतु सिर में गंभीर चोट होने के चलते वृद्ध का प्राथमिक उपचार करने के बाद डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया है।

# कांग्रेसियों ने मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा, राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी के जन्मदिन पर सोमवार को जिला महामंत्री/प्रभारी ऊंचाहार महेश प्रसाद शर्मा की अगुवाई में गुरबक्शगंज चौराहा में तहरी भोज का आयोजन किया। इस मौके पर कांग्रेसियों ने उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि सोनिया गांधी महिला सशक्तिकरण, त्याग, तपस्या बलिदान और सुचिता की प्रतिमूर्ति है। यूपीए शासन काल के दौरान देश में विकास की बयार बही। मनरेगा, सूचना का अधिकार, किसानों की कर्ज माफी व खाद्यान्न सुरक्षा बिल आदि योजनाएं लागू की, इन योजनाओं का लाभ जरूरतमंद जनता तक पहुंचाने का कार्य किया। राष्ट्र के प्रति सोनिया गांधी की अप्रितम योगदान व समर्पित जीवन हर भारतवासी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस मौके पर जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष कामता प्रसाद गौड़, नगर अध्यक्ष विनोद गुप्ता, न्याय पंचायत कृष्ण कुमार तिवारी, प्रतीक शर्मा, बाबुल हसन, अंकित कुमार, विकास शर्मा के साथ काफी संख्या में कांग्रेस जन एवं श्रमिक मौजूद रहे।

## सोनिया गांधी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित



**डलमऊ, रायबरेली।** सोमवार को समर्पण त्याग बलिदान और विषम परिस्थितियों में अदम्य साहस की परिचायक यूपीए चेयरपर्सन रायबरेली की लोकप्रिय सांसद रही सोनिया गांधी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर आज के दिन को सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन अखिल भारतीय कमेटी कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सदस्य व जिला पंचायत सदस्य एडवोकेट वीरेंद्र यादव द्वारा किया गया। सामाजिक सद्भावना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव रायबरेली प्रभारी फिरोज खान, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष वी के शुक्ला, ऋतिक जायसवाल, फिरोज खान, रामखेलावन दुबे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और रायबरेली की जनप्रिय सांसद रहीं सोनिया गांधी जी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की।

# समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सम्पन्न

**पूंजीपतियों की हितैषी है भाजपाः दिनेश यादव**



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

समाजवाादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में जिलाध्यक्ष गिरजाशंकर 'बबलू लोधी' के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक का सफल संचालन जिला महामन्त्री दिलीप यादव ने किया। बैठक में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव दिनेश यादव एडवोकेट ने कहा कि वर्तमान में जो भाजपा की सरकार चल रही है, वह गरीब, मजदूर के तबके की हितैशी नहीं है, वह बड़े पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। जिलाध्यक्ष श्री लोधी ने कहा कि हर किसान, मजदूर, नौजवान के लिए समाजवादी पार्टी काम कर रही है, लेकिन भाजपा में पिछड़े वर्ग के लोगों की कहीं भी कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है, अगर पिछड़ों का कहीं सम्मान है तो वह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उ.प्र. सरकार के पूर्व मुख्यमन्त्री अखिलेश यादव ने पिछड़े वर्ग के लोगों को बराबर सम्मान देने का कार्य कर रहे हैं।

बैठक में मुख्य रूप से उमाशंकर लोधी, सत्यम कुशवाहा, देवनरायन लोधी, सरवन लोधी, हार्दिक रावत, पुत्तन लाल पासवान, शंखदेव लोधी आदि लोग उपस्थित रहे। आए हुए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार ज्ञापन जिला सचिव शिवपाल यादव द्वारा किया गया।

# एम्स में मूक-बधिर दिव्यांगजनों के परीक्षण व्यवस्था

**दिव्यांग बच्चों के चिकित्सीय परीक्षण एम्स/जिला चिकित्सालय, रायबरेली में 19, 23, 26, 31 दिसम्बर 2024 एवं दो, छह जनवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा**



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जिला दिव्यांगजन सशाक्तीकरण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया है कि समेकित शिक्षा योजनान्तर्गत दिव्यांग बच्चो को दिव्यांग प्रमाण पत्र/यूडीआईडी निर्गत करने हेतु मेडिकल असेसमेन्ट कैम्प 23 जुलाई 2024 से 22 अगस्त 2024 तक आयोजित किये गये थे। जिनमें परीक्षणोपरान्त दिव्यांग बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत करने के क्रम में दिव्यांग बोर्ड द्वारा दिव्यांग बच्चों को विभिन्न परीक्षण हेतु रेफर किया गया है, रेफर किये गये दिव्यांग बच्चों के चिकित्सीय परीक्षण एम्स, रायबरेली/जिला चिकित्सालय, रायबरेली में 19, 23, 26, 31 दिसम्बर 2024 एवं दो, छह जनवरी 2025 को किये जाएगे। पूर्व में मानसिक मंदित/मूक बधिर दिव्यांग जनों को परीक्षण हेतु लखनऊ जाना पड़ता था जिससे उन्हें अत्यन्त परेशानी का सामना करना पड़ता था मुख्य विकास अधिकारी रायबरेली अर्पित उपाध्याय ने इसको संज्ञान में लेकर संवेदनशीलता के साथ जनपद रायबरेली में ही मानसिक मंदित/मूक बधिर दिव्यांगजनों का परीक्षण कराने के लिए एम्स रायबरेली में व्यवस्था कराई। इसमें मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रायबरेली मोहन त्रिपाठी ने एम्स रायबरेली/ जिला चिकित्सालय रायबरेली से समन्वय स्थापित कर इस कार्य की विस्तृत कार्य योजना प्रस्तुत की। उपरोक्त तिथियों में दिव्यांग बच्चों को खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं स्पेशल एजूकेटर के नाध्यम से उक्त बच्चों को परीक्षण स्थल पर लाने हेतु व्यवस्था की गयी है।

# प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना



**रायबरेली।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में 14 दिसम्बर 2024 को दीवानी न्यायालय, रायबरेली में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु यातायात पुलिस, रायबरेली के सहयोग से उपलब्ध प्रचार वाहन को अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एडीआर सेन्टर छजलापुर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया, जो कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आम जनमानस के मध्य लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करेगा। इसअवसर पर डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेन्स काउसिंल सिस्टम जय सिंह यादव, पराविधिक स्वयं सेवक मनोज कुमार प्रजापति, पवन कुमार श्रीवास्तव, वीरेन्द्र कुमार, सौम्या मिश्रा, पूनम सिंह, नियाज अहमद व नागेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

**मिशन शक्ति अभियान**

# महिला पुलिस टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**





पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशानुसार जनपद बलरामपुर में बालिकाओं/ छात्राओं/महिलाओं की सुरक्षा हेतु नारी सुरक्षा दल द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहों/गांवों/ भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर बालिकाओं/ महिलाओं को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे- ओटीपी शेयरिंग, लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड आदि की जानकारी दी गयी, और साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम स्वानिधि योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना आदि की भी जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि शासन और पुलिस विभाग द्वारा शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस दिनांक 03.10.2024 से मिशन शक्ति के तहत पंचम चरण का अभियान 90 दिवस तक चलाया जाएगा जिसमें निम्न नौ प्रकार के अभियान शामिल हैं। महिलाओं से संबंधित साइबर अपराध के पंजीकृत अभियोगों एव प्रार्थना पत्रों का शत प्रतिशत निस्तारण करने के लिये ऑपरेशन गरुण चलाया जा रहा है । एसिड की अवैध बिक्री के विरूद्ध ऑपरेशन शील्ड अभियान चलाया जा रहा है।

# पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया जन्मदिन

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नौ दिसम्बर को हमारी नेता पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस नेता विपक्ष सोनिया गांधी जी के 78वें जन्मदिन के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी बलरामपुर द्वारा केक काट कर सोनिया गांधी के लंबी आयु की कामना की।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने कहा कि सोनिया गांधी त्याग की प्रतिमूर्ति हैं इटली में पैदा होने के बावजूद उनका भारतीय संस्कृति में रम जाना और उसका पूरी तरह से पालन करना उनके उत्तम व्यक्तित्व को साबित करता है साल 1968 में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के साथ परिणय सूत्र में बंधने के बाद उन्होंने भारत की संस्कृति को आत्मसात कर लिया। भारत देश के हर उस नागरिक के लिए सेवा भावना से काम करने लगीं जो कमजोर उपेक्षित रहा हो 2004 में लोकसभा चुनावों में प्रचंड जीत हासिल करने के बावजूद उन्होंने प्रधानमंत्री पद ठुकराकर एक मिसाल कायम किया और यह संदेश भी दिया कि व्यक्ति का पद उसके संस्कार के कहीं छोटा होता है और गांधी परिवार संस्कारों में पूरी तरह भारतीय संस्कृति की तरह उत्तम है और पद की लालसा नहीं रखता 2004 में सोनिया गांधी ने दुनिया के सबसे शिक्षित व्यक्ति और अर्थशास्त्र के पुरोधा डाक्टर मनमोहन सिंह जी को प्रधानमंत्री के रूप में एक नायाब प्रधानमंत्री दिया जिनके कार्यकाल में कांग्रेस ने दस सालों में भारत को हर क्षेत्र में नई ऊंचाईयां प्रदान हुई जिसमें से भोजन का अधिकार, काम का अधिकार, सूचना का अधिकार, जननी सुरक्षा योजना, पेयजल योजना, शिक्षा का अधिकार राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना किसानों के जमीनों के उचित मूल्य जैसी योजनाओं तो फलीभूत हुई ही साथ में देश के लाखों बेरोजगारों को रोजगार भी मिला सोनिया के मार्ग दर्शन में कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनमानस की लड़ाई इस फिरका परस्त सरकार से लड़ती रहेगी और हमें हमारे आजादी के नायकों के सपनों को इस नफरती सरकार को हराकर देश में अमन-चैन कायम करना होगा।

महासचिव विनय कुमार मिश्रा ने गांधी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि सोनिया गांधी भारत के संस्कारों की सबसे बड़ी द्योतक हैं उन्होंने जिस तरह भारत के लोगों के लिए अपने सर्वस्व जीवन को राजीव गांधी की पहले पत्नी और फिर विधवा के रूप में न्योछावर कर दिया वो एक भारतीय नारी ही कर सकती है आज़ जो भारत के प्रधानमंत्री हैं।

उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री का पद तब छोड़ा जब वो साम दाम दण्ड भेद से 2014 के आम चुनाव को जीतकर प्रधानमंत्री का शपथ लेने जा रहे थे जबकि गांधी ने अपने बल पर 2004 का आमचुनाव जीता और प्रधानमंत्री का पद त्याग दिया इतना ही नहीं अपने किसी परिवार को भी इस पद पर ना बैठाकर देश को मनमोहन सिंह जैसा काबिल प्रधानमंत्री दिया हम सोनिया जी के अगुवाई में देश सेवा करते रहेंगे आज़ उनके जन्मदिन पर यह शपथ लेते हैं। कि हमेशा देश की उन्नति और बेसहारों की आवाज को उठाते रहेंगे। इस अवसर पर मोहम्मद जमील, मास्टर हनीफ, अमेरिका प्रसाद कुरील विशाल कश्यप सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बैंक/डाकघर व अन्य वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा हेतु चलाया गया चेकिंग अभियान



**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा बैंकों/डाकघर/जनसेवा केन्द्र व अन्य वित्तीय संस्थानों की सुरक्षार्थ जनपद बलरामपुर के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी को बैंकों/डाकघर की चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं। जिसके क्रम में आज दिनांक 09.12.2024 को जनपद बलरामपुर के समस्त थानों की पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंकों/डाकघर के आस-पास तथा बैंक के अन्दर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बैंक अधिकारियों/कर्मचारियों से वार्ता कर सुरक्षा के सभी उपकरण सीसीटीवी कैमरा, फायर अलार्म आदि को किया चेक। संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों को चेक किया गया तथा बैंक में मौजूद लोगों को सुरक्षा के दृष्टिगत जागरुक किया गया एवं बैंक ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्क रहते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी को साइबर अपराध से बचाव के बारे मे भी जानकारी दी गई।

# बेघरों का बसेरा

कोई भी ऋतु हो, जब भी मौसम का चरम नजर आता है गरीब को इससे मार खानी पड़ती है। जब ठंड आती है तो शीतलहर से गरीब मरता है। बारिश होती है तो निचले इलाके में रहने वाले गरीब बाढ़ का शिकार होते हैं। गर्मी होती है तो वे लू से मारे जाते हैं। साधनविहीन लोग ही मौसम के चरम का शिकार होते हैं। कायदे से मौसम नहीं, गरीबी मारती है। लेकिन सवाल उठता है कि जनकल्याण के सिद्धांतों पर आधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था में क्या सत्ताधीशों का दायित्व नहीं बनता कि वे राजनीतिक तमाशों से इतर अपनी जनता का ध्यान रखें? एक समय था कि राजा-महाराजा अपनी प्रजा का खुद ख्याल रखते थे। चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था होती थी। संवेदनशील राजा बाकायदा वेष बदलकर प्रजा के दुख-दर्द जानने निकलते थे। लेकिन ज्यों-ज्यों लोकतंत्र शिक्षित-विकसित होता गया, सत्ताधीशों की संवेदनशीलता कुंद होती चली गई। तभी शीत ऋतु की दस्तक के साथ ही अदालतों को सरकारों को अपना मूलभूत दायित्व याद दिलाना पड़ता है। बीते वीरवार को भी देश की शीर्ष अदालत ने दिल्ली के शहरी आश्रय बोर्ड यानी डीएएसआईबी को तलब किया कि दिल्ली में फिलहाल कितने आश्रयगृह हैं और वहां कितने लोगों को ठहराया जा सकता है। साथ ही आंकड़ा देने को कहा कि कितने लोग ऐसे हैं जिन्हें आश्रय की जरूरत है। निश्चित रूप से कड़ाके की ठंड में बीमार, लावारिस और मानसिक रूप से परेशान लोगों को संरक्षण देना प्रथम मानवीय कर्तव्य है।

वैसे, अदालत की यह बात तो दिल्ली को लेकर है, लेकिन ऐसे प्रयास पूरे देश में होने चाहिए। कहने को तो राज्यों में स्थानीय निकाय भी रैन बसेरे तैयार करते हैं। लेकिन वे न तो पर्याप्त होते हैं और न ही उनमें पूरी सुविधाएं होती है। रैन बसेरे बना भी लिए जाएं तो वहां सफाई का खास ध्यान नहीं रखा जाता। नशेड़ियों और अपराधियों की सक्रियता से बेसहारा लोग यहां आने से कतराते हैं। निश्चित रूप से रेन बसेरे बनाया जाना सार्थक कदम है, लेकिन उनमें सुविधाओं, सुरक्षा और सफाई को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाना चाहिए। इन्हें गंदगी, अराजकता व असुरक्षा से बचाने के लिये स्वयं सेवी संगठनों की सक्रियता की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। कायदे से ये दायित्व सरकारी एजेंसियों का होना चाहिए, लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आता। दरअसल, केंद्र व राज्य सरकारों को निराश्रित लोगों के लिए मौसम के चरम आने पर एक स्थायी ढांचा उपलब्ध कराना चाहिए। जिसे तुरत-फुरत तैयार करके बेसहारा लोगों के लिये उपलब्ध कराया जाए। यूं तो देश में सामाजिक, व धार्मिक संगठन भी रेन बसेरा बनाते हैं,लेकिन यह सिर्फ खबरों की सुर्खियों में आने का जरिया मात्र नहीं होना चाहिए। यह सही मायनों में बेघरों का आश्रय होना चाहिए। साथ ही इनकी सुविधाओं की निगरानी निरंतर होनी चाहिए। दरअसल, इनके उद्घाटन समारोहों का जिस जोर-शोर से प्रचार किया जाता है, वैसा ध्यान इनके निरंतर सुचारु रूप से संचालन में नहीं होता। आज हर घर में ठंड से बचाव का अतिरिक्त सामान होता है। ऐसे ही हर व्यक्ति को मानवता के नाते जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए।

# लोकतंत्र का मुखौटा और मानवाधिकारों का हनन

**डॉ. लोकेश कुमार**

मानवाधिकार दिवस विशेष

मानवाधिकार दिवस 10 दिसंबर को पूरे विश्व में मनाया जाता है। यह हमें याद दिलाता है कि व्यक्ति को कुछ प्राकृतिक अधिकार जन्म से मिले हुए हैं , उन्हें प्राप्त करने के लिए उसे संघर्ष करते रहना चाहिए। विश्व के कई विकसित देश लोकतंत्र का मुखौटा लगाकर जनता के अधिकारों को हनन करने से पीछे नहीं हैं। हाल ही दिनों में बांग्लादेश में कुछ संगठनों ने पूरे देश में विरोध कर लोकतांत्रिक सरकार को बेदखल कर दिया। इसके बाद बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं, ईसाई और सिखों पर लगातार बहुसंख्यक समाज हमला करके उनकी सम्पत्तियों पर कब्जा कर रहा है। विरोध करने पर उनको मौत के घाट उतारा जा रहा है। साथ ही उनकी बेटियों के साथ बलात्कार किया जा रहा है।
इस मामले को लेकर अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता मार्गरेट मैक्लाउड ने कहा कि ÷अमेरिका, बांग्लादेश में एक स्वस्थ लोकतंत्र देखना चाहता है, वहां हर व्यक्ति के मानवाधिकारों की रक्षा होनी चाहिए। बांग्लादेश से अभी जो खबरें आ रही हैं, वे चिंताजनक हैं, हम हालात पर नजर रख रहे हैं। हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश में लोग अपने धर्म का पालन करते हुए मानवता का जीवन जी सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय जगत में बांग्लादेश में हो रहे मानवाधिकारों के हनन को लेकर चिंता देखी जा सकती है। बहरहाल, सबसे पहले 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। इसकी औपचारिक शुरुआत 1950 से हुई। इस दिन मानवाधिकार के क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार और नोबल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। मानवाधिकार शब्द का प्रयोग सबसे पहले 1940 श्रीमती इलेनोर रूजवेल्ट ने किया। उन्होंने पाया कि पूर्व में प्रयोग होने वाले शब्द 'मनुष्य का अधिकार ' में कुछ लोग महिलाओं का अधिकार शामिल नहीं मानते। हालांकि, इस अवधारणा का अस्तित्व इसमें पहले भी रहा है।
प्राचीन काल में किसी न किसी रूप में इस अवधारणा ने अपना स्थान बना लिया। प्राचीन यूनान में अरस्तू का 'न्याय का सिद्धांत' सामने आया, जिसके अनुसार बंटवारा अनुपातिक रूप में होना चाहिए। रोम में सिसरो ने जिस प्राकृतिक कानून सिद्धांत का उल्लेख किया, उसके अनुसार कानून प्रकृति ने स्थापित किया। सिसरो ने ' जूस ने चुराल' का सिद्धांत दिया, जिसके अनुसार कानून को प्रकृति ने स्थापित किया है और कानून सब लोगों पर हर समय लागू है। प्राचीन काल में महाभारत के शांति पर्व में शासक के आचरण और राजत्व के सिद्धांत के बारे में कहा गया है।



मानवाधिकार सभ्य समाज की आधारशिला है। लोकतांत्रिक व्यवस्था के मजबूत होने के साथ-साथ इन अधिकारों को अधिक सम्मान देना अनिवार्य हो गया है। मानवाधिकारों की रक्षा और प्रवर्तन करना बहुत जरूरी है ताकि मानव की गरिमा को कायम रखा जा सके। मानवाधिकार व्यक्ति को जन्म से ही प्राप्त होते हैं और उसके सर्वांगीण विकास के लिए यह जरूरी है कि इनकी रक्षा की जानी चाहिए। 'मानवाधिकार ' मानव के जन्मसिद्ध अधिकार हैं और इन्हें मानव से अलग कर देने से व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास नहीं होगा। व्यक्ति का स्थान अन्य संस्थाओं से ऊंचा है इसलिए उसके अधिकारों की रक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। समाज, सरकार और अन्य संगठन तभी सफल माने जा सकते हैं जब वे व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा कर सकें। मानवाधिकारों की रक्षा इसलिए भी जरूरी है कि इनकी रक्षा से राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सुरक्षा जुड़ी है। नाजी (जर्मनी), फासी (इटली) और कम्युनिष्ट सरकारों ने व्यक्ति के अधिकार की अवहेलना की, फलत: उन्हें जनता के विरोध और अन्य राष्ट्रों से युद्ध का सामना करना पड़ा और अंतत: सरकारें नष्ट हो गई। कल्याणकारी राज्य सिद्धांत के अनुसार राज्य का पहला कर्त्तव्य है कि जनता के कल्याण और सुख की व्यवस्था करना। इसकी प्राप्ति के लिए मानवाधिकारों की रक्षा जरूरी है। आज के अन्तरराष्ट्रीयवाद के दौर में कोई भी देश इन अधिकारों को अनदेखा करके अपना अस्तित्व नहीं बचा सकता। संयुक्त राष्ट्र संघ के दबाव और अन्य राष्ट्रों के बहिष्कार के चलते प्रत्येक देश को इन अधिकारों को मान्यता देनी पड़ी है।

अर्थशास्त्र में प्रजा के कल्याण में राजा का कल्याण बताया गया है। सम्राट अशोक ने कलिंग अभिलेख में प्रजा को संतान की तरह माना और अधिकारियों को जनता पर अत्याचार नहीं करने की चेतावनी दी थी। राजनीतिक चिंतक जेएस मिल ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर जोर दिया। 1776 में अमेरिकी क्रांति के बाद स्वाधीनता की घोषणा की गई। इसमें कहा गया कि ' हमारे लिए यह स्वयं सिद्ध सत्य है कि सभी मनुष्य जन्म से समान हैं।'
फ्रांस में 1789 में क्रांति हुई, जिसमें स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के नारे दिए गए। फ्रांस में संविधान बना, जिसमें मनुष्य के जन्मजात अधिकारों को मान्यता दी गई। अमेरिकन संविधान विश्व का प्रथम संविधान बना, जिसमें मानव अधिकारों को लिपिबद्ध किया गया और इनके संरक्षण की व्यवस्था की गई।
**मानवाधिकारों की अनिवार्यता :-** मानवाधिकार सभ्य समाज की आधारशिला है। लोकतांत्रिक व्यवस्था के मजबूत होने के साथ-साथ इन अधिकारों को अधिक सम्मान देना अनिवार्य हो गया है। मानवाधिकारों की रक्षा और प्रवर्तन करना बहुत जरूरी है ताकि मानव की गरिमा को कायम रखा जा सके। मानवाधिकार व्यक्ति को जन्म से ही प्राप्त होते हैं और उसके सर्वांगीण विकास के लिए यह जरूरी है कि इनकी रक्षा की जानी चाहिए। 'मानवाधिकार ' मानव के जन्मसिद्ध अधिकार हैं और इन्हें मानव से अलग कर देने से व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास नहीं होगा। व्यक्ति का स्थान अन्य संस्थाओं से ऊंचा है इसलिए उसके अधिकारों की रक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। समाज, सरकार और अन्य संगठन तभी सफल माने जा सकते हैं जब वे व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा कर सकें। मानवाधिकारों की रक्षा इसलिए भी जरूरी है कि इनकी रक्षा से राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सुरक्षा जुड़ी है। नाजी (जर्मनी), फासी (इटली) और कम्युनिष्ट सरकारों ने व्यक्ति के अधिकार की अवहेलना की, फलतः उन्हें जनता के विरोध और अन्य राष्ट्रों से युद्ध का सामना करना पड़ा और अंततः सरकारें नष्ट हो गई। कल्याणकारी राज्य सिद्धांत के अनुसार राज्य का पहला कर्त्तव्य है कि जनता के कल्याण और सुख की व्यवस्था करना। इसकी प्राप्ति के लिए मानवाधिकारों की रक्षा जरूरी है। आज के अन्तरराष्ट्रीयवाद के दौर में कोई भी देश इन अधिकारों को अनदेखा करके अपना अस्तित्व नहीं बचा सकता। संयुक्त राष्ट्र संघ के दबाव और अन्य राष्ट्रों के बहिष्कार के चलते प्रत्येक देश को इन अधिकारों को मान्यता देनी पड़ी है।
**भारत में मानवाधिकार की स्थिति:-** भारत में दलितों को मानवाधिकार मिलना दूर की कोड़ी बनी हुई है। महात्मा गांधी ने कहा था कि ' दलित सामाजिक स्तर पर वे काहिल हैं, आर्थिक स्तर पर वे गुलामों से भी बदतर हैं, धार्मिक स्तर पर उन्हें उन स्थलों में प्रवेश से रोका जाता है, जिन्हें हम 'ईश्वर का घर ' कहते हैं। देश को आजाद हुए आज 75 वसंत से अधिक गुजर गए, लेकिन आज भी दलित के साथ हर समय भेदभाव को शिकार होना पड़ रहा है। सामाजिक समरसता के अनेक लोक लुभावने नारे और दलित विमर्श के बाद भी भारतीय समाज अनेक जातियों, वर्गों और श्रेणियों के छोटे-छोटे दायरों में बंटा हुआ है। ये दायरे अक्सर एक-दूसरे के सामने आक्रामक मुद्रा में खड़े दिखाई देते हैं। इसलिए आज भी हम एक भारतीय समाज नहीं बना पाए हैं, कभी हम धर्मों में बंट जाते हैं और कभी हम वर्गों में और कभी हम जातियों में।
आज मानव जाति के सामने सबसे बड़ी चुनौती सम्मानपूर्वक जीवन यापन करने की है। पग-पग पर वह तिरस्कृत, असुरक्षित और उत्पीड़ित है। इनमें सर्वाधिक पीड़ित दलित हैं। अस्पृश्यता का बोलबाला होने से आज भी मंदिर, कुएं, तालाब, स्कूल आदि के उपयोग करने पर इन्हें रोका और टोका जाता है। मैला ढोने जैसी घृणित प्रथा आज भी ग्रामीण अंचलों में देखी जा सकती है। दलितों को भूमि और अन्य सुविधाओं से वंचित रखा गया है। आजाद भारत में विकास के नए सोपान तय हुए, दलितों के लिए सामाजिक न्याय को प्राथमिकता दी गई लेकिन दलितों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ है, लेकिन सामाजिक स्थिति में ज्यादा सुधार दिखाई नहीं देता है। आए दिनों दलितों के घर जला दिए जाते है, दलित दूल्हे घोड़ी से उतार दिए जाते है, दलित महिलाओं को नग्न घुमाया जाने के समाचार अखबारों की सुर्खियों में आसानी से मिल जाते हैं। इसका यह प्रभाव देखने को मिल रहा है कि दलित बड़ी संख्या में धर्म परिवर्तन करके उस धर्म में अपना सम्मान पूर्व जीवन की तलाश पूरी करने का प्रयास कर रहे हैं। अन्य धर्म के लोग उनको समानता की बात कहकर उनको बरगला रहे हैं। बहरहाल, यही कहा जा सकता है कि मानवाधिकार व्यक्ति को सुखमय जीवन जीने का प्रमुख आधार है, इसके बिना जीवन बेमानी है...।


**(लेखक, स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

विचार

# ऐतिहासिक हैं भारत के तीन नए आपराधिक कानून

*डॉ. विपिन कुमार*

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में तीन आपराधिक कानूनों को देश को समर्पित किया । इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नए कानूनों के माध्यम से त्वरित न्याय की उम्मीद जताई, जो पूरी तरह से सार्थक भी है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-जैसे तीन नए आपराधिक कानून हमारे समाज में गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्ग के लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए, संगठित अपराध, आतंकवाद और ऐसे अन्य अपराधों पर भी कड़ा प्रहार करते हैं।
इन प्रयासों से हमें अपने कानूनी व्यवस्था को आजादी के अमृतकाल में अधिक प्रासंगिक और सहानुभूतिपूर्वक प्रेरित करने के लिए पुनर्भाषित करते हैं। इन कानूनों को मूर्त रूप देने में केन्द्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह की भूमिका भी उल्लेखनीय रही है।कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी मोदी सरकार द्वारा लाए गए इन कानूनों का विरोध करते हैं और यह दलील देते हैं कि इससे देश में तानाशाह की प्रवृत्ति बढ़ेगी। लेकिन, मैं उनके इन दलीलों को पूरी तरह से हास्यास्पद मानता हूं। क्योंकि, यदि आप भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली के इतिहास को देखें, तो पाएंगे कि पुराने कानून औपनिवेशिक न्यायशास्त्र की प्रतिकृति हैं, जिन्हें पूरे देश पर शासन करने के लिए बनाया गया था, न कि हमारे देश की नागरिकों की सेवा के लिए। इसी भाव-शून्यता के कारण ये कानून आमजनों के उत्पीड़न और शोषण का उपक्रम बन गए, जिनका उद्देश्य वास्तव में निर्दोषों के अधिकारों की रक्षा और दोषियों को दंडित करना होना चाहिए था। इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लाए गये नए कानून निश्चित रूप से उपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक हैं। सार्वजनिक सेवा और जनकल्याणकारी कानूनों से एक नए युग की शुरुआत हुई है। हमें याद रखना होगा कि न्याय में देरी केवल लोगों को हताश-निराश ही नहीं करती, बल्कि किसी न किसी स्तर पर देश के विकास की गति को भी बाधित करती है। इसके अतिरिक्त देश की छवि को भी खराब करने का काम करती है। जब समय पर न्याय नहीं मिलता तो कानून एवं व्यवस्था का आदर न करने और उसके उल्लंघन के आदी लोगों का दुस्साहस बढ़ता है।
तीनों आपराधिक कानूनों पर अमल से एक ओर जहां 60 दिन के अंदर आरोप तय किए जाएंगे, वहीं दूसरी ओर सुनवाई पूरी होने के 45 दिन के अंदर फैसला सुनाना आवश्यक होगा।आंकड़े बताते हैं कि भारत के न्यायिक व्यवस्था में 3.5 करोड़ से भी अधिक लंबित मामले हैं और यहां विचाराधीन कैदियों की संख्या 77 फीसदी है, जो दोषियों की संख्या से तीन गुना अधिक है। वहीं, भ्रष्टाचार, अत्यधिक काम का बोझ और पुलिस की जवाबदेही तीव्र और पारदर्शी न्याय व्यवस्था को कायम करने की दिशा में एक बड़ी बाधा है। ऐसे में, मोदी विरोधी इस बात को समझें कि नियमों में बदलाव समय की मांग थी। सरकार के इन प्रयासों से निश्चित रूप से हमारे न्याय प्रणाली में अपेक्षित सुधारों को सुनिश्चित करते हुए, न्यायालयों को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। देश में न्यायिक सुधार को बढ़ावा देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों द्वारा भी बारंबार आग्रह किया गया है। क्योंकि, आजादी के बाद न्यायालय की स्वतंत्रता को ध्यान में रखते हुए, ऐसे सुधारों को लागू नहीं किया जा सका है। लेकिन, मोदी सरकार ने हमें 10 वर्षों के दौरान हमें एक नई उम्मीद दी है।कानून के जानकार इस बात



को अच्छी तरह से समझते हैं कि 'न्याय में देरी न्याय से वंचित होने के समान है' और भारतीय संदर्भ में यह बात पूरी तरह से चरितार्थ होती है। यह कोई छिपाने वाली बात नहीं है कि लंबित मामले और विचाराधीन कैदियों की अत्यधिक संख्या हमारे समाज में अन्याय की भावना को जन्म देता है।
हमने अखबारों की सुर्खियों में ऐसा कई बार पढ़ा है कि किसी मामले में न्यायालय जब तक अपना फैसला सुनाता है कि आरोपित की मृत्यु हो चुकी होती है। वहीं, कई बार ऐसी स्थिति भी होती है, जब कोई आरोपी अपने आरोपों के दंड से अधिक समय जेल में बिता देते हैं। फिर, वर्षों तक जेल में रहने के बाद उन्हें न्यायालय से आरोप मुक्त कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति न्याय की दृष्टि से अन्याय को जन्म देती है। इस स्थिति में त्वरित सुधार की दृष्टि से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नए कानून समय की अनिवार्यता हैं और हमें इन प्रयासों का स्वागत करना चाहिए। हालांकि, अभी बस केवल एक शुरुआत हुई है। हमें निकट भविष्य में अपने न्याय व्यवस्था की कार्य पद्धति के विविध पक्षों में सुधार पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है, जिनमें नियुक्तियां, स्थानांतरण व अवसंरचनात्मक विकास जैसे प्रमुख घटक हैं। इसके अलावा, भारतीय न्यायिक सेवा में भाषायी मुद्दों का भी एक विशेष ध्यान रखना होगा। जैसे कि यदि कोई कन्नड़ बोलने वाला व्यक्ति ओडिशा में न्यायाधीश का पदभार संभाला है, तो इससे वहां न्यायाधीशों और जनता के माध्यम से संचार में रुकावट पैदा होती है। इसलिए प्रयास यह होना चाहिए कि ऐसी नियुक्तियों के दौरान हमारी भाषायी और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखा जाए। साथ ही, हमें अपने न्याय व्यवस्था में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल भी बेहद कुशलतापूर्वक करना होगा। इससे न्यायालय और न्यायाधीशों के अलग-अलग प्रदर्शनों को मूल्यांकन करना बेहद आसान हो जाएगा। हमें पूर्ण विश्वास है कि आने वाले कुछ वर्षों में हम इस दिशा में तेजी के साथ कार्य करेंगे और समाज में अधिकार और न्याय को स्थापित करने की दिशा में आने वाली हर एक बाधा को दूर करते हुए पूरे विश्व के सामने एक उदाहरण पेश करेंगे।

**(लेखक, वरिष्ठ स्तंभकार हैं।)**

साहित्य



## वक्त को यूंही न ज़ाया करो

**उज्जवल कुमार**

वक्त को यूंही न ज़ाया करो
पल-पल से खुशियां चुराया करो

रास्ते बना लो अपने हाथों से
हर बात किस्मत पर न लाया करो

दान देते है सब मंदिरो में यहाँ
तुम भूखों को खाना खिलाया करो

नदी हो तुम बहते रहना तुम्हें
शहरों से नहीं, सागर से दिल लगाया करो

सीढ़ी चढ़ोगे तो गिरोगे भी
जब भी गिर जाओ ख़ुद को उठाया करो

माना नफ़रत फैली है चारों तरफ
हो स्वच्छंद प्यार तुम तो लुटाया करो





# राशिफल

**मेष:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**वृषभ:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंह:-** अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्या:-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**तुला:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अत: व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

**वृश्चिक:-** किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनों के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनु:-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकर:-** नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नए कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभ:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**मीन:-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनाएं। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# सीरिया में तख्तापलट

हाल के बरसों में तख्तापलट का सामना कर चुके देशों में अब सीरिया का नाम भी जुड़ गया है। सीरिया में बशर अल असद के शासन को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्परत विद्रोही गुट हयात तहरीर अल शाम (एचटीआई) ने पिछले हफ्ते से अपने अभियान को तेज करते हुए अलेप्पो, हमा, होम्स और दारा जैसे प्रमुख शहरों पर अपना कब्जा जमाया। रविवार को राजधानी दमिश्क पर कब्जे के साथ ही तय हो गया कि सीरिया में असद परिवार के 50 बरस पुराने शासन का अंत हो गया है।
बताया जा रहा है कि बशर अल असद अपने परिवार के साथ विमान से किसी अज्ञात ठिकाने की तरफ चले गए हैं, उनके बारे में कोई पुख्ता जानकारी नहीं दी जा रही है। इस बीच सोशल मीडिया पर असद के विमान के लापता होने या दुर्घटनाग्रस्त होने की चर्चाएं भी तेज हैं। विद्रोही सीरिया को अब आजाद देश कह रहे हैं। मिलिट्री ऑपरेशंस कमांड ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, श्हम तानाशाह बशर अल-असद से दमिश्क शहर को आजाद घोषित करते हैं। दुनिया भर में विस्थापित हुए सभी लोगों के लिए एक आजाद सीरिया आपका इंतजार कर रहा है। सीरिया के प्रधानमंत्री मोहम्मद गाजी अल-जलाली ने रविवार सुबह पहले से तैयार किए गए एक संदेश में कहा कि सरकार लोगों की ओर से चुने गए किसी भी नेतृत्व के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है। उन्होंने सीरियाई लोगों से सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान न पहुंचाने की अपील करते हुए कहा कि यह सभी नागरिकों की है। उन्होंने कहा, श्मैं यहां अपने घर में हूं, कहीं नहीं गया और न ही इसे छोड़ने का इरादा है। इस बयान से जाहिर है कि प्रधानमंत्री विद्रोहियों की शर्तों को मानने और उन्हें सत्ता सौंपने के लिए तैयार हैं। इधर विद्रोही गुट एचटीआई के नेता अबू मोहम्मद अल-जुलानी ने भी विद्रोही बलों से राज्य के संस्थानों को नुकसान न पहुंचाने का आह्वान किया है। हालांकि दमिश्क में सड़कों पर जिस तरह टैंकों और बंदूकों के साथ विद्रोही ताकत दिखा रहे हैं, उससे अभी फौरन हालात सामान्य होने के आसार नहीं दिख रहे हैं। 2011 के अरब बसंत में कई देशों में तख्तापलट हुए, तीन-चार दशकों से राज कर रहे तथाकथित तानाशाहों को लोकतंत्र की मुहिम के नाम पर उखाड़ फेंका गया। होस्नी मुबारक, कर्नल गद्दाफी जैसे शासकों की सत्ता का अंत हुआ और यही सफलता सीरिया में प्राप्त करने की कोशिश की गई। लेकिन बशर अल असद को गद्दी से उतारने में 13 बरसों का लंबा इंतजार करना पड़ा। अरब बसंत के दौरान सीरिया में विद्रोहियों को बशर अल असद ने पूरी ताकत से कुचला था। हालांकि उन्हें सत्ता संभाले दस साल ही हुए थे और उनका राजनैतिक नजरिया तानाशाहों से बिल्कुल अलग था।
11 सितम्बर, 1965 को जन्मे बशर अल असद की पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनीतिक थी, उनके पिता हाफिज अल असद 1971 में सीरिया के राष्ट्रपति बने और 2000 तक इस पद पर रहे। लेकिन बशर अल असद ने राजनीति की जगह मेडिसिन की राह चुनी। वे लंदन में नेत्र चिकित्सा की पढ़ाई कर रहे थे। जनवरी 1994 में उनके बड़े भाई बासेल की मौत हुई, जिन्हें स्वाभाविक तौर पर अगला राष्ट्रपति माना जा रहा था। बड़े भाई की मौत के बाद बशर राजनीति में आए और अपने पिता की मौत के बाद 2000 में बशर ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली। सत्ता संभालते वक्त उन्होंने श्पारदर्शिता, लोकतंत्र, विकास, आधुनिकीकरण की बातें कीं। थोड़े वक्त के लिए ही सही लेकिन सीरिया में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, नागरिक आजादी जैसी बातों के लिए जगह बनी, इसे दमिश्क स्प्रिंग कहा गया। मगर यह बसंत भी जल्द ही गुजर गया और फिर अपने निकट देशों में बन रही विपरीत परिस्थितियों के कारण बशर अल असद ने भी दमन की राह पकड़ी। ईराक पर अमेरिकी हमला, लेबनान के जरिए सीरिया को नियंत्रित करने की अमेरिकी चाल, अरब बसंत, इराक में इस्लामिक स्टेट का उभार, गजा पर इजरायली हमला बीते डेढ़ दशक की इन तमाम घटनाओं ने बशर अल असद को उनकी राजनैतिक सोच से बिल्कुल उलट काम करने के लिए मजबूर किया। पश्चिमी ताकतों का मुकाबला करने के लिए हिज्बुल्ला का साथ सीरिया को मिलता रहा। लेकिन फिलीस्तीन को तबाह करने के साथ-साथ इजरायल ने हिज्बुल्ला के भी शीर्ष नेताओं को मार गिराया है, लिहाजा इस बार सीरिया का साथ देने की ताकत हिज्बुल्ला में भी नहीं बची। ईरान का भी यही हश्र हुआ है। वहीं रूस भी यूक्रेन युद्ध में उलझा है, लिहाजा इस बार उसकी मदद भी सीरिया को नहीं मिली। बशर अल असद ने अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मदद मांगी थी, लेकिन उन्हें निराशा मिली। ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया है। साथ ही उन्होंने इसके पीछे रूस को भी जिम्मेदार बताया। ट्रम्प ने कहा, यह हमारी लड़ाई नहीं है। अमेरिका को इस संघर्ष में शामिल नहीं होना चाहिए। सीरिया अमेरिका का दोस्त नहीं है।अमेरिका की प्राथमिकताएं बिल्कुल साफहैं कि जहां उसे आर्थिक या सामरिक फायदा होगा, वहां वह बिना किसी बुलावे के भी पहुंच जाएगा और लोकतंत्र का हवाला देकर दखलंदाजी करेगा। लेकिन जहां उसे कोई लाभ नहीं मिलना, वहां वह आंखें मूंद लेगा। तो फिलहाल अमेरिका ने सीरिया को उसके हाल पर छोड़ दिया है। रविवार को राजधानी दमिश्क से वैसे ही नजारे देखने मिले, जैसे हाल में अफगानिस्तान, श्रीलंका या बांग्लादेश में दिखे थे। विमानतल पर भगदड़ है, लोग सुरक्षित बाहर निकलना चाहते हैं, वहीं बहुत से लोग आजादी का जश्न मनाते सड़कों पर आ गए हैं। इधर राष्ट्रपति भवन पर कब्जा करना, वहां की चीजों को लूटना, तोड़-फोड़ करना, यह सिलसिला भी चल रहा है। असद परिवार के शासन का दुखद अंत सीरिया में हुआ है, लेकिन क्या इसके बाद सुख और शांतिमय भविष्य यहां के नागरिकों को मिलेगा, क्या जो नयी सत्ता स्थापित होगी, उसका स्वरूप लोकतांत्रिक होगा, क्या महाशक्तियों के दबाव में आए बिना किसी सरकार का गठन होगा, इन महत्वपूर्ण सवालों के जवाब का इंतजार रहेगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी* ) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# लापता चौकीदार का तालाब में उतराता मिला शव, हड़कंप

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

▸ बीते चार दिसम्बर को रहस्यमय ढंग से हो गया था गायब

जिले में रहस्यमय ढंग से लापता हुए चौकीदार का करीब पाँच दिन बाद तालाब में उतराता शव मिलने से मचा हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की गहनता से जाँच-पड़ताल शुरू कर दी है।

दरअसल घटना खन्ना थानाक्षेत्र के बहिंगा गाँव की है जहाँ बांदा जिले के डिगवाट गांव का रहने वाला 45 वर्षीय रवि प्रजापति पुत्र खुननी प्रजापति बहिंगा गाँव स्थित तालाब में चौकीदारी का काम करता था। बीते 4 दिसम्बर को रवि रहस्यमय ढंग से गायब हो गया तालाब ठेकेदार ने खन्ना थाना में शिकायती पत्र देकर चौकीदार की गुमसुदगी दर्ज करा उसे बरामद करने की गुहार लगाई थी। पुलिस गुमसुदगी दर्ज कर लापता चौकीदार की तलाश में जुटी थी रविवार देरशाम बहिंगा गाँव स्थित तालाब में उतराता शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक के परिजन आचरण ने बताया कि कई वर्षों से तालाब में चौकीदारी का काम कर रहे थे कुछ दिन पहले रहस्यमय ढंग से अचानक गायब हो गए थे। आज ठेकेदार द्वारा सूचना दी गई उनका शव तालाब में उतराता मिला है। ठेकेदार दीपक रैकवार ने बताया कि बीते 4 दिसम्बर को चौकीदार गायब हो गया था। बीते रोज उसका शव तालाब में उतराता मिला है। मामले को लेकर सीओ सिटी दीपक दुबे ने बताया कि 5 दिसम्बर को एक व्यक्ति के नाव से पानी में गिर जाने की सूचना प्राप्त हुई पुलिस गुमसुदगी दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी बीते रोज उसका शव तालाब में उतराता मिला है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## होमगार्ड ने बंधक बनाकर मार पीट की, पुलिस से शिकायत

**राठ(हमीरपुर)।** एक व्यक्ति ने होमगार्ड पर अपहरण करके घर में बंधक बनाकर मारपीट कर लूटपाट का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में लिखित शिकायत की है कस्बे के नई बस्ती पठानपुरा मोहल्ला निवासी हर प्रसाद पुत्र विश्वनाथ सोनी ने बताया कि सोमवार की सुबह वह घर पर था। तभी होमगार्ड रामप्रकाश राजपूत उसे जबरन पकड़कर अपने साथ ले गया। होमगार्ड ने घर में बंधक बनाकर उसे जमकर मारा.पीटा। मारपीट से उसके शरीर में चोटें आई हैं। होमगार्ड ने जेब में पड़े 500 रुपए भी लूट लिए है। होमगार्ड के पुत्र सुनील ने उसके माध्यम से मंगलसूत्र गिरवी रखवाया था। जिससे उसके पिता ने बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# खाद के लिये लाइन में खड़ा किसान ठंड खाकर गिरा

▸ कई असरदारों को पहले ही मिल चुकी है खाद

▸ खाद की समस्या ज्यो की त्यो, केंद्र प्रभारी पर खाद की कालाबाजारी करने का आरोप





**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

पंद्रह दिन बाद खाद वितरण के लिए एक केंद्र पीसीएफ में आई डीएपी खाद लेने के लिए सैकड़ों किसान कड़ाके की ठंड में कंबर और चददर लिए आधी रात से ही लाइन लगाकर लेट गए थे सुबह होते.होते लाइन में खड़ा एक युवक ठंड खाकर गिर गया इससे उसके अगल.बगल खड़े किसानों ने आनंन फानन मे उसे उठाया और पानी के छीटे मारे गए। मवई गांव के जय हिंद रात तीन बजे से खाद लेने के लिए एक चद्दर के सहारे खड़ा था जब सुबह खाद वितरण शुरू हुआ तो चक्कर खाकर गिर गया और करगांव निवासी अनिल कुमार ने बताया कि वह रात में ठंड के दौरान दो बजे ही आकर यहां एक कंबल के सहारे लेट गया लेकिन 12 बजे भी खाद का मिलने का नंबर नहीं आ सका उसने बताया कि कुछ लोग खाद को ब्लैक से ले रहे हैं खाद होने के बावजूद भी सिर्फ दो दो बोरी खाद किसानों को देकर सिर्फ प्रशासन उनके जख्मों में नमक डालने का काम कर रहा है। उसने मांग की है कि कम से कम किसानों को पांच.पांच बोरी डीएपी की खाद दिया जाए जिससे किसान बार.बार सरकारी केंद्रो के चक्कर न लग सके और सुकून के साथ अपनी बुवाई कर सके माचां गांव निवासी शाहिद अली ने खाद वितरण व्यवस्था पर बेहद नाराज थे कृषक ने खुलेआम चिल्ला चिल्ला कर आरोप लगाया कि एक ही किसान को 24 बोरी खाद दो ऑटो में भरवा कर केंद्र प्रभारी ने बेची है उसने बताया कि यहां खाद की ब्लैकमेलिंग की जा रही है सुबह से ही वितरण शुरू हो जाता है ना कोई अधिकारी होता है सिर्फ गोदाम प्रभारी उसके निकटतम लोग ही खाद्य वितरण का काम करते हैं इस संबंध में पीसीएफ केंद्र प्रभारी रमाशंकर कुशवाहा ने बताया कि इस बार डीएपी खाद के तीन ट्रक आया हुआ है जो लगभग ढाई हजार बोरी के आसपास है किसानों को खाद की कमी नहीं महसूस होगी यह गलत है।

## खबरें एक नजर में

### सुने घर से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** नगर के कटरा मोहल्ला मे अज्ञात चोरों ने सुने घर को निशाना बनाते हुए नकदी समेत लाखो के जेवर समेत ले गए। पीड़ित ने घाटमपुर थाना में शिकायत पत्र दिया है। कटरा मोहल्ला निवासी रिजवान पुत्र स्व. मुज्जन अंसारी ने पुलिस से लिखित शिकायत देते हुए बताया है बीती 28 नवंबर को वह पत्नी बच्चों व मां के साथ चाचा के यहां सगाई में गया था। घर में ताला लगा हुआ था। रविवार दोपहर जब वापस घर आया तो देखा उसके घर में कमरे अलमारी व बक्सों के ताले टूटे पड़े थे और सामान बिखरा हुआ था। जांच की तो पता चला घर में घुसे अज्ञात चोरों ने कमरे व अलमारी बक्सों के ताले काट कर लाखों रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवरात व करीब 13,000 रुपए नगद चोरी ले गए हैं। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच पड़ताल की है।

### अवैध खनन कर रहे वाहनों से साढ़े चौदह लाख की होगी वसूली

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी हमीरपुर घनश्याम मीना के आदेश पर बीता रात राजस्व विभाग व खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम कस्बा खेड़ा तहसील राठ में छापा मारकर छह ट्रैक्टर-ट्रॉली व तीन जेसीबी मशीन द्वारा मिट्टी का अवैध खनन करते पाये जाने पर वाहनों को थाने में खड़ा करा दिया है। वाहनों से लगभग 10.50 लाख की राजस्व प्राप्ति होगी। उक्त के अतिरिक्त अवैध खनन परिवहन करने वाले उपखनिज बालू मौरंग गिट्टी बोल्डर के सात वाहनों पर कार्रवाई की गयी जिससे लगभग 3.50 लाख की राजस्व प्राप्ति होगी। इस प्रकार उक्त कार्यवाहियों से लगभग कुल 14 लाख रुपए की राजस्व प्राप्ति होगी।

### चोरों ने दो घरों से लाखों का सामान चोरी किया

**राठ (हमीरपुर)।** क्षेत्र अलग अलग स्थानों पर चोरों ने दो घरों से लाखों की चोरी कर ली है। कोतवाली के बहपुर गांव निवासी नर्वदा पत्नी नरेन्द्र राजपूत ने पुलिस को बताया कि रविवार तड़के चोरों ने उसके घर में घुसकर एवं कमरे के अंदर रखे हुए बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे 20 हजार रुपये चोरी कर लिए। वहीं मुगलपुरा मोहल्ला निवासी बबलू पुत्र बैजनाथ अहिरवार ने बताया कि रविवार की दोपहर वह काम के लिए घर से बाहर गया था। तभी चोर उसके घर में घुस गए। बताया कि चोर घर से गृहस्थी का सामान व दस हजार रुपए नकद चोरी करके ले गया है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### देवर ने भाभी के साथ की छेडछाड़, पुलिस से शिकायत

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के एक गांव में एक युवक ने घर में सो रही अपनी भाभी के साथ अश्लील हरकतें करते हुए उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला के जागने और विरोध करने पर युवक ने महिला का मुंह दबा लिया। घटना के बाद पीड़ित महिला ने कोतवाली में लिखित शिकायत की है। कोतवाली के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि रविवार रात करीब 11:30 वह अपने मकान के कमरे में सो रही थी। तभी उसी दौरान उसका देवर उसके पास आया और उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ करने लगा। बताया कि जब उसने जाग कर विरोध किया तो उसके देवर ने उसका मुंह दबा लिया। घटना के बाद सोमवार सुबह करीब 11 बजे उसने राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### महिलाओं के साथ हो रहे लैंगिक उत्पीड़न के बारे में किया जागरूक

**महोबा।** जिलाधिकारी के आदेशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ उत्पीड़न अधिनियम 2013 पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चरखारी में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें सखी वन स्टॉप सेंटर महोबा से केंद्र प्रबंधक क्षमा द्वारा घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा छेड़छाड़ बलात्कार एवं कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न, निवारण, प्रतिषेध एवं आंतरिक समिति एवं स्थानीय समिति के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया। केस वर्कर रीना द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना सामान्य स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, केस वर्कर अर्चना द्वारा वन स्टॉप सेंटर के कार्य प्रणाली एवं उनसे प्राप्त होने वाले सुविधाओं तथा चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में भी जागरुक किया गया। सरकार द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर 1090, 1098 1076, 102, 108, 181 के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक नेहा चरखारी से ग्रामीण स्वावलंबन समिति से जूली चौरसिया, अध्यापक गण और समस्त बच्चे उपस्थित रहे।

### ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में लगा स्वास्थ्य परीक्षण कैंप

**महोबा।** सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र एवं छात्राओं ने अपना स्वास्थय परीक्षण कराया। स्वास्थ परीक्षण कैंप में स्वास्थ विभाग की टीम से दन्तरोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज समस्त छात्र एवं छात्रों को दांतों से संबंधित समस्त बीमारियों से बचाव के तरीके बताये। मन परीक्षण डॉ अलका गुप्ता ने समस्त छात्र छात्राएं को बताया कि परीक्षा के दौरान अक्सर हम मानसिक तनाव महसूस करते है जिसके बचाव के बारे में बताया। चिकित्सा अधिकारी बजरंग नगर डॉ लवली आर्य उनकी टीम कॉलेज के निदेशक अभिजीत पालीवाल प्रधानाचार्य पुनीता तिवारी अर्चना सिंह जिला संगठन मंत्री अपूर्व जिला संयोजक शिवम् विश्वकर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कॉलेज छात्रा प्रमुख खुशी द्विवेदी एवं कॉलेज कैप्टन मान्या सिंह, कार्यक्रम संयोजक कृष्णा सिंह, वैभव, जतिन राठौर, अक्षत सिंह नमन त्रिपाठी समस्त छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

### शिव बारात की कथा सुन दर्शक हुए प्रसन्नचित



**महोबा।** शहर में श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास आचार्य पं. प्रीतम कृष्ण उपाध्याय द्वारा भगवान शिव की लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया जा रहा है। जिससे समूचा शहर शिवभक्ति में डूबा हुआ है। 14 दिसम्बर को हवन पूजन व पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन किया जायेगा तथा 15 दिसम्बर को विशाल भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। कथा व्यास ने आज शिव पार्वती के विवाह का विस्तार से वर्णन किया। शिवजी की बारात का वर्णन सुन उपस्थित सैकडों की संख्या में भक्तगण प्रसन्नचित हो गये। बता दे कि इन दिनों मुख्यालय के परस्तौर गली परमानन्द चौक में शिवमहापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिससे समूचा शहर भगवान भोलेनाथ की भक्ति में डूबा हुआ है। कथा के तीसरे दिन कथा के यजमान श्रीमती आभा-रामसजीवन उपाध्याय ने शिव महापुराण की पूजा अर्चना कर गुरु जी का आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात कथा व्यास आचार्य पं0 प्रीतम कृष्ण शास्त्री ने शिव विवाह का विस्तार से वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि माता पार्वती ने भगवान भोलेनाथ को पाने के लिये सैकडों वर्षो तक कठोर तप किया। जिससे प्रसन्न होकर भगवान भोलेनाथ प्रसन्न हुये और माता पार्वती को मनमानी वरदान दिया। जिस पर माता पार्वती ने शिवजी को अपने पति के रुप में चुन लिया। कथा व्यास ने कथा कि शिवजी के विवाह की लगुन लेकर भगवा ब्रह्माजी अपने पुत्र नारद के साथ माता मैना व हिमांचल के पास पहुंचे और माता पार्वती का हाथ शिवजी के लिये मांगा। पर्वतराज हिमांचल तो विवाह के लिये सहस ही तैयार हो गये, परन्तु माता मैना शिवजी से अपनी कोमल कन्या का विवाह करने पर चिन्तित थी। जिस पर हिमांचल व माता पार्वती के समझाने पर माता मैना शिव व पार्वती के विवाह के लिये तैयार हो जाते है। अब विवाह की तैयारियां प्रारम्भ हो जाती है।

# खेल महोत्सव: दूसरे चरण के खेल में वालीबॉल टीमों ने दिखाया दम

▸ बरौर ने क्वॉर्टर फाइनल में बनायी जगह

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे में आयोजित मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के दूसरे चरण में अन्तर्राज्यीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें देश भर के अलग-अलग इलाकों से आई वालीबॉल टीमों ने अपने खेल का उम्दा प्रदर्शन किया और अगले राउंड के लिए जगह पक्की की। खेल महोत्सव के दूसरे चरण में 9 दिसंबर से शुरू अन्तर्राज्यीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का पहला मुकाबला गोयरा मुगली बांदा तथा बरौर ;कानपुर देहात के मध्य तीन सेट का खेला गया जिसमें गोयरा मुगली बांदा ने आसानी के साथ पहला सेट 24.19 के अंतर से जीत लिया तो वहीं मुकाबले का दूसरा सेट बरौर ने 26.24 के मामूली अंतर से जीत दर्ज कर लिया जिसमें मुकाबले का तीसरा सेट रोमांचक रहा और बरौर ने गोयरा मुगली को 25.16 के भारी अंतर से पराजित कर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। वालीबॉल का दूसरा मुकाबला सतना मध्य प्रदेश तथा इचौली के मध्य तीन सेट का खेला गया जिसमें सतना की टीम ने शुरूआती दो सेट जीतकर इचौली की टीम को पराजित कर दिया। इसी तरह प्रतियोगिता का तीसरा मुकाबला परछा सीनियर तथा पड़वार के बीच खेला गया जिसमें परछा सीनियर ने आसानी से शुरूआती दोनों सेट जीतकर पड़वार की टीम को पराजित कर अगले राउंड में जगह बना ली। वहीं प्रतियोगिता का चौथा मुकाबला परछा तथा गोयरा मुगली बांदा के बीच खेला गया जिसमें परछा की टीम ने गोयरा टीम को हराकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। वहीं प्रतियोगिता का अगला मुकाबला बरौर तथा सतना के मध्य तीन सेट का खेला गया जिसमें बरौर की टीम ने 25.22 के अंतर से पहला सेट जीत लिया वहीं दूसरे सेट में बरौर ने पुनः 26.24 के अंतर से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। टूर्नामेंट में कमेंट्री की भूमिका अमित सचान पौथिया तथा इरफान खान परछा ने बखूबी निभाई तथा रैफरी की भूमिका बाबू खान परछा हमीद खान तथा सईद खान ने अदा की। वालीबॉल प्रतियोगिता को आयोजित कराने में निजामी स्पोर्ट्स मौदहा के अध्यक्ष बीतू बादशाह, परवेज खांन, तौकीर खांन, अशफाक खांन, इरफान खान तथा जमाल खान ने अपने दायित्वों का बखूबी निर्वाहन किया।

## भाकियू ने बिजली समस्या को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**मौदहा, हमीरपुर।** बुआई पलेवा और सिंचाई के लिए से किसान खाद बीज समय से न मिलने पर उनका आक्रोश बढ़ रहा है।वहीं इन मुद्दों को लेकर किसान यूनियन टिकैत ग्रुप ने आज कस्बे की तहसील पहुंचकर उप जिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता को एक ज्ञापन भी सौपा है। किसानों ने जहां बिजली की कटौती बंद करने 20 घंटे कम से कम बिजली देने की मांग की है। साथ ही बीज और खाद सभी किसानों को आसानी से मुहय्या कराने की मांग की है। वहीं मांग पूरी न होने पर आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है। किसान यूनियन नेता बाबूराम मिश्रा विनय तिवारी अनिल शिवहरे आदि ने सोमवार को उप जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहां है कि आज भी कई स्थानों पर अन्ना मवेशी छोड़े जा रहे हैं।जो किसानों की बोई हुई फसलों को नष्ट कर रहे हैं।ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सिर्फ 8 से 10 घंटे ही मिल पाती है जिससे निजी नलकूपों सहित सरकारी नलकूप सिंचाई बाधित हो रही है। किसान नेताओं ने कहा कि 15 दिन से डीएपी खाद नहीं है बाजार में डुप्लीकेट खाद मनमानी दामों पर किसानों को बेचकर उनकी जेब काटी जा रही है।

## अज्ञात चोरों ने सूने घर को निशाना बना लाखों रुपए की चोरी की वारदात को दिया अंजाम



**महोबा।** जिले में बेखौफ चोर सूने घर को निशाना बना सोने-चांदी के जेवरात सहित लाखों रुपये की नगदी लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिवार को चोरी का जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया है। दरअसल मामला शहर कोतवाली कस्बा क्षेत्र के बीजानगर रोड स्थित कल्याण नगर मुहल्ले का है जहां के रहने वाले तेज प्रताप सिंह पुत्र पहलवान सिंह अपने पैतृक गांव दमौरा में चल रहे धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मकान में ताला लगाकर बीते रविवार को तकरीबन एक बजे सपरिवार गए थे। सूना मकान पाकर रविवार रात में मकान के गेट में लगे ताले को तोड़ कर अज्ञात चोर घर के अंदर घुस गए और घर में रखे सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों रुपए की नगदी लेकर फरार हो गए। सोमवार को तड़के सुबह जब पीड़ित परिवार वापस अपने घर पहुंचा तो गेट का ताला टूटा और घर के अंदर बिखरा सामान देखकर परिवारी जनों के होश उड़ गए। पीड़ित परिवार की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर पीड़ित परिवार को चोरी की घटना का जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया है। पीड़ित तेजप्रताप सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर चोरी की घटना का जल्द खुलासा करने की गुहार लगाई है।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वगत

▸ कार्यकर्ताओं ने जनपद में प्रथम बार आगमन पर पहनाई 51 किलो की माला

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**



अखिल भारतीय क्षत्रिय महा सभा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज सिंह भदौरिया के प्रथम जनपद आगमन पर भव्य स्वागत जाजमऊ पुल पर पदाधिकारियों के द्वारा धूमधाम से किया गया। प्रदेश महामंत्री धीरेन्द्र भदौरिया ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत करते हुए क्षत्रिय समाज का गौरव बताया। एडवोकेट पंकज राजावत के साथ पहुंचे सैकड़ो पदाधिकारियो ने जय मां भवानी जय राजपूताना के जोरदार नारे लगाकर जोश भरने का कार्य किया। कानपुर जिला उपाध्यक्ष नवरंग सिंह सेंगर ने नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कु मनोज सिंह भदौरिया को तलवार भेंटकर पगड़ी पहनाई वही लखनऊ से साथ चल रहे प्रदेश संगठन मंत्री पंकज सिंह राजावत ने कहा कि अब प्रदेश का माहौल बदलने वाला है क्योंकि प्रदेश की कमान अब क्षत्रिय समाज के कुल भूषण मनोज भदौरिया जी को मिली है। सैकड़ो पदाधिकारियों के बीच नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज सिंह भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सर्व समाज के उत्थान की दिशा में कार्य करेगी। तथा महिलाओं की भागीदारी और संगठन में बढ़ाई जाएगी। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा निर्बल निर्धन असहाय वर्ग के उत्थान की दिशा में कार्य करने के लिए संकल्पित होकर कार्य करेगी। तथा संगठन में काम करने वालों को वरीयता दी जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर नगर के विभिन्न चौराहों पर पुष्प वर्षा कर काफिले का स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री श्री धीरेंद्र सिंह भदोरिया प्रदेश संगठन मंत्री पंकज सिंह राजावत प्रदेश प्रभारी हरी राज सिंह जिला उपाध्यक्ष नवरंग सिंह सेंगर जिला उपाध्यक्ष एड पंकज सिंह राजावत मौजूद रहे।

## ट्रक ने बाइकसवार भाई-बहन को मारी जोरदार टक्कर, युवती के पैरों में आईं गंभीर चोटें



**महोबा।** शहर कोतवाली इलाके में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक से मेला देखने जा रहे भाई बहन को जोरदार टक्कर मार दी । इस सड़क हादसे में ट्रक ने युवती के दोनों पैरों को बुरी तरह रौंद दिया । जिससे उसके पैरों की हालत बेहद खराब हो गई है । तो वही युवती का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया है । राहगीरों की मदद से सरकारी एम्बुलेंस के द्वारा दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडीकल कॉलेज रिफर कर दिया गया है। महोबा के महेवा में मेला देखने जा रहे बाइक सवार भाई बहिन एक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार ही गए है । शहर के लोड़ी तिराहे के पास तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को जोरदार टक्कर मारते हुए बुरी तरह रौंद दिया है । जिसमें विनीता के दोनों पैर पूरी तरह कुचलने से टूट गए है । जबकि अनुज को गम्भीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है । डाक्टरो ने बताया कि यह दोनों मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के लवकुशनगर के पिपरी गांव से अपनी बहिन गोमती के यहाँ जा रहे थे । फिलहाल सड़क पर जा रहे राहगीरों ने ट्रक चालक को पकड़कर पुलिस हिरासत में सौंप दिया है ।

# किसानों की समस्याओं को लेकर सपा का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

▸ मूंगफली खरीद केंद्र खोले जाने, मूंगफली की खरीद पर एमएसपी का लाभ दिलाए जाने, फसल का सर्वे कराकर किसानों का खसरा बनवाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में मूंगफली खरीद केंद्र न खोल ना खोले जाने से नाराज समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों की समस्याओं से संबंधित तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल कार्यवाही अमल में जाने की मांग की है ।महोबा में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शोभा लाल यादव के नेतृत्व में पहुंचे समाजवादियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि किसानो को अपनी फसलों की बुवाई करनी है। उनकी मूंगफली को बिचौलियों द्वारा बेहद कम दामों में लिया जा रहा है। जिसके चलते किसानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मूंगफली खरीद के जिले में अभी तक केंद्र न खोले जाने से किसान बेहद परेशान हो रहे हैं। किसानो की फसलों का प्रशासन द्वारा सर्व नहीं कराया गया है। किसानों के खसरा बनवाने एवं किसानों की मूंगफली की खरीद पर एमएसपी का लाभ दिलाए जाने को लेकर हम सभी समाजवादी एकजुट हुए हैं। जिससे किसानों को उनकी फसलों को उचित दाम मिल सके ।

## जनपदीय पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी। पुलिस बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रही। इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी। ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रूप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी। पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/ टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।

# मानवाधिकार नागरिकों की सुरक्षा का कवच है

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

**10 दिसम्बर मानवाधिकार दिवस पर विशेष**

मानव अधिकारों की भावना का मुख्य तत्व विश्व बंधुत्व की भावना पर आधारित है। वे अधिकार जो मानव गरिमा को बनाये रखने के लिए आवश्यक है,उन्हे मानवाधिकार कहा जाता है। सर्वप्रथम इंगलैण्ड मे 1215 मे मैग्नाकार्टा पर हस्ताक्षर करवाये किसी भी व्यक्ति को उस समय तक बंदी न बनाया जाये जब तक कि उसका अपराध सिद्ध न हो जाये। इसी प्रकार इंगलैण्ड मे ही बिल ऑफ राइट्स 1689 पारित हुआ जिसके अर्न्तगत यह व्यवस्था थी कि राजा संसद की अनुमति के बिना कोई भी टैक्स नहीं लगायेगा, न ही किसी कानून को समाप्त करेगा। इसी तर्ज पर स्वतत्रंता, समानता, भाईचारे व लोकतंत्र लाने के लिए अमेरिका मे 4 जुलाई 1776 मे स्वतत्रंता का घोषणा पत्र प्रकट हुआ। 1789 मे फ्रांस मे राज्य क्रांति हुई, 1917 मे रूस में साम्यवादी क्रांति हुई। भारत में 1931 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कराची अधिवेशन मे मौलिक अधिकारों की मांग उठी। अंत में विश्व बंधुत्व हेतु 10 दिसम्बर 1948 को संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने सर्वसम्मति से मानवाधिकार घोषणा पत्र पारित किया। घोषणा पत्र की प्रस्तावना मे 30 अनुच्छेद है। इस घोषणा पत्र में नागरिक, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक काम का अधिकार, समान काम के लिए समान वेतन का अधिकार ट्रेड यूनियनों, विश्राम, शिक्षा तथा सांस्कृतिक गतिविधियों मे भाग लेने का अधिकार सामाजिक भरण पोष्ण का अधिकार, जीवन का अधिकार, विचार, धर्म, शांतिपूर्ण सभाएं करने तथा संगठन बनाने जैसे अधिकार सम्मिलत है। भारतीय संविधान के भाग 3 में मौलिक अधिकारों की व्यवस्था की गई है जो नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करते है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 से लेकर 22 में स्वतंत्रता के अधिकारों का उल्लेख है। अनुच्छेद 23 एवं 24 द्वारा नागरिकों के शोषण के विरूद्ध अधिकार दिए गए हैं। अनुच्छेद 25 से 28 में नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार प्रदान किए गए है। संविधान के अनुच्छेद 29 एवं 30 मे संस्कृति एवं शिक्षा के अधिकार दिए गए है। संवैधानिक उपचार अनुच्छेद 32 द्वारा उपलब्ध कराए गए है जिसके अनुसार किसी भी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का हनन होने पर न्यायालय द्वारा पॉच प्रकार के आदेश जारी किए जा सकते है। बंदी प्रत्यक्षीकरण परमादेश, प्रतिषेध, उत्प्रेषेध और अधिकार पृच्छा। मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए 12 अक्टूबर 1993 को भारत में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया है।

# डीएम-एसपी ने अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**मिशन शक्ति कार्यक्रम**

▸ प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम में जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा महिलाओं, बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध मे जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई।

महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वूमेन पावर लाइन (1090), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076), चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098), वन स्टाप सेन्टर (181), साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930), स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102, एम्बुलेन्स सेवा (108) जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारें में जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्रामीण, शहरी व कालजों/स्कूलों से अपने-अपने क्षेत्र में महिलाओं /बालिकाओं द्वारा की गयी उपलब्धि जैसे- संस्था/ग्राम पंचायत/विद्यालयों में सराहनीय कार्य करने वाली समाज सेवा/ काउंसलरों को, पंचायत मुखिया के रूप में समाज सेवा करने वाली महिला ग्राम प्रधानों को, शिक्षण एवं छात्राओं को जागरूक करने वाली प्रधानाध्यापिकाओं को, समाजिक कार्यकर्ता के रुप में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिलाओं को, जूडो में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खेल प्रतियोगी बच्चियों को, टीकाकरण एवं स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान करने वाली आशा बहुओं को, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र पर नियुक्त रहकर योगदान करने वाली स्टाफ नर्सों को, हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट कक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को व अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चौपाल लगाकर जागरूक करने वाली महिला पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# बिजली उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना में मिलेगी छूट

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तमाम बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा व छूट हेतु विद्युत वितरण उपखंड जैदपुर में एक मुश्त समाधान योजना पर दिया जा रहा है। लोगों की जानकारी हेतु लगातार प्रचार होने के साथ अधिकारी उपभोक्ताओं से अपील कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार विद्युत वितरण उपखंड 33/11 जैदपुर पर एक मुश्त समाधान योजना के संबंध में लगातार प्रचार प्रसार जारी है कार्यकर्ता हर मोहल्ला में घर घर जाकर जहां एक तरफ इस बड़ी योजना में सामिल होकर लाभ उठाने की बात बताकर लोगों को जागरूप कर रहे हैं वहीं एस डी संदीप सिंह भी तमाम विघुत उपभोक्ताओं से इस योजना का लाभ उठाने की अपील करते नजर आ रहे हैं। जबकि जूनियर इंजीनियर मिर्जा प्रवेज हुसैन भी एक मुश्त योजना के लाभ हेतु लोगों को सुझाव देते देखें जा रहे है ।

एस डी ओ संदीप सिंह ने बताया कि एक मुश्त समाधान योजना (ओ,टी,एस) के बारे में बताया और निर्देश दिए कि प्रत्येक कर्मचारी एक मुक्त समाधान योजना (ओ,टी,एस का प्रचार प्रसार अपने-अपने फीडर पर करें और बकायेदारों को एक मुफ्त समाधान योजना (ओ,टी,एस) के बारे में बताएं और ज्यादा से ज्यादा बकायेदारों का बिल जमा करा कर इस योजना का लाभ दिलाए।

## खबरें एक नजर में

### सीडीपीओ ने केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा ने आंगनबाड़ी केंद्र मेलरायगंज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे तथा उनको हिन्द वर्ण माला का ल अक्षर लिखवाया। सोमवार को सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और केंद्र के आसपास साफ सफाई रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र के आसपास गंदगी ना फैलाएं। जिससे कि संक्रमण बीमारी न फैले सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री को समय राशन वितरण करने के निर्देश देते हुए कहा आप लोग पोलियो ड्रॉप अभियान में सहयोग करते संचारी रोगों को लेकर चलाये जा रहे अभियान को गति देने के लिए भी कहा। सीडीपीओ अर्चना ने बताया कि आज आंगनबाड़ी केंद्र मेलरायगंज का निरीक्षण किया । यहां पर उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ती को आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा बच्चों से सामान्य ज्ञान की बात भी की है। उन्होंने जीरो से 5 वर्ष तक के शतप्रतिशत बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलवाने के लिए कहा।

### ग्रामीण पेयजल टंकी हैंडओवर करने के लिए शिविर का आयोजन

**सिरौली गौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड सिरौलीगौसपुर सभागार में हर घर नल, हर घर जल ग्रामीण पेयजल में टंकी द्वारा आपूर्ति एवं गांव में कार्यकी गुणवत्ता के आधार पर भी ग्राम पंचायत को हैण्डोवर प्रकिया हेतु प्रशिक्षित करने के लिए एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को ग्रामीण पेय जल योजना के महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक खंड विकास अधिकारी पंचायत शंभू नाथ पाठक ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान पंचायत सहायक एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत से एक स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्य को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान पानी की बर्बादी को रोकने पर बल दिया गया है। राज्य प्रशिक्षण जल जीवन मिशन पंचायती राज जसवंत सिंह और कंसल्टिंग इंजीनियर धर्मेंद्र कुमार सिंह ने उपस्थित ग्राम प्रधान एवं पंचायत सहायकों और समूह की महिलाओं को गांव में बनाई गई पानी की टंकियों के हैंड ओवर एवं कुशल संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभूनाथ पाठक ने बताया कि गांव वालों को शुद्ध पेयजल के लिए केन्द्र सरकार की वृहद स्कीम संचालित कराने की तैयारी चल रही है। शासन का निर्देश पर उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 15 के अनुसार ग्राम पंचायत के कार्य, उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 95 (1) छ के प्रधान पद को हटाया जाना, ग्राम प्रधान को स्वयं के आयकर रिटर्न दाखिल करना, महिला ग्राम प्रधान को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के संबंध में विशेष रूप से जानकारी दी गई।

### चौधरी अजित सिंह को मिले पद्म विभूषण सम्मान : विजय

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव विजय कुमार लाल श्रीवास्तव ने सोमवार को जारी किए गए अपने एक बयान मे केंद्र की एन.डी.ए सरकार से देश के पूर्व कृषि,भारी उद्योगमंत्री, राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अजित सिंह को पद्म विभूषण सम्मान दिए जाने की मांग की है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि चौधरी अजित सिंह देश के उच्च शिक्षित और प्रबुद्ध राजनेता थे। उनका सम्पूर्ण जीवन देश के किसानों कमेरा समाज के भलाई के लिए समर्पित था वह सामाजिक न्याय और समता मूलक समाज के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने कहा कि देश के आर्थिक सुधार मे चौधरी अजित सिंह का अभूतपूर्व योगदान है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि वह सर्व धर्म के सम्मान और भाईचारा को हमेशा मजबूत करने वाले दूर दृष्टि एवं सत्यम शिवम सुंदरम समाज बनने वाले ईमानदार, गांधीवादी और समाजवाद को मानने वाले लोकप्रिय किसान नेता थे।वह राष्ट्र पिता महत्मा गाँधी के राष्ट्रवाद स्वराजय,सत्य अहिंसा और समाजिक सदभाव को मानने वालो देश के 21वीं शताब्दी मे मानने वाले प्रमुख नेताओं मे से एक थे।

### बाइक सवारों ने ऑटो सवार के साथ की मारपीट

**जालौन, समृद्धि न्यूज।** ऑटो को ओवरटेक करने को लेकर हुए विवाद ने बाइक सवारों ने ऑटो सवार के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। उरई कोतवाली के पटेल नगर निवासी विक्की सिद्दीकी ने पुलिस को बताया कि वह रविवार की रात गोहन की ओर से पारिवारिक ऑटो से लौट रहा था। सहाव के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के नजदीक बाइक सवार युवकों ने ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी बात को लेकर नरेंद्र व आलोक निवासीगण सहाव ने उनके साथ गाली, गलौज शुरू कर दी। जब गाली देने से मना किया तो उन्होंने मारपीट कर दी। साथ मे बैठे लोगों ने बचाने का प्रयास किया तो उनके साथ भी मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

### ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कुसमिलिया में



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** सोमवार को युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल जालौन के तत्वाधान में उप्र ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन इंटरमीडिएट कॉलेज कुसमिलिया डकोर में आयोजित किया गया प्रतियोगिता का उद्घाटन रमेश चंद्र शर्मा खंड विकास अधिकारी डकोर द्वारा फीता काटकार किया गया साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलाग अंसारी, वेत्रवती इण्टर कॉलेज जैसारी कला के प्रधानाचार्य राकेश कुमार आदि मौजूद रहे कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण श्री वीरेंद्र राजपूत जिला मंत्री भाजपा के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए उक्त कार्यक्रम में महेंद्र पटेल मिथलेश सिंह एवं श्रीमती सुरेंदर कौर ने मुख्य निर्णायक की भूमिका निभाई इस कार्यक्रम में अमर सिंह सुनील कुमार गुप्ता नीरज कुमार पालीवाल शैलेन्द्र भरत तरुण आदि उपस्थित रहे अंत में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी डकोर अर्चना प्रजापति ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी बैठक में डीजे ने दिए निर्देश

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में पंकज कुमार सिंह जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में पुलिस एवं प्रशासन के नोडल अधिकारियो तथा बैंक के प्रबन्धकगणो के साथ आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित-14 दिसम्बर की तैयारियों की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। इस अवसर पर अनिल कुमार शुक्ल अपर जनपद न्यायाधीश/ नोडल अधिकारी रा.लो.अदा. श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इन्द्रसेन अपर जिलाधिकारी/ नोडल अधिकारी, चिरंजीव नाथ सिन्हा अपर पुलिस अधीक्षक/ नोडल अधिकारी तथा विवेक कुमार अग्रणी जिला प्रबन्धक समेत समस्त बैंक/ फाइनेन्स कंपनी के शाखा प्रबन्धकगण उपस्थित रहें। पंकज कुमार सिंह जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी द्वारा राजस्व विभाग के वादों एवं सम्मन तामिला संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली गयी एवं उपस्थित बैंको के अधिकारीगण से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित वादों समीक्षा की गयी एवं लोक अदालत की सफलता के लिए अधिक से अधिक वादों को निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त प्राप्त कराई गई नोटिसों का अधिक से अधिक तामीला पुलिस प्रशासन द्वारा कराये जाने के भी निर्देश दिये गये।

## प्रोन्नति प्राप्त उपनिरीक्षक को स्टार लगाकर दी शुभकामनाएं



**जैदपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना में तैनात हेड कांस्टेबल से उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर थाना प्रभारी ने स्टार लगाकर दी शुभकामनाएं। बाराबंकी जिले के जैदपुर थाना में तैनात हेड कांस्टेबल रामनाथ प्रसाद को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर सोमवार करीब 1 बजे थाना प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह व वरिष्ठ उप निरीक्षक योगेंद्र मिश्रा द्वारा कंधे पर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी गई है।

# छात्र की पिटाई के मामले में प्रबन्धक पर मुकदमा दर्ज

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सिद्धौर ब्लॉक के कोठी थाना क्षेत्र के पंडित ब्रह्मदत्त मेमोरियल पब्लिक स्कूल मानस विहार उचिटा में सोमवार को कक्षा दो के छात्र को प्रबंधक ने पीट दिया इसकी शिकायत लेकर उसका चाचा स्कूल पहुंचा प्रबंधक ने उससे भी अभ्रदता करते हुए जमीन पर धकेल दिया इसकी शिकायत पर पुलिस ने प्रबंधक को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज किया है उधर, सूचना पर बीईओ सिद्धौर ने भी स्कूल पहुंचकर जांच की है मान्यता व भवन नक्शा आदि संबंधित अभिलेख तलब किए हैं।

जानकारी के अनुसार आपको बता दें कि सिद्धौर ब्लॉक के कोठी थाना क्षेत्र के अरूई गांव स्थित पंडित ब्रह्म दत्त मेमोरियल पब्लिक स्कूल मानस विहार उचिटा है।

यहां सैदपुर पोराई गांव निवासी शिवदीप वर्मा पुत्र फतेह बहादुर का पुत्र आर्यन वर्मा कक्षा दो का छात्र है जो सोमवार को वह स्कूल गया था। पढ़ाई को लेकर प्रबंधक शैलेश तिवारी ने उसे पीटकर स्कूल से खदेड़ दिया वह रोते हुए घर पहुंचा उसके चाचा कुलदीप वर्मा ने देखा कि उसकी आंख पर गंभीर चोट लगी थी तत्काल कुलदीप स्कूल पहुंचे इस बाबत में पूछताछ में प्रबंधक आग बबूला होते हुए अभ्रदता कर उसे धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया पिता की शिकायत पर इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने प्रबंधक को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज किया है। उधर, सूचना पर पहुंचे बीईओ सिद्धौर प्रमोद कुमार उपाध्याय भी विद्यालय पहुंचकर जांच पड़ताल की है। उन्होंने बताया कि विद्यालय भवन के नक्शा व मान्यता आदि संबंधित दस्तावेज तलब किए गए। यदि मान्यता से अधिक कक्षाएं संचालित होना प्रकाश में आया तो विद्यालय सीज कर दिया जाएगा। वही क्षेत्र में सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है की शिक्षा ग्रहण करने को लेकर रुपये 250 से लेकर रुपये 500 तक वसूली की जाती है और इतना ही नहीं जो बच्चों को ले जाने वाली वैन गाड़ी का किराया रुपये 300प्रति बच्चों से महीने वार लिया जाता है जो की एक किलोमीटर के अंदर वसूली कि जाती है।

# डीएम की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों व कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक आयोजित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को जिलाधिकारी, सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर सम्बंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न मामलों के प्रगति कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

राजस्व कार्यो के मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने धारा-24 के मामलों में पेंडिंग केसेज अधिक होने पर नाराज़गी जताई और सम्बंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि धारा 24 के मामलों के निस्तारण में तेजी लाई जाए और इससे सम्बंधित चल रहे वादों का समय से निस्तारण किया जाए। धारा 34, धारा 80 व धारा 116 से सम्बन्धी मामलों का समय से निस्तारण किया जाए साथ ही खतौनी में अंश निर्धारण की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से और समयानुसार की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि ई-खसरा बनाने की प्रक्रिया बहुत धीमी है उसमें तेजी लाई जाए। सभी तहसीलों में शत्रु सम्पत्तियों व निष्क्रांत सम्पत्तियों को चिन्हांकित करके उनका विवरण एक अलग रजिस्टर में दर्ज किया जाए। इसके अलावा सीलिंग की जमीनों का भी चिन्हाकन कर लिया जाए और उनपर किसी का अवैध कब्जा हो तो उसे हटवाया जाए। आईजीआरएस के मामलों के निस्तारण में बड़ी संख्या में आवेदक असंतुष्ट की फ़ीडबैक दे रहे है इसके लिये अधिकारी अपनी जिम्मेदारी तय करते यह सुनिश्चित कर ले कि मामलों की निस्तारण प्रक्रिया से आवेदक संतुष्टि भी मिलनी चाहिए।

अंश निर्धारण के मामलों को भी समय से पूरा किया जाए। आय, जाति और निवास के प्रमाणपत्रों में रिपोर्ट लगाकर उन्हें समय से निर्गत कराये। नीलामी प्रक्रिया के तहत तालाबों के आवंटन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। कर-करेत्तर सम्बन्धी मामलों की समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों से फीडबैक लिया और विभिन्न विभागों खनिज विभाग, राजस्व विभाग, परिवहन विभाग, विद्युत विभाग, तहसीलों में बकायेदारों आदि सहित समस्त विभागों से कर वसूली के मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तहसीलों, ब्लॉकों सहित पंचायतों में बैनर पोस्टर लगाकर प्रचार-प्रसार कर लोगों को जानकारी देते हुए उन्हें एकमुश्त समाधान योजना के तहत छूट का लाभ उठाने के लिये प्रेरित करें और विद्युत व परिवहन सहित अन्य विभागों के बकायेदारों के समय से रजिस्ट्रेशन करवाकर राजस्व का बकाया भुगतान जमा करवाने में तेजी लाई जाये। इस अवसर पर एडीएम (न्यायिक) इंद्रसेन, जॉइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम नवाबगंज आर जगत साईं, प्रशिक्षु आईएएस काव्या सी, डिप्टी कलेक्टर सहित सभी तहसीलों के एसडीएम, तहसीलदार व सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पिता का सम्मान ही पुत्र का प्रथम कर्तव्य : रामानन्दाचार्य



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** ग्राम रूरा अड्डू में चल रहे 11 कुण्डीय श्री विष्णु महा यज्ञ के तीसरे दिन की राम कथा में चित्रकूट धाम के पीठा धीस्वर रामान्दचार्य ने मनु और सतरूपा की कथा का वर्णन किया। सात दिसंबर से सुरु हुऐ श्री विष्णु महा यज्ञ के तीसरे रामकथा के दौरान यज्ञ में पधारे विभिन्न बक्ताओ ने अपने अपने मुखरबिंद से रस्मई बांडी से कथा के तीसरे दिन धरती की जीव उत्पत्ति के बारे में कथा सुनते हुऐ बताया की जिस तरह मनु और सतरूपा ने अपने आराध्य का अपमान स्वीकार नहीं किया। उसी तरह संसार के हर पुत्र क़ो अपने माता पिता का अपमान नहीं होने देना चाहिए। फ़िर चाहे वजय चाहे कुछ भी हो उन्होने कहा की पुत्र के लिए पिता के सम्मान से बड़ा कोई सम्मान नहीं है। उसी क्रम में रामस्वरूपाचार्य ने अयोध्या धाम की महिमा के साथ साथ पावन सरयू के मतत्व के बारे में श्रोताओं क़ो उसकी महत्वता और मिलने बाले पुण्य की कथा का वर्णन किया। जिसका रस्मई वाणी का हजारों की संख्या में आए हुऐ सभी भक्तो ने आनंद लिया।

# परिषदीय विद्यालयों में लगाया गया अपार मेगा शिविर

**बाराबंकी, सिरौलीगौसपुर, समृद्धि न्यूज।**



प्राथमिक विद्यालय करोरा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का शैक्षणिक ब्योरा एकत्रित करने के लिए प्रधानाध्यापक संगीता तिवारी की अध्यक्षता में अपार मेगा शिविर का आयोजन किया गया जिमसें अभिभावकों से सहमति पत्र लिया गया। सोमवार प्राथमिक विद्यालय करोरा में मेगा अपार दिवस का आयोजन किया गया और प्रत्येक माह प्रत्येक दिन आने वाले बच्चों को उनके अभिभावक के समक्ष पुरस्कार का वितरण भी किया गया बेसिक शिक्षा विभाग के बढ़ते कदम।

विद्यालय के शिक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि अपार आईडी से महज एक क्लिक में छात्र छात्राओं का पूरी जानकारी मिल जाएगी। इसके लिए विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाई जा रही है। वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी योजना के तहत यह कार्य किया जा रहा है। शिविर में शत प्रतिशत बच्चों की आईडी बनाई जाएगी। अपार आईडी के लिए विद्यार्थी के पास आधार कार्ड अवश्य होना चाहिए। साथ ही यू डाइस प्लस पर विद्यार्थी का डाटा स्कूल द्वारा सत्यापित होना चाहिए। यू डाइस पोर्टल पर माता-पिता, अभिभावक का सही मोबाइल नंबर उपलब्ध होना चाहिए। जिन विद्यार्थियों का आधार कार्ड नहीं है, उन्हें अविलंब आधार कार्ड बनवा लेना चाहिए। इसके बिना अपार आइडी जनरेट नहीं होगी।इस अवसर पर ज्योति चतुर्वेदी, अखिलेश सिंह प्रहलाद कुमार विमल ,रितेश कुमार सिंह सहित अभिभावक देवकी वर्मा,सीमा, अयोध्या प्रसाद शिवबहादुर, गीता कामनी, महिमा, व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।शिक्षा निदेशालय की ओर से विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाई जा रही है। स्कूलों में दो दिवसीय शिविर आयोजित करने का निर्देश सभी प्रधानाध्यापकों दिया गया है। इसके में लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेसियों ने बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

**उरई(जालौन), समृद्धि न्यूज।** सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के आवाहन पर जनपद जालौन कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस ऑफिस शहीद भवन रामनगर उरई में कांग्रेस परिवार की मुखिया पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद श्रीमती सोनिया गांधी जी का 74वां जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला सेवादल जिला अध्यक्ष यदुवेंद्र सिंह जादौन ने रक्तदान करके सोनिया की लंबी उम्र की कामना की। जनपद कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता सभी ने हर्ष उल्लास के साथ केक काटकर मिठाई बांटकर सोनिया गांधी जिंदाबाद के नारों के साथ जन्मदिन का जश्न मनाया और पौधारोपण करके जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने कहा कि हमारी कांग्रेस परिवार की मुखिया का जन्मदिन है आरटीआई विभाग के अध्यक्ष अयूब अंसारी, शकुंतला पटेल महिला अध्यक्ष,



यादवेंद्र सिंह जादौन सेवादल अध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष दुलीचंद विश्वकर्मा, एससी एसटी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र वाल्मीकि, सीताराम वर्मा, कमालुद्दीन जालौन, मोहम्मद फैजानउलहक, राजेश बुधौलिया, अशोक सक्सेना, शेर सिंह दोहरे, अरविंद यादव, चांद मियां, दिनेश व्यास, कमल दोहरे, असगरी बेगम, इंजीनियर मनमोहन सिंह जाटव, अमिताभ कुमार दीक्षित, जितेंद्र मिश्रा, नरेंद्र व्यास, योगेंद्र यादव, आदित्य कुमार मिश्रा, छाया पालीवाल, न्यूरल हक, लक्ष्मी देवी, सीमा देवी, राजेश प्रजापति, लक्ष्मी नारायण चतुर्वेदी, राहुल द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने दिए राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बैठक में विकास और निर्माण कार्यों को सुचारु रूप से जारी रखने के लिए विभिन्न विभागों से प्राप्त होने वाले राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने भू राजस्व, परिवहन, स्टांप, वन, आबकारी, खनिज, नगर निकाय, वाणिज्य कर, मंडी, विद्युत सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से उनके निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप राजस्व वसूली की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से वाणिज्य कर और स्टांप विभाग के अधिकारियों को चेतावनी के साथ स्पष्टीकरण मांगा और प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन संबंधी कार्यवाही की योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और धर-पकड़ अभियान चलाकर लोकेशन माफ़ियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर जेल भेजा जाए।

इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में खाद्यान्न दुकानों से कालाबाजारी न होने पाए, जिन उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व पूर्ति अधिकारी कड़ी निगरानी रखें। उन्होंने खाद्यान्न दुकानों पर निरंतर जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को 5 वर्ष और 3 वर्ष पुराने राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी भूमि, तालाब, चारागाह, सरकारी संपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफकड़ा अभियान चलाने का निर्देश दिए। अवैध अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई की जाए, यह सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास कार्यों को गति देने और शासन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी विभाग अपने कार्यों में पारदर्शिता और तत्परता दिखाएं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, समस्त उप जिलाधकारी, तहसीलदार व सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# छात्रों ने कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए जुटाई 21,000 रुपए की सहायता

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

ग्लोबल कैंसर कंसर्न दिल्ली द्वारा कैंसर पीड़ित बच्चों के इलाज के लिए समाज से सहायता की अपील पर पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल, इटावा के छात्रों ने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 21,000 रुपए की धनराशि जुटाकर अपनी संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। यह राशि ग्लोबल कैंसर कंसर्न के प्रतिनिधि असलम पासा को सौंपी गई।

इस अवसर पर असलम पासा ने बच्चों को प्रेरित करने वाली अध्यापिका संगीता मालिक और सहयोग करने वाले बच्चों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र यादव की सराहना करते हुए कहा कि कैलाश यादव एक सामाजिक व्यक्तित्व हैं, जो सभी के दुख-दर्द को समझते हैं और हर जरूरत में मदद के लिए तत्पर रहते हैं।

प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र यादव ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जो दूसरों के दुख-दर्द को समझते हैं, वे ही सच्चे इंसान हैं। हमारा उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ भावी नागरिकों का निर्माण करना भी है। आज के बच्चे हमारे कल के भविष्य हैं, और ऐसे कार्य उनके चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



प्रधानाचार्य ने उन माता-पिता का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने बच्चों की भावनाओं को समझते हुए इस नेक कार्य में योगदान देने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। विद्यालय के इस प्रयास ने समाज में यह संदेश दिया कि शिक्षा सिर्फ ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में मानवीय मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

# आज आएंगी महिला आयोग सदस्य प्रियंका मौर्या

▸ पहले दिन करेंगी जनसुनवाई और फिर होगा निरीक्षण

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रियंका मौर्या अपने दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम को लेकर 11 दिसंबर यानी मंगलवार को अयोध्या पहुंचेगी।यहां पहुंचने के बाद श्रीमती मौर्या पूर्वाह्न 11 से अपराह्न दो बजे तक सर्किट हाउस में जनसुनवाई करेंगी और इसके बाद महिला बंदीगृह,वन स्टाप सेंटर व जिला



चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी। निरीक्षण कार्यक्रम के बाद श्रीमती मौर्या सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगी। अगले दिन यानी 12 दिसम्बर को श्रीमती मौर्या महिला चिकित्सालय, कस्तूरबा गांधी विद्यालय व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करेंगी। इसके अलावा श्रीमती मौर्य के अन्य कार्यक्रम उनके निर्देशानुसार होंगे।जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जनपद की सभी महिलाओं/बालिकाओं से अपील की गई है कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु किसी भी शिकायत, समस्या के समाधान हेतु 11 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे सर्किट हाउस अयोध्या में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती मौर्या के समक्ष अपनी शिकायत रखने के लिए उपस्थित रहें जिस पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए उनकी समस्या का त्वरित समाधान किया जाएगा।

# भगवान परशुराम पर माल्यार्पण कर मासिक बैठक संपन्न

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रजिस्टर्ड के द्वारा भगवान परशुराम जी के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर हुए मासिक बैठक का आयोजन श्री चंद्रकांता मैरिज होम छिबरामऊ में धूमधाम से मनाया गया राजीव दुबे प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती नेहा त्रिपाठी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी समाजसेवी भाई महेश दुबे उपस्थित रहे। बैठक का संचालन सर्वेश तिवारी जी द्वारा किया गया प्रदेश अध्यक्ष राजीव दुबे ने कहा कि हमारा संगठन लगातार आगे बढ़ रहा है और हम सब आपस में संगठित होने का कार्य कर रहे हैं हमारा पूरा प्रयास है कि हमारा समाज आगे बड़े हर ब्राह्मण मजबूत हो राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा त्रिपाठी ने कहा कि आज सौभाग्य का विषय है कि यहां पर इतनी ब्राह्मणों की संख्या दिख रही है और हम अपने ब्राह्मण परिवार के साथ हैं तन मन और धन से उन्होंने कहा कि संगठन में महिलाएं भी आगे आए ताकि संगठन और मजबूत हो सके। मुकेश द्विवेदी प्रदेश मीडिया प्रभारी ने कहा कि गमा देवी मंदिर पर भगवान परशुराम जी की मूर्ति का प्रस्ताव रखा गया है और शीघ्र अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रजिस्टर्ड के द्वारा भगवान परशुराम की मूर्ति की स्थापना करवाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर उपदेश त्रिपाठी प्रेम मुरारी दुबे रमेश चंद तिवारी विकास मिश्रा शिवम मिश्रा आकाश वाजपेई वंश द्विवेदी डॉक्टर संजीव अवस्थी रमाशंकर पंडित, अनुराग वाजपेई, संजीव कुमार चतुर्वेदी बृजेश त्रिपाठी, देवकीनंदन दुबे डॉक्टर शिवकुमार राज नारायण दीक्षित अरविंद पांडे विनोद कुमार दुबे उर्फ पप्पू संजीव मिश्रा आलोक दुबे राजकिशोर, उमाशंकर दुबे, देवेंद्र पाठक प्रदीप कुमार द्विवेदी डॉक्टर बीपी सिंह त्रिपाठी नितिन कुमार त्रिपाठी अमरेंद्र पांडे और दीपू रमेश चंद्र तिवारी रामजी दिक्षित सर्वेश दीक्षित अशोक कुमार चतुर्वेदी अश्वनी दीक्षित अंकित दुबे राजू दुबे अमर दीक्षित प्रदीप मिश्रा प्रभात दीक्षित सुबोध मिश्रा अरविंद कुमार दुबे राजीव कुमार दुबे अनुज दुबे संजीव त्रिपाठी श्याम सुंदर श्यामू चतुर्वेदी अर्पित दीक्षित प्रभात कुमार दीक्षित पवन तिवारीआदि लोग मौजूद रहे।

## सीओ सिटी ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को परखा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीओ सदर कमलेश कुमार ने पुलिस कर्मियों के साथ सोमवार को शहर में भारतीय स्टेट बैंक सहित आदि बैंकों का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्किंग में खड़े वाहनों को भी चेक किया। मौके पर बैंक में संचालित सीसीटीवी कैमरे को देखा। शाखा प्रबन्धक से वार्ता कर सायरन व सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया तथा मौके पर सुरक्षा गार्ड से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बैंक कर्मचारियों को अपराध रोकने की दृष्टि से किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरा व सायरन को भी देखा तथा बैंकों पर तैनात पुलिसकर्मियों से पूछताछ की। सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए।

# जेल के अंदर न जाने दी जाएं प्रतिबंधित सामग्री

▸ डीजे- डीएम ने जेल का निरीक्षण कर दिए, आवश्यक निर्देश

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**


जेल निरीक्षण के दौरान मौजूद जिला जज, डीएम और एसपी

जिला जज चंद्रोदय कुमार, जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद ने अनौगी स्थित जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी बैरकों तथा बन्दियों का गहन निरीक्षण किया। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाए। साथ ही जिला कारागार में आने वाले नये कैदियों का जेल चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक मो. अकरम खां को निर्देश दिए कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे एवं निरूद्ध बन्दियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखें एवं आवश्यकतानुसार समय- समय पर कारागार मे निरूद्ध बन्दियों की गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी दे।

## मृतक के परिजनों को जिलाधिकारी ने सौंपी आर्थिक सहायता की चेक

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** जगतापुर गांव में एक माह पहले गगन उर्फ रामू गुप्ता की हुई हत्या के मामले में मृतक के परिजनों को जिलाधिकारी ने गांव पहुंचकर दो लाख पचास हजार रूपए की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया। चेक पाकर मृतक युवक के माता-पिता ने जिला प्रशासन व सरकार के प्रति आभार जताया। विदित हो कि इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के जगतापुर गांव निवासी रमेश चन्द्र गुप्ता के 18 बर्षीय पुत्र गगन उर्फ रामू का गत 03 नवबंर को घर के बाहर से अपहरण कर लिया गया था। बाद में उसकी हत्या कर उसके शव को कटैया पुल के समीप फेंक दिया था। मामले में पुलिस ने मृतक रामू के दो दोस्तों व प्रेमिका को उसकी हत्या के आरोप में जेल भेज दिया था। करीब एक माह बाद सोमवार को डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया के साथ मृतक के घर पहुंचे। यहां उन्होने मृतक के परिजनों को ढ़ांढस बंधाते हुए आर्थिक सहायता की चेक सौंपी। इस दौरान भाजपा नेता शैलेन्द्र द्विवेदी, राकेश सिंह सेंगर, अमित कुमार राजपूत, तब्बू त्रिपाठी, राकेश द्विवेदी, हिमांशू सक्सेना सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

# शाकभाजी उत्पादन की आधुनिक वैज्ञानिक विधि का दे प्रशिक्षण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



उप निदेशक उद्यान कानपुर मण्डल मुकेश कुमार ने जनपद में भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए लक्ष्यानुसार शत् प्रतिशत पूर्ति किये जाने के निर्देश दिये। इसके पश्चात् एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत चयनित लाभार्थी कृषकों को प्याज व संकर शाकभाजी बीज वितरित किए। विकास खण्ड सौरिख के ग्राम किसई जगदीशपुर में ÷पर ड्रॉप मोर क्रॉप÷ माइक्रोइरीगेशन योजनान्तर्गत स्थापित ड्रिप व मिनी स्प्रिंकलर का निरीक्षण कर अधिकाधिक लाभार्थियों को सूक्ष्म सिंचाई पद्धति से जोड़ने के निर्देश दिये। उन्होंने इन्डो इजरायल सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स फॉर वेजीटेबल, उमर्दा का निरीक्षण किया। केन्द्र की हाईटेक नर्सरी में तैयार किये गये विभिन्न प्रजातियों की शाकभाजी पौध पॉली हाउस व नेट हाउस में लगे असीमित बढ़वार के टमाटर, चैरी टोमैटो, रंगीन शिमला मिर्च, रंगीन फूलगोभी, ब्रोकली व लाल पत्तागोभी आदि के जमीन पर, ग्रो बैग में व ट्रफ में लगे आधुनिक तकनीकी के प्रदर्शनों को अवलोकित कर उनकी सराहना की।

# राज्य सूचना आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले राज्य के रूप में आगे बढ़ाने का रास्ता बना दिया है। अभी यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बन चुका है। प्रतिव्यक्ति आय दोगुनी से अधिक पहुंच गई है। नए भारत के नए यूपी के रूप में उभारने में सफलता प्राप्त की है। प्रदेश को नम्बर वन बनाने का संकल्प लिया गया है। प्रदेश के बजट में दोगुने से अधिक की वृद्धि हुई है। यह बात राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने कही। राज्य सूचना आयुक्त की अध्यक्षता में सर्किल हाउस में ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि विकसित यूपी में जन सूचना के अधिकार का भी योगदान सुनिश्चित होना चाहिए। सूचना के माध्यम से जन समस्याओं का समाधान संभव है। कहा कि विकास यात्रा में यह योगदान भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आरटीआई में जनकल्याण और पारदर्शिता की भावना समाहित है। इसके माध्यम से ग्रामीणों, निर्धनों की समस्या का समाधान होता है। इनको वांछित सूचना मिल जाने मात्र से इनकी समस्या का समाधान आसान हो जाता है, जनसूचना अधिकारियों को ऐसे लोगों पर प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देना चाहिए, सूचनाएं रोकी न जाए। आमजन द्वारा मांगी गई सूचनाएं 30 दिवस के अन्दर ही देना सुनिश्चित किया जाये। कहा कि सूचना वही दी जाये जो आपके कार्यालय में उपलब्ध हो। कहा कि राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए सभी सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मामले में देश मे दूसरे स्थान पर आ गया है। केन्द्र सरकार की पचास से अधिक योजनाओं में प्रदेश प्रथम स्थान पर है। कहा कि एक्सप्रेस-वे के किनारों पर औद्योगिक क्लस्टर विकसित किया जा रहा है। समग्र विकास की दिशा में जहां भी जनता की समस्याएं है, उनका समाधान सूचना के अधिकार द्वारा किया जा सकता है। बैठक में सीडीओ राम कृपाल चौधरी, सीओ सदर कमलेश कुमार, डीडीओ एनडी द्विवेदी, पीडी डीआरडीए राम अवतार सिंह,उपायुक्त एनआरएलएम राजकुमार लोधी, उपायुक्त मनरेगा दिनेश यादव सहित संबंधित अधिकारी रहे।


## कार्यालय ग्रा.पं. कपूरपुर वि.ख. छिबरामऊ, कन्नौज

पत्रांक मेमो/सचिव ग्राम पंचायत राज्य वित्त/15वां वित्त/टेण्डर प्रकाशन 2024-25 दिनांक-10.12.2024

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अति अल्पकालिक निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्क्षातरी द्वारा ग्राम पंचायत कपूरपुर विकास खण्ड छिबरामऊ कन्नौज के कार्यों हेतु आयकर एवं बिक्रीकर में पंजीकृत टिप नम्बर सहित सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्मों से ईंट, ईंट की रोड़ी सीमेन्ट,बालू,मौरंग, सरिया लोहे के गेट, प्लम्बरिंग, बिजली का सामान, गिट्टी, टाइल्स, इंटरलाकिंग ईंट मिट्टी रोवोर हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री सफाई किट हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार कुटेशन निविदा पत्र कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त निविदायें दिनांक 12.12.2024 को कार्यालय ग्राम पंचायत कपूरपुर में सामग्री आपूर्तिकर्तीयों की उपस्थित में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा गणित समिति के समक्ष खोली जायेगी। ग्राम पंचायत सचिव को यह अधिकार होगा कि किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किया जाता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | खालिद के मकान से पुलिया तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 4 लाख | 1 माह |
| 2. | नवीहसन के मकान से नाजिम खां के मकान तक नाली निर्माण कार्य | 2 लाख | 1 माह |
| 3. | ग्राम पंचायत कपूरपुर में क्रास निर्माण कार्य | 1 लाख 20 हजार | 2 माह |

ग्राम प्रधान　　　　सचिव


## खबरें एक नजर में

### तेज़ हवाओं के साथ हुई बूंदाबांदी, किसान चिंतित

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** सोमवार भोर करीब तीन बजे अचानक मौसम ने करवट ली और तेज़ हवाएं चलने लगी हवाओं के साथ बूंदाबांदी भी हुई जिसको देख किसान चिंतित हो गए। धीरे-धीरे मौसम में में परिवर्तन होता जा रहा है और साल का आखिरी महीना भी गुजर रहा नया साल से कोहरा भी पड़ने उम्मीद लग रही वही मौसम को देखते हुए किसानों ने आलू फसल में झुलसा रोग बचाव के लिए अभी से छिड़काव करना शुरू कर दिया है।

### मां-बेटी को मारपीट कर किया घायल, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर के बाहर बैठी महिला से परिवार के ही युवक ने अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के पुत्र ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मिरगावा निवासी जीशान पुत्र नन्हे उर्फ ताहिर ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि सोमवार की सुबह करीब 10 बजे उसके परिवार के ही युवक ने उसकी माँ मैनाज बेगम के साथ बेबजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाब में आई उसकी बहन ईरम को भी मारापीटा। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बिजली विभाग ने लगाए पोस्टपेड स्मार्ट मीटर


पोस्टपेड मीटर का माल्यार्पण करते एसडीओ ब्रजेश कुमार सरोज।

**बैलेंस समाप्त होने पर तत्काल बंद हो जाएगी बिजली**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** केंद्र सरकार की योजना आरडीएसएस (रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) के तहत सभी उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने है। जो उपभोक्ता बिजली बिल नहीं चुकाते हैं। विभाग उनका कनेक्शन पोस्टपेड से प्रीपेड में कन्वर्ट कर देगा। साथ ही प्रधानमंत्री सौर्य योजना के अंतर्गत भी यही मीटर काम करेंगे। इसी के तहत स्मार्ट मीटर का काम तेजी से किया जा रहा है। सोमवार को जीनस कंपनी के सर्किल इंचार्ज सुशांत सक्सेना, एसडीओ बृजेश कुमार सरोज, अवर अभियंता विकास कुमार ने नगर के मोहल्ला इंद्रा नगर निवासी सबीना बेगम के यहां पहला पोस्टपेड स्मार्ट मीटर इंस्टॉल किया है। साथ ही बताया की नगर में 8000 विद्युत उपभोक्ता है। सभी के यहां जल्द ही स्मार्ट मीटर इंस्टॉल कर दिए जाएंगे। जिससे उपभोक्ताओं को बिजली समस्याओं से मुक्ति मिल जाएगी। साथ ही उपभोक्ताओं को ओवरलोड़ की समस्या से भी निजात मिलेगी। जबकि यह मीटर बिजली चोरी व ओवरलोड़ को रोकने में भी कारगर होंगे। इस दौरान संजीव कुमार गुप्ता, रोहित श्रीवास्तव, सरमू, संजय आदि कर्मी मौजूद रहे।

## 19 दिसम्बर को समधन में जलसा व दस्तकार बंदी कार्यक्रम तैयारियां शुरू



**समधन, समृद्धि न्यूज़।** करीब 12 वर्ष वाद समधन नगर स्थित मोहल्ला सौरखी तरफ मदरसा रफीकुल उलूम का एक रोजा अजीमुश्शान व दस्तकार बंदी कार्यक्रम आयोजित होगा सोमवार को कस्बा समधन स्थित नई बाजार में जलसा व दस्तकार बंदी कार्यक्रम के लिए जगह की रूप रेखा तय की गई। मदरसा रफीकुल उलूम के मौलाना मोहम्मद मसूद अहमद व हाफिज इसराईल की मौजूदगी में जलसा कार्यक्रम होने वाली जगह की रूपरेखा तैयार की गई।हाफ़िज़ इसराईल ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 दिसम्बर को मदरसा रफीकुल उलूम का यह पांचवां जलसा कार्यक्रम होने जा रहा है आगे उन्होंने बताया कि इस मदरसे में पड़ने वाले जिन बच्चों ने कुरान पाक मुकम्मल कर हाफिज बनकर तैयार हुय है उन बच्चों को जलसा कार्यक्रम में पगड़ी बांधकर व कुराक पाक देकर दस्तकार बंदी होगी इस अवसर पर हाफिज मुशीर शेख, आसिफ शेख, राजा खान, नजमुल,फहीम शेख, मुस्तकीम, युसुफ,मुफीस (चचुआ) आमीन आदि लोग मौजूद रहे।

# फ्रॉड की गई धनराशि पीड़ितों को दिलाई वापस


पीड़ित को धनराशि का चेक प्रदान करती पुलिस

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

साइबर थाने पर साइबर ठगी का शिकार हुए पीड़ितों ने मुकदमा पंजीकृत कराया था। पुलिस ने त्वरित कार्यवाई करते हुए पीड़ितों की धनराशि वापस दिलाई। पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जनपद में साइबर क्राइम की रोकथाम के हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना साइबर क्राइम टीम द्वारा रामशरन पुत्र चक्रपान निवासी ग्राम नेकापुर थाना इन्दरगढ़ और सौरभ सिंह पुत्र स्व. रविरतन सिंह निवासी इंदुइयागंज थाना गुरसहायगंज 31,500 रूपये कुल धनराशि 1,17,142 रू बरामद कर न्यायालय के आदेशानुसार क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम द्वारा पीडितों को सुपुर्द किए।

थाना साइबर क्राइम टीम द्वारा शिकायत कर्ता कमल कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी गाँधीनगर थाना गुरसहायगंज को अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा कॉल करके ट्रेडिंग में अपनी एप्लीकेशन के माध्यम से रूपये लगवाने का झांसा देकर एक एप्लीकेशन इंस्टॉल कराकर फॉडस्टर द्वारा अलग- अलग खातों में फॉड ट्रांजेक्शन करवाने की शिकायत दर्ज की। जिसमें त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना साइबर क्राइम टीम द्वारा सम्बंधित बैंक/ इन्टरमीडियरी से संपर्क स्थापित कर पीड़ित की फॉड में गई धनराशि 1,10,000 वापस करायी गयी।


## कार्यालय अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, हमीरपुर

पत्रांक- 789/PW/S.F.C/2024-25　　　　दिनांक- 07.12.2024

### ई-निविदा सूचना(e-Procurement Notice)

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, हमीरपुर के द्वारा राज्य वित्त आयोग की धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/अन्य सरकारी विभाग में निम्न सारणी के कॉलम-9 के अनुसार वैध पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दरों में अधोलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

**कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है-**

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कक्ष सं. | कार्य का नाम | अनुमानित BOQ (रू. लाख में) | बिड सिक्योरिटी E.M.D (रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित | कार्य की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | हमीरपुर | 1 | कॉशीराम कालोनी में ब्लॉक नं.21 से 25 तक सी.सी. रोड का उच्चीकरण,आर.सी.सी. नाली एवं कवर का निर्माण कार्य | 14.04 | 1.40 | 1,850.00 | 2 Month | A to D |
| 2. | | 2 | स्व. ओमप्रकाश सिंह के मकान से लल्लू प्रजापति के मकान तक इंटरलाकिंग रोड, आर.सी.सी. नाली एवं कवर का निर्माण कार्य | 4.16 | 0.42 | 850.00 | 2 Month | A to D |
| 3. | | 3 | रामकिशोर खरे के मकान से सिवध्वासनी मन्दिर प्रांगण होते हुए शिवनाथ के मकान तक इंटरलाकिंग रोड ,आर.सी.सी. नाली एवं कवर का निर्माण कार्य | 7.07 | 0.71 | 1,150.00 | 2 Month | A to D |
| 4. | | 4 | यूनिक कलेक्शन के सामने से विनय बाबू के आवास तक सी.सी.रोड, आर.सी.सी. नाली एवं कवर का निर्माण कार्य | 5.66 | 0.57 | 950.00 | 2 Month | A to D |
| 5. | | 5 | श्रीरामा के मकान से बलवीर के मकान तक व रामस्वरूप एवं रामसेवक के मकान तक इंटरलाकिंग रोड, आर.सी.सी. नाली एवं कवर का निर्माण कार्य | 14.14 | 1.41 | 1,850.00 | 2 Month | A to D |
| 6. | | 6 | जयकरन प्रजापति के मकान से जगदीश त्रिवेदी के मकान तक इंटरलाकिंग रोड, आर.सी.सी. नाली एवं कवर का निर्माण कार्य | 12.91 | 1.29 | 1,650.00 | 2 Month | A to D |
| 7. | | 7 | कुछेछा में शिव मन्दिर से राहुल कुशवाहाा व विनोद सविता के मकान होते हुए नाथूराम कुशवाहा के मकान तक इंटरलाकिंग रोड, आर.सी.सी. नाली एवं कवर का निर्माण कार्य | 16.97 | 1.70 | 2,050.00 | 2 Month | A to D |
| 8. | | 8 | सूरजपुर स्थित अस्थाई गौशाला में भूसा शेड वेटनरी कक्ष एवं शौचालय का निर्माण कार्य | 33.66 | 3.37 | 3,840.00 | 2 Month | A to D |
| 9. | | 9 | सुरेश कुमार के मकान से श्रीमती जयदेवी के मकान होते हुए नहर तक इंटरलाकिंग रोड, आर.सी.सी. नाली एवं कवर का निर्माण कार्य | 3.74 | 0.37 | 750.00 | 2 Month | A to D |
| 10. | | 10 | नूरजहां के मकान से सुरेश हलवाई के मकान तक व सुरेश चन्द्र गौतम के मकान से रामनारायण निषाद के मकान तक इंटरलाकिंग व सी.सी. रोड, आर.सी.सी. नाली एवं कवर का निर्माण कार्य | 12.12 | 1.21 | 1,650.00 | 2 Month | A to D |
| 11. | | 11 | अंकित के मकान से लल्लू सिंह के मकान तक व रामजीवन गुप्ता से प्रमोद त्रिपाठी से विजय पाण्डेय के मकान तक इंटरलाकिंग रोड, आर.सी.सी. नाली एवं कवर का निर्माण कार्य | 12.86 | 1.29 | 1,650.00 | 2 Month | A to D |
| 12. | | 12 | गौरइया निषाद के मकान से मुन्ना दीक्षित के मकान तक सी.सी. रोड आर.सी.सी. नाली एवं कवर का निर्माण कार्य | 16.64 | 1.66 | 2,050.00 | 2 Month | A to D |
| 13. | | 13 | नीरज कश्यप के मकान से कैलाश सैनी के मकान होते हुए मेन रोड तक सी.सी. व इंटरलाकिंग रोड, नाली एवं कवर का निर्माण कार्य | 17.77 | 1.78 | 2,150.00 | 2 Month | A to D |
| 14. | | 14 | अनीस मुहम्मद के मकान से अनिल गुप्ता के मकान होते हुए मल्लू के मकान तक, अनिल गुप्ता के मकान से पारस नाथ तिवारी के मकान होते हुए विश्वनाथ के मकान तक एवं पारथ नाथ तिवारी के मकान से परवीन खटीक व अकील के मकान तक इंटरलाकिंग, आर.सी.सी. नाली एवं कवर का निर्माण कार्य एवं नाली मरम्मत का कार्य | 6.22 | 0.62 | 1,050.00 | 2 Month | A to D |
| 15. | | 15 | छोटे बड़े सरकार से कौशल महराज के मकान तक सी.सी. रोड, साईज में इंटरलाकिंग, नाली मरम्मत एवं आर.सी.सी. कवर का निर्माण कार्य | 11.63 | 1.16 | 1,550.00 | 2 Month | A to D |
| 16. | | 16 | कालपर चौराहा से भाई मिया चक्की होते हुए दिया इलेक्ट्रनिक की दुकान तक आर.सी.सी. नाला एवं कवर का निर्माण कार्य | 10.22 | 1.02 | 1,450.00 | 2 Month | A to D |

कार्यों की बिड दिनांक 09.12.2024 (सायं 5:00 बजे) से 30.12.2024 (सायं 5:00 बजे) तक ऑनलाइन आपलोड की जायेगी। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 31.12.2024 को अपरान्ह 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जाये। अवकाश होने पर बिड अगले कार्यकारिणी दिवस में निर्धारित समय एवं स्थान पर खोली जायेगी। बिड की वैधता मूल तिथि से मानी जायेगी। वित्तीय बिड खोलने की तिथि व समय ऑनलाइन दी जायेगी। कार्य के नियम एवं शर्तें https://etender.up.nic.in में देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, हमीरपुर**

# तेंदुआ ने डेढ़ दर्जन ग्रामीणों पर हमला बोलकर किया घायल

**डीएम व एसपी ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के लिए हालचाल**



अस्पताल में भर्ती घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तेंदुए के हमले से दो छात्र, तीन वन विभाग कर्मी सहित 15 लोग घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। तेंदुआ आने की खबर मिलते ही आसपास गांव में दहशत फैल गयी। लोगों ने अपने-अपने बच्चों को घरों में कैद कर लिया। सूचना पर एडीएम व एसपी भी घटनास्थल पर पहुंच गये। कानपुर से बुलायी गयी वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद तेंदुए को रेस्क्यू किया। तब कहीं जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम नूरपुर जसमई में सुबह लगभग 8 बजे तेंदुए को देखा। जिससे लोगों में दहशत व्याप्त हो गयी। इस दौरान खेतों में काम कर रहे रहे करीब दस लोगों को तेंदुए ने हमला बोलकर घायल कर दिया।

वहीं स्कूल जा रहे दो छात्रों पर हमला बोल दिया। जिससे वह घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल ग्रामीणों को लोहिया अस्पताल भेजा गया। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह, एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति मौके पर पहुंचे। उनके सामने ही तेंदुआ ने कई ग्रामीणों पर हमला बोल दिया। जिससे दोबारा कई ग्रामीण घायल हो गए। डीएम के निर्देश पर आसपास के विद्यालय को बंद कराया गया है। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह, एडीएम सुभाष प्रजापति भी मौके पर पहुंच गये। कानपुर से वन विभाग की डॉट टीम बुलाई गई। ड्रोन कैमरे से भी तेंदुए की निगरानी की गयी।

**ग्रामीणों की फसलें हुईं बरबाद**

तेंदुए आने की भनक लगने पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। इस दौरान खेतों में खड़ी आलू, गेहूं की फसल को काफी नुकसान पहुंचा। फसलों को ग्रामीणों व वन विभाग की टीम व अधिकारियों ने पैरों तले कुचल दिया। जिससे उनकी फसलें बरबाद हो गयीं। फिलहाल तेंदुए पकड़ने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## कानपुर वन विभाग की टीम ने आठ घंटे बाद किया रेस्क्यू



पिंज़ड़े में कैद आदमखोर तेंदुआ

वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने करीब आठ घंटे की मशक्कत के बाद आखिर तेंदुए को बेहोश करके पकड़ लिया। उसको वन विभाग की टीम नें पिजड़े में बंद कर लिया। घायल तेंदुए को भी उपचार के लिए कानपुर ले जाया गया। कानपुर से आयी टीम में वन विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक मो. नासिर व उनके सहयोगी वन दरोगा समीर सिंह सेंगर ने पहले जेसीबी पर बैठकर तेंदुए को बेहोश किया। उसके बाद उसे जाल में बंद कर पिंजड़े में बंद कर दिया। मौके पर तेंदुए को देखने के लिए हजारों की संख्या में भीड़ एकत्रित हो गयी। जिला वन अधिकारी प्रत्यूष कटियार ने बताया कि घायल तेंदुए को उपचार हेतु कानपुर भेजा गया गया। वहीं रेस्क्यू के दौरान तीन वन विभाग के कर्मचारी भी घायल हुए हैं।

## अधिकारियों ने लोहिया पहुंचकर घायलों के लिए हालचाल



अस्पताल में घायलों के हालचाल लेते डीएम व एसपी

तेंदुए के हमले में खेतों में काम कर रहे करीब दस ग्रामीण घायल हो गये। जिन्हें आनन–फानन में लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं तीन वन विभाग के कर्मचारी भी घायल हुए हैं। घायलों के हालचाल लेने जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने पहुंचकर हालचाल लिये तथा चिकित्सकों से बेहतर उपचार करने के निर्देश दिये।

# किसान नेता ने पीड़ित के घर पर किया कब्जा

**नवबगंज, समृद्धि न्यूज।**

एक किसान नेता ने पीड़ित के घर पर दबंगई के बल पर कब्जा कर लिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव कक्योली के भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के नेता ने निशा पत्नी आशीष कुमार के घर पर कब्जा कर लिया। पीड़िता ने बताया की हमारे पति ने कुछ दिनों के लिए गांव के ही निवासी धर्मेंद्र मिश्रा से 20000 लिए थे और कहा था कि हम आपको 3 महीने बाद वापस दे देंगे। जब मेरे पति ने रुपए वापस देने के लिए कहा, तो धर्मेंद्र मिश्रा ने रुपए न लेने से मना कर दिया और मकान पर कब्जा कर लिया। जब मैंने मना कर दिया और मारपीट पर उतारू हो गए और कहा कि अगर गांव में आए तो हम तुम्हें जान से मार देंगे। पीड़िता ने बताया की धर्मेंद्र मिश्रा को आजीवन सजा भी है। वह अपील पर बाहर आए हैं। उनकी दबंगई के बल पर गांव में कोई भी बोलता नहीं है। वह अपने ही घर पर अवैध तरीके से शराब भी बेचते हैं और कहां तुम कितनी भी ताकत लगा लो मकान वापस नहीं करेंगे। पीड़िता ने नवाबगंज थाना अध्यक्ष को तहरीर दी और मकान वापस करने की गुहार लगाई। थाना अध्यक्ष ने जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

**चोरों ने बरपाया कहर...**

# चार घरों के ताले तोड़कर लाखों की चोरी, ग्रामीणों में दहशत

**महिला से भिड़ंत के बाद अज्ञात चोर टॉर्च छीनकर मौके से फरार**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात चोरों ने चार घरों के ताले तोड़कर लाखों की चोरी कर ली। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। घटना को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पसियापुर में बीते दिवस की रात्रि अज्ञात चोरों ने कहर बरपाया। बताते हैं यहां छोटे बड़े दो मजरे हैं दोनों मजरों में अज्ञात चोरों ने बंद पड़े मकानों के ताले तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। ग्रामीणों के अनुसार सभी मकानो में ताले पड़े थे और भवन स्वामी बाहर है। बीते दिवस की रात्रि गांव के वेदपाल पुत्र नत्थू लाल के बंद पड़े मकान के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। बताते हैं वेदपाल परिवार के साथ हिमांचल में मेहनत मजदूरी करने चले गये। जिससे उनके घर में ताला पड़ा था। इसी का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों में मुख्य गेट का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसी तरह घनश्याम पुत्र महाराम भी चंडीगढ़ में मेहनत मजदूरी कर रहे हैं। घर में ताला पड़ा था। चोरों ने घर को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसी तरह राम रतन पुत्र मैकू लाल के घर में भी अज्ञात चोरों ने मुख्य गेट के



चोरों द्वारा बिखेरा गया सामान

ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताते हैं रामरतन भी परिवार के साथ हिमाचल में मेहनत मजदूरी कर रहे हैं। वहीं इसी गांव की रहने वाली धनदेवी पत्नी श्री कृष्ण जो घर पर अकेली रह रही है, जबकि पुत्र अमर सिंह पानीपत में मेहनत मजदूरी कर रहा है। रात्रि 1.30 बजे के करीब अज्ञात चोरों द्वारा ताले तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास किया गया। खटपट की आवाज सुन महिला को शक हुआ, तो महिला जागी। टॉर्च जलाकर अंदर का नजारा देखा, तो अज्ञात चोर निकलकर भाग खड़े हुए। महिला जब तक दरवाजे के करीब पहुंची, तो अज्ञात चोर दीवार के सहारे छुप गए। जैसे ही महिला बाहर निकली अचानक अज्ञात चोरों ने हाथापाई करते हुए टॉर्च छीन ली और खेतों में फेंककर फरार हो गये।

पूर्व ग्राम प्रधान बलराम सिंह ने बताया चाचा रामरतन के घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। लगभग डेढ़ लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात व सामान चोरी कर लिया गया। शेष लोगों के घरों से क्या-क्या चोरी हुआ है। यह जानकारी पीड़ित परिवार के लोगों के आने के बाद ही होगी। वहीं ग्राम प्रधान नरसिंह ने बताया अज्ञात चोरों द्वारा चार घरों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।घटना की सूचना परिजनों को देने के साथ कस्बा पुलिस को भी दी गई। पीड़ित महिला लक्ष्मी देवी के अनुसार दोपहर तक पुलिस कर्मियों द्वारा मौका मुआयना नहीं किया गया था। ग्राम प्रधान ने यह भी बताया जिन घरों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया उन घरों के मुखिया बाहर हैं।

सभी को सूचना दे दी गई। चोरी की घटना में कितना नुकसान हुआ है आने के बाद ही पता चल सकेगा। उधर अज्ञात चोरों द्वारा एक साथ चार घरों के ताले तोड़े जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में फायरिंग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में फायरिंग होने लगी। जिससे गांव में भगदड़ मच गयी। लोग अपने-अपने घरों में दुबक गये। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र से सटे ग्राम घसिया चिलौली मोड़ पर रंगबाजी को लेकर दो गुटों में रविवार की रात्रि दोनों पक्षों के बीच दहशत फैलाने के लिए फायरिंग होने लगी। फायरिग के दौरान भगदड़ मच गई। सूचना पर क्षेत्राधिकारी जय सिंह परिहार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार ने मौके पर पहुँचे। वहॉ पर दोनों पक्षों में कोई भी नहीं मिला। चर्चा के अनुसार फायरिग की आवाज सुनी गयी है। पुलिस जॉच कर रही है।

# टीबी खोज अभियान के तहत कैंप लगाकर लोगों को किया जागरुक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड कार्यालय परिसर में एडियो पंचायत तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे टीबी खोज अभियान के तहत कैंप लगाकर लोगों को जागरूक किया।

नवाबगंज विकास खंड परिसर में विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव के निर्देशन पर सरकार द्वारा चलाए जा रहे टीबी खोज अभियान के तहत कैंप लगाकर एडियो पंचायत व स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को टीबी के रोग तथा लक्षणों के बारे में जानकारियां दीं और टीबी के डॉक्टर दिलीप सिंह ने बताया की टीबी के लक्षण कई प्रकार के होते हैं। इसलिए जो लक्षण कैंप में बताए गए हैं जैसे कि शरीर में गांठ, रात में पसीना आना,



लोगों को जागरुक करते स्वास्थ्य कर्मचारी

दो हफ्ते तक खांसी आना, बलगम बना खून आना यदि ऐसी कोई समस्या है तो तत्काल पड़ोस के सीएससी केंद्र में जांच अवश्य करायें। यदि एक भी लक्षण पाए जाते हैं तो मरीज की दवा निःशुल्क की जाएगी तथा निःशुल्क जांच में होगी तथा ऐसे मरीज को सरकार द्वारा 1000 प्रति माह जब तक दवा चलेगी तब तक दिया जाएगा। हर हाल में सरकार का दावा है कि जैसे पल्स पोलियो अभियान के तहत अभियान चलाकर रोगियों को उनके रोग से मुक्ति दिलाई है वैसे ही टीबी के मरीजों को अभियान चलाकर मुक्ति दिलाई जाएगी। कोई भी इंसान रोग को छिपाए नहीं और न संकोच। बेझिझक होकर अपनी समस्या बताइए तथा सीएचसी पर जाकर जांच कराए। जिससे कि उसकी निःशुल्क जांच कर कर निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई जा सके और दवा खाने की अवधि तक मरीज को1000 प्रतिमाह सरकार द्वारा दिया जाएगा।

जिससे कि वह अपने खानपान की भी व्यवस्था सही और सुचारू रूप से कर सके। इस मौके पर टीबी रोग अभियान के तहत डॉ. दिलीप कुमार तथा एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा....की चौपाई पर भगवान राम का हुआ तिलक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्री राम दरबार मूर्ति स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित मानस अखण्ड पाठ का आयोजन हवन पूजन के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सामूहिक भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। अखण्ड पाठ के दौरान उत्तरकांड की चौपाई, प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा, पुनि सब विप्रन आयुष दीन्हा.......की प्रस्तुत पर श्रद्धालुओं ने भागवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का राजतिलक किया और श्रीराम के जयकारे लगाये। संगीतमय रामचरित मानस के अखण्ड पाठ में भक्ति रस की गंगा बही। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की आस्था का



हवन पूजन में भाग लेते भक्तगण

सैलाब उमड़ा। श्री हनुमान मंदिर सब्जी मंडी फतेहगढ़ में आयोजित कार्यक्रम अखण्ड पाठ के समापन अवसर पर आचार्य पंडित सुखदेव मिश्रा ने हवन पूजन वैदिक मंत्रों के साथ कराया। सामूहिक भंडारे में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के संयोजक पंडित ह्दयेश दीक्षित, आचार्य जितेंद्र प्रकाश मिश्रा, विनोद सरन सक्सेना, डॉ. प्रवीन पाण्डेय, करन सिंह हस्नू, दीपक शाक्य, राधा दीक्षित, कुलदीप दुबे, नेहा दीक्षित, माधुरी पाण्डेय, निशीत सक्सेना आदि मौजूद रहे। मुख्य यजमान की भूमिका विनय सरन सक्सेना व उनकी धर्म पत्नी राधा सक्सेना ने निभाई।

# दूध विक्रेता पर टकोरे से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

दूध विक्रेता पर टकोरे से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव पितौरा निवासी अरशद उम्र 30 वर्षीय पुत्र राशिद अली फेरी लगाकर दूध बेचने का कार्य करता है।

बीते दिन रविवार को वह दूध लेने के लिए मोटरसाइकिल से क्षेत्र के गांव जिराऊ गया था। गांव के निकट पहुंचते ही उसने बाइक किनारे खड़ी करके पेशाब करने लगा, तभी दिमाग से विक्षिप्त विजयपाल उर्फ पप्पू उम्र 45 वर्षीय पुत्र लालाराम निवासी जिराऊ ने आते ही उसके सर पर



आरोपी का मेडिकल परीक्षण करवाती पुलिस

टकोरे से हमला कर दिया। टकोरा खोपड़ी में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल दूध विक्रेता अरशद को आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां से डाक्टर ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

हल्का इन्चार्ज शमशुद्दीन, सिपाही कौशल पाठक के साथ मुखबिर की सूचना पर विजय पाल को गाँव से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने विजय पाल को मेडीकल परीकण के लिए भेजा। जहां कांस्टेबिल अनुज, सिपाही कौशल पाठक सरकारी अस्पताल में लाए। जहाँ डॉ. अमित फार्मासिस्ट राजीव के द्वारा विजयपाल का मेडीकल परीक्षण कर रहे थे, तभी उसने गाली-गलौज करने लगा। पुलिस ने मेडीकल परीक्षण करवा कर जेल भिजवाया।

# न्यायालय के आदेश पर पांच लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव देवसनी निवासी विनोद कुमार पुत्र श्याम लाल ने पड़ोसी जनपद एटा थाना नयागांव क्षेत्र के कस्बा सराय अगहत निवासी अशोक कुमार, सोनू, सोहित कुमार, शशि व कुलदीप के विरुद्ध अपने पुत्र परम जीत उर्फ नन्हें की हत्या किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है।

तहरीर के अनुसार पीड़ित का पुत्र परमजीत उर्फ नन्हें बाहर रहकर नौकरी करता था। वह 18 अगस्त 2024 को रक्षाबंधन के अवसर पर गांव देवसनी आया था। वह अपनी मेहनत मजदूरी का रुपया साथ लाया था।

दिनांक 21 अगस्त को समय करीब शाम चार बजे उसके पूर्व परिचित मित्र सोनू पुत्र धारा सिंह, सोहित कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी सराय, चमन नगरिया थाना नयागांव जनपद एटा पीड़ित के घर आए और परमजीत उर्फ नन्हें से कहा कि तुम्हारे पिता ने लगभग छह माह पूर्व सराय अगहत में जो जमीन खरीदी है उसी के बगल में कुछ जमीन और बिकाऊ है। अगर तुम खरीदना चाहे हम दिलवा देंगे। जमीन दिखाने व उसकी सौदा कराने के बहाने सोनू व सोहित कुमार पीड़ित के के पुत्र को अपने साथ सराय अगहत ले गए।

रात 10.00 बजे तक पीड़ित का पुत्र घर वापस नहीं आया। तब पीड़ित ने अपने मोबाइल नंबर से अपने पुत्र परमजीत के फोन पर फोन किया, तो परमजीत ने बताया अभी मैं अपने मित्र सोहित के घर बैठा हूँ। मेरे साथ सोहित के पिता अशोक कुमार सराय अगहत निवासी अमर सिंह के भांजे शशि, कुलदीप, सोनू, सोहित कुमार है। काफी दिनों बाद आया हूँ आधा 1 घंटे में घर आऊंगा। यह कहकर पीड़ित के पुत्र ने फोन काट दिया। लगभग 12.00 बजे तक जब पीड़ित का पुत्र घर वापस नहीं आया, तो पीड़ित ने पुनः उसके मोबाइल पर संपर्क किया, परंतु मोबाइल स्विच ऑफ मिला। रात्रि अधिक हो जाने के कारण पीड़ित सराय अगहत नहीं गया। अगली सुबह दिनांक 22 अगस्त को समय करीब 5.45 बजे सुबह जब पीड़ित अपने पुत्र को खोजने अशोक कुमार के घर जा रहा था, तो रास्ते में ही अशोक कुमार, सोहित, शशि, कुलदीप व सोनू मिल गए और कहा कि हम तुम्हारे घर पर ये सूचना देने जा रहे थे कि तुम्हारे पुत्र परमजीत ने मेरे घर के सामने स्थित वेल के पेड़ पर लटककर आत्महत्या कर ली है। पीड़ित द्वारा थाना नयागांव में रिपोर्ट अंकित कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया, तो उन्होंने कह दिया कि आपके पुत्र को ये लोग घर से बुलाकर लाए थे।

अतः आप थाना मेरापुर में रिपोर्ट दर्ज कराओ। तब पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ को रिपोर्ट लिखाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब जाकर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर मेरापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## वेवजह गाली-गलौज करने पर मारपीट कर घायल किया, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर निवासी कैलाश पुत्र सियाराम ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 21.08.2024 समय करीब सुबह 10 बजे पीड़ित गांव के श्रीचंद के दरवाजे पर बैठा था, तभी मेरे गांव के मोहित मिश्रा पुत्र सर्वेश मिश्रा मुझे देखकर वेवजह गाली-गलौज करने लगे।

मेरे द्वारा बात पूछने पर लाठी- डंडा लेकर मारपीट करने लगे। जिससे पीड़ित के शरीर में चोटें आई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।



दीवार पर बैठे खटखन्ने बंदर

## अधेड़ महिला को बंदरों ने काटकर किया घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अधेड़ महिला पर बंदरों ने हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गयी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव अताईपुर निवासी सुनीता उम्र 50 वर्षीय पत्नी लालता प्रसाद घर से बाहर किसी काम से जा रही थी, तभी वहाँ पर बैठे बन्दरों ने अधेड़ महिला पर हमला कर लिया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग लाठी-डन्डा लेकर दौड़ पड़े और बन्दरों को भगाया तथा घायल महिला को आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। बताते चलें कि कायमगंज में बंदरों का काफी आतंक है। बंदर अक्सर लोगों को काटकर घायल कर देते हैं। लोगों ने नगर पालिका से कई बार कटखन्ने बंदरों को पकड़वाने की मांग की, लेकिन नगर के कानों पर जूं नहीं रेंग रहा है। जिससे लोगों में रोष है।

# यूपीपीसीएस परीक्षा की तैयारी को लेकर डीएम ने दिये दिशा निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में यूपीपीसीएस परीक्षा की तैयारी बैठक जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी ने अनुपस्थित प्रधानाचार्यों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये। स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक किसी भी स्थिति में बदले नहीं जायेंगे। इनके मोबाइल सक्रिय रहें।

सिक्योरिटी लॉक इनके द्वारा ही खोला जायेगा। डाटा की सक्रियता हेतु निश्चितता बनाये रखें। परीक्षा 22 तारीख को दो पालियों में होगी। विद्युत जनरेटर चालू हालत में सभी केंद्रों पर उपलब्ध रहें। सभी पोस्ट आफिस में पर्याप्त कर्मी उपलब्ध रहेंगे। ताकि कार्य प्रभावित न हो। 19 तारीख को कोषागार में अतिरिक्त पुलिस बल उपलब्ध होगा। परीक्षा हेतु पेपर केंद्रों एक घंटे पूर्व ही उपलब्ध होगा। कैमरे की निगरानी में पेपर दिये जायेंगे। केंद्र व्यवस्थापक प्रातः 7 बजे पहुंचेंगे। किसी भी दशा में कोई भी इलेक्ट्रानिक गैजेट उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। बोयोमीट्रिक टीम भी जायेगी। गर्ल्स के लिए दो इंडोर्स रहेंगे। क्लोक रुम बाहर ही होंगे। केंद्र क निकट फोटोकॉपी की दुकानें बंद रहेंगी। परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिका जमा एक रसीद प्रशासन को दी जायेगी। स्टेटिक मजिस्ट्रेट 06:30 बजे पहुंचेंगे कैमरे में सभी के चेहरे भी



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद प्रधानाचार्य आदि

दिखने चाहिए। सभी के पास पहचान पत्र होंगे। डिजिटल लॉक खोलने के लिए टेक्स मैजेस आयोग से मिलेगा।

सम्पूर्ण व्यवस्था की सीसीटीवी लाइव स्ट्रीमिंग की जायेगी। कटे फटे प्रश्नपत्र अनुपस्थित अभ्यर्थियों के प्रश्न पत्र से बदले जा सकेंगे। सभी केंद्रों पर जीवन रक्षक दवाइयां उपलब्ध रहेंगी। दो एंबुलेंस एक फर्रुखाबाद में व एक कमालगंज में रहेगी। परीक्षा के दौरान कोई बाहर नहीं जायेगा। जो जायेगा वह वापस नहीं आयेगा।

कोई भी प्राइवेट कर्मी परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं करेगा। विद्युत व्यवस्था की उपलब्धता सुचारु रहे। सभी अवकाश निरस्त है। 17 से 22 तक अवकाश केवल डीएम व एडीएम से ही ले सकेंगे।

# ट्रांजीशनल करिकुलम के सातवें दिन वदतु संस्कृतम् विषय की दी गई जानकारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक व छात्र-छात्रायें

ट्रांजीशनल करिकुलम के सातवें दिन बीएएमएस के नवांगतुक 2024 बैच के छात्र-छात्राओं को वदतु संस्कृतम् की कक्षा में डॉ. अरिमर्दन सिंह ने संस्कृत विषय के बारे में बताया। राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय लखनऊ के रचना शारीर विभाग के एसो. प्रोफेसर डॉ. संजीव सक्सेना ने छात्र/छात्राओं को आयुर्वेद का अध्ययन मनोयोग से करने को कहा। डॉ. सक्सेना मेजर एसडी सिंह पीजी आयु. महाविद्यालय के आरम्भ स्तम्भ में से है।

रचना शरीर विभाग के प्रथम शिक्षक रहें है। रा.आयु. कॉलेज अर्तरा के पूर्व प्राचार्य तथा शल्य तंत्र विशेषज्ञ डॉ. बाबू राम त्रिपाठी ने यूजी तथा पीजी के छात्र/छात्राओं को आयुर्वेद की परिभाषा को आधुनिक विज्ञान के परिपेक्ष में बताया तथा छात्रों को आयुर्वेद के महत्व की जानकारी दी। अतिथि का सम्मान कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर किया गया। छात्र/छात्राओं ने डॉ.भारती पांचाल के नेतृत्व में रोग निदान विभाग में विजिट किया एवं डॉ. कविता शर्मा के नेतृत्व में रचना शारीर विभाग का विजिट किया। पीजी के छात्रों का डॉ. शिल्पा विष्ट द्वारा कैश प्रजेन्टेश कराया गया। डॉ. एके खान ने आयुषमान भारत के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. मधु रंजन ने आयुष विजा के बारे बताया। और डॉ. संकल्प सिंह ने पीजी छात्रों का ओरिएन्टेशन लैक्चर लिया। इस मौके पर डॉ. नीतू श्री, डॉ.निरंजन एस., डॉ. विजय मोहन गुप्ता, डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय, डॉ. मुकेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ. भारती पांचाल, प्रशासनिक अधिकारी अनूप कुमार आदि उपस्थित रहें।

## चकरोड के विवाद में गाली-गलौज एवं मारपीट का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम लखमीपुर निवासी आयुष पुत्र पेशकार ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया पीड़ित का खेत जिसका नंबर 328 है। खेत का चकरोड उच्च अधिकारी द्वारा सीधा बनवाया गया है। पड़ोसी रंजीत पुत्र रामतीरथ, लालजीत पुत्र रामतीरथ, सुरजीत पुत्र रामतीरथ, अवनीश पुत्र रामतीरथ ने अपनी मर्जी से रोड की मांग करते हुए गाली-गलौज किया। मना करने पर उक्त लोग हाथापाई एवं लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। जिससे पीड़ित के शरीर में चोटें आई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# तम्बाकू से होने वाली हानियों के प्रति किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



संबोधित करते अमित सिसोदिया मौजूद अन्य

दुर्गा नारायण महाविद्यालय फतेहगढ़ में एनएसएस के तत्वाधान में जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राफेसर डॉ. वीके तिवारी ने की।

मुख्य वक्ता तम्बाकू नियंत्रण जिला सलाहकार सूरज दुबे ने तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों व सावधानियों पर प्रकाश डाला। अमित सिसोदिया ने तम्बाकू से होने वाली हानियों की जानकारी देते हुए तम्बाकू सेवन न करने की सलाह दी।

कार्यक्रम का संचालन व शपथ डॉ. हरि शिवनाथ गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. वीके तिवारी ने तम्बाकू मुक्ति के उपाय पर प्रकाश डाला। जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को तम्बाकू सेवन से होने वाली समस्याओं एंव सावधानियों वाला पम्पलेट, नोटबुक वितरित किये गये। इस अवसर पर डॉ. सत्येन्द्र मिश्रा, डॉ. अजहर जुनैद आलम, डॉ. रामनरेश सिंह, डॉ. मो. आमीन, अनामिका मिश्रा, शिवेन्द्र एव शिक्षणेत्तर कर्मचारी रामभान सिंह सेंगर, ओमप्रकाश सिंह, प्रशान्त कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम एनएसएस प्रभारी डॉ. मो. आमीन की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

# जेल में निर्मित एक हजार काऊ कोट गौशालाओं को सौंपे गये

▸ जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद के इस कार्य की प्रधानामंत्री कर चुके है सराहना सभी गायों को पहनाये जायेगें काऊ कोट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के आदेश पर जेल में कटे-फटे पुराने कंबलों एवं जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई जूट की बोरियों से निर्मित एक हजार काऊ कोट जनपद की विभिन्न गौशालाओं में रह रहे निराश्रित गौवंशों को सर्दी से बचाव हेतु मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज गौतम, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज शर्मा एवं उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेंद्र को उपलब्ध कराए गए। इस संदर्भ में जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर जेल में बंदियों द्वारा युद्ध स्तर पर गौवंशों को सर्दी से बचाने के लिए श्रम करके काऊ कोट बनाए जा रहे। काऊ कोट को बनाने में जूट बोरी के अतिरिक्त अन्य सभी व्यय जिला प्रशासन द्वारा वहन किया जा रहे है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज गौतम ने बताया कि निराश्रित गौवंशों के लिए इतनी अच्छी व्यवस्था जेल और जिला प्रशासन के सहयोग से केवल जनपद में ही की गई है, अन्य किसी जनपद में ऐसी व्यवस्था अभी तक नहीं हुई है। कार्यक्रम में जेल से एक हजार काऊ कोट की पहली खेप को जिला पशुधन विभाग की गाड़ियों के माध्यम से विभिन्न गौ-शालाओं में भेजा गया गया। जेल से काऊ कोट लदी गाड़ियों को जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. नीरज गौतम ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जनपद की गौशालाओं को रवाना किया। सीवीओ ने जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद के ऐसे पुण्य कार्य की प्रशंसा की। बताते चले कि जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद के इस कार्य की सराहना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मन की बात कार्यक्रम में कर चुके है, तब से लगातार जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद इस कार्य में अनवरत रूप से लगे हुए है। जल्दी और अधिक मात्रा में काऊ कोट का निर्माण कर गौशालाओं में भिजवाया जाएगा। जिससे निराश्रित गौवंशों को सर्दी से बचाया जाएगा।

# वात्सल्य योजना के अन्तर्गत बैठक में दी गई जानकारियां

▸ बाल विवाह व भिक्षावृत्ति आदि रोकने के प्रति किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जानकारी देते जिला प्रोबेशन अधिकारी

जिलाधिकारी के निर्देशानुसार विकास खण्ड राजेपुर में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ब्लॉक स्तर पर बच्चों के संरक्षण और भागीदारी के अधिकार एवं आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल ट्रैफिकिंग आदि की रोकथाम पर चर्चा की गई। अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य द्वारा सभी को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत शपथ भी दिलाई गई और कहा कि सरकार द्वारा बाल हित में चलाई जा रही लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ निचले स्तर तक अवश्य दिलाया जाए।

ब्लॉक प्रमुख डॉ. पल्लव सोमवंशी ने कहा कि हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि किसी भी प्रकार से बच्चों के साथ अपराध न हो। सभी लोग मिलजुलकर बाल संरक्षण के लिए कार्य करें। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान कर अधिक से अधिक लाभार्थियों के आवेदन कराने के लिए कहा और कहा कि ग्राम बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक नियमित सम्पन्न कराई जाए। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारीगणों को महिला कल्याण विभाग के द्वारा बच्चों के संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाएं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, स्पॉन्सरशिप योजना, दत्तक ग्रहण, चाइल्ड हेल्पलाइन आदि के संबंध में जानकारी प्रदान कर ग्रामीण समुदाय में कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों को चिन्हित करने हेतु कहा गया। खंड विकास अधिकारी एसके जायसवाल ने बच्चों की ट्रैफिकिंग के सम्बन्ध में सतर्कता बरतने पर जोर दिया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत अजीत पाठक, खंड शिक्षा अधिकारी अनूप सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी नवीन चंद्र, खंड चिकित्साधिकारी डॉ. आरिफ सिद्दीकी, आंकड़ा विश्लेषक सुनील वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता अखलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी को पांच वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गैंगेस्टर एक्ट के मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त उमेश को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष का कारावास व सात हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वर्ष 2001 में कोतवाली कायमगंज के एसएचओ संतोष कुमार भारद्वाज ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि वादी द्वारा धारा 364 में दर्ज कराये गये मुकदमे की जांच करने गांव पहुंचे तो ज्ञात हुआ कि जिलेदार पुत्र गयाप्रसाद निवासी अजीजपुर थाना कम्पिल व उमेश पुत्र मेघनाथ निवासी मोती नगला कोतवाली कायमगंज जो कि फतेहगढ़ जेल में निरुद्ध है के द्वारा मुकदमे में गवाहों को गवाही न देने तथा वादी पर मुकदमा वापस लेने और स्वयं के मुकदमे में पैरवी हेतु अवैध धन अर्जित करने की धमकियां मिल रही थी। ज्ञात हुआ कि एक गिरोह के सक्रिय सदस्य है। गिरोह का संचालन कर क्षेत्र में इनका आतंक व्याप्त है। आरोपी अवैध धन अर्जित करते है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध गैंगेस्टर की कार्यवाही की थी। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त उमेश को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष का कारावास व सात हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# बोर्ड परीक्षा की विसंगतियों को दूर करने की शिक्षकों ने उठायी मांग

**सेवा सुरक्षा एवं राजकीय करण, प्रोन्नति व सिटीजन चार्टर आदि समस्याओं का सौंपा ज्ञापन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ एकजुट के पदाधिकारी

माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट ने समस्याओं को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में जनपद के सहायता प्राप्त विद्यालयों व वित्त विहीन विद्यालयों के शिक्षकों के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

नवंबर माह में बस्ती में सम्पन्न हुये प्रान्तीय अधिवेशन में पारित 6 प्रस्तावों सेवा सुरक्षा एवं राजकीय करण, पदोन्नति, सिटीजन चार्टर, एनओसी रहित ऑनलाइन स्थानान्तरण, प्रधानाचार्य की भर्ती लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर, वित्त विहीन विद्यालयों को धारा-7(4) से आच्छादित करते हुये वित्त विहीत शिक्षकों की नियमावली बनायी जाये से सम्बन्धित मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। परिषाद द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा 2025 के टाइम टेवल में व्याप्त तमाम विसंगतियां शीघ्र अति शीघ्र दूर की जायें। दो विषयों की तिथियों मध्य में पर्याप्त गैप होना चाहिये। साथ ही साथ जनपद स्तर की शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समस्याये जो जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर सालों में लम्बित पड़ी हैं उनको डीआईएस द्वारा निस्तारित किया जाये। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात यादव ने कहा कि सरकार माध्यमिक छात्रों की तुलना सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड से करती है, लेकिन यह भूल जाती है कि सीबीएसई, आईसीएसई सुविधायें माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों और अध्यापकों को नही मिल पाती है। यूपी बोर्ड की परीक्षायें मात्र 12 कार्य दिवसों में सम्पादित की जा रही है। वहीं अन्य बोडों की परीक्षायें 40-45 दिन में सम्पन्न हो रही है। यूपी बोर्ड के विद्यालयों को, मशीन बना दिया गया है। परीक्षा के दौरान दो विषयों की परीक्षा के दौरान परीक्षा के बीच में पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है। यूपी बोर्ड के विद्यार्थियों के साथ भारी अन्याय हो रहा है। संगठन के जिला मंत्री अरूण कुमार ने कहा कि जनपद स्तरीय समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं होता है तो संगठन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने के लिये बाध्य होगा। इस मौके पर लालता प्रसाद, राजेश गुप्ता, प्रमोद कुमार, विनोद कुमार, वीरभान, अमित कुमार, आलोक द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# राम-केवट संवाद लीला सुन श्रोता हुए भावविभोर


कथा का श्रवण कराती अखिलेश कुमारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में श्रीमद् गीता भागवत पुराण कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई। जिसमें मोहल्ले वाले शामिल हुए। थाना क्षेत्र के चिकन वाली कश्यप बस्ती में मोहल्ले वासियों के साथ सहयोग से श्रीमद् भागवत पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में जनपद मैनपुरी के कुरावली से कथा वाचक अखिलेश कुमारी कुश्यप ने अपने मुखार बिंदु से राम केवट संवाद लीला सुनाई। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम से जुड़ी बहुत ही प्रसंग आपने सुनी होंगी।

वनवास पर जाने के बाद प्रभु श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण जी को गंगा नदी पार करनी थी। उस समय उनकी मुलाकात केवट से हुई। नदी को पार करने के लिए उन्हें केवट की शर्त माननी पड़ी, शर्त के पूरा होने पर केवट ने प्रभु श्री राम को नदी पार करवाई। उन्होंने बताया कि केवट ने शर्त रखी कि नाव में चढ़ने से पहले राम जी की चरण धोने दें, प्रभु श्री राम ने केवट की शर्त मान ली और उन्हें चरण धोने दिए। इस बात को सुनने के बाद केवट की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और पैर धोने के लिए एक थाल लाया और प्रभु श्री राम के पैर धोए। पैर धोते समय जब दूसरा पैर मिट्टी में लिपट जाता तो केवट दुखी हो गया तब श्री राम एक पैर पर खड़े हो गए। केवट प्रभु को एक पैर पर देखकर दुखी हो गया और उनसे सिर का सहारा लेने को कहा। केवट की ये बात सुनकर भगवान राम ने केवट के सिर पर हाथ रखा तो आसमान से पुष्प की वर्षा होने लगी। प्रभु के चरणों के अमृत का पान केवट और उसके परिजनों ने किया और श्री राम को पार ले गया। कथा सुन श्रोता भावविभोर हो गये। कथा में सहयोगी प्रमोद कुमार मिश्रा, प्रधानाचार्य अजीत सिंह यादव, बृजलाल सिंह कश्यप, बलवीर सिंह, नंदन यादव, कैलाश कश्यप, पप्पू राठौर, देशराज, मांगू लाल, देशराज कश्यप, रघुवंश, अतर सिंह, नरेश सिंह कश्यप, सोनू श्रीवास्तव, इंद्रपाल कश्यप के नाम शामिल है। इस दौरान श्रोतागण मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम Pushpendra दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम Pushpender Singh है। रविन्द्र सिंह, आर्मी नंबर-3002825M, रैंक-हवलदार, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम व पोस्ट कुतीना, तहसील-नीमराना, जिला-अलवर, राज्य-राजस्थान-301708.

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम MOHD SALIM व जन्मतिथि 01.07.1950 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SALIM व जन्मतिथि 01.01.1955 है। SALIM, F/o of Army No-482596H, रैंक-सूबेदार, तसमीम अहमद, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम चौरादेव, पोस्ट-चौरादेव, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश-247001

**सूचना**

पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम NAIN TARA RAI व जन्मतिथि 01.05.1978 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम NAIN TARA व जन्मतिथि 31.03.1976 है। NAIN TARA W/o of Army/JC No-482569Y, रैंक-सूबेदार, विनोद कुमार राय, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम बरवा खुर्द, पोस्ट-बरवा कलां, जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश-275204.

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Shri Babu Ram व जन्मतिथि 01.07.1964 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Babu व जन्मतिथि 01.01.1950 है। Babu F/o of Army No-3007680W, रैंक-हवलदार, आदेश कुमार, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-रसूलाबाद नानपुर, तहसील-गढ़मुकतेश्वर, जिला-हापुड़, राज्य-उत्तर प्रदेश, 245205

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Smt. Krishna Devi व जन्मतिथि 01.07.1966 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Krishna व जन्मतिथि 01.01.1956 है। Krishna M/o of Army No-3007680W, रैंक- हवलदार, आदेश कुमार, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-रसूलाबाद नानपुर, तहसील-गढ़मुकतेश्वर, जिला-हापुड़, राज्य-उत्तर प्रदेश, पिन कोड- 245205.

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SAHIDA व जन्मतिथि 01.07.1954 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SHAHEEDA व जन्मतिथि 15.08.1954 है। SHAHEEDA, M/o of ArmyNo-482596H, रैंक-सूबेदार, तसमीम अहमद, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम चौरादेव, पोस्ट-चौरादेव, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश-247001


सपा अधिवक्ता सभा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी

## अधिवक्ता सभा की बैठक में लोगों को पीडीए से जोड़ने के लिए किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव की अध्यक्षता में कचहरी परिसर में बैठक सम्पन्न हुई। अधिवक्ता सभा की बैठक को सम्बोधित करते हुए देवेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि मिशन 2027 में हमें सरकार बनानी है, लोगों को पीडीए से जोड़ने के लिए जागरुक किया गया। समाजवादी संगठन को गली-गली, मोहल्ले-मोहल्ले में अत्याधिक मजबूत करने पर चर्चा हुई। अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव सुभाष चन्द्र शाक्य ने कहा कि भाजपा की सरकार में अधिवक्ताओं पर अत्याचार हो रहा है। साथ ही उन्होंने गाजियाबाद की घटना को लेकर निंदा की और कहा कि अधिवक्ताओं पर फर्जी मुकदमे लगाये जा रहे है। जिस कारण अधिवक्ताओं में रोष है। संचालन जिला महासचिव सुनील कनौजिया ने किया। इस मौके पर रंजना कश्यप, यादव सिंह, राुहल कुशवाहा, प्रताप सिंह, आकाश शाक्य, अक्षय यादव, कुलदीप कुमार, पवन यादव, अमन वर्मा, अर्पणा मिश्रा, अमरजीत, प्रदीप यादव, कौशलेन्द्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर प्रधानाचार्य परिषद ने डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपते प्रधानाचार्य

प्रधानाचार्य परिषद ने जनपद की समस्याओं को लेकर 18 सूत्रीय ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा। सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के प्रांगण में धरना दिया गया। सभी ने 18 सूत्रीय मांगों को लेकर विचार व्यक्त किये।

ज्ञापन में दर्शाया सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में अद्ययन कार्यरत समस्त तदर्थ प्रधानाचार्य जो सरकार से प्रधानाचार्य पद का वेतन पा रहे हैं और योग्यतायें पूर्ण है, उनका भी विनियमितीकरण किया जाये। साथ ही कार्यवाहक प्रधानाचार्य जो प्रधानाचार्य पद का वेतन नहीं पा रहे हैं, उन्हें समान कार्य समान वेतन के तहत प्रधानाचार्य पद का वेतन अनुमन्य किया जाये। शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में बनी कमेटी के द्वारा शुल्क वृद्धि हेतु सर्वसम्मत से शासन के आधार पर विद्यालयों शुल्क संशोधन जारी किया जाये।

चयन बोर्ड की धारा 21, 18 एवं 12 को चयन बोर्ड में सम्मिलित कराया जाये और प्रावधानिक किया जाये। शासन द्वारा ग्रीष्मावकाश, रविवार या अवकाश के दिनों में प्रशिक्षण आदि में विद्यालयों को खोले जाने की स्थिति में अर्जित अवकाश प्रदान किया जाये। आउटसोर्सिंग व्यवस्था को समाप्त कर विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति पूर्व की भांति अधिकार प्रदान किया जाये। सरकारी कर्मचारियों की भांति प्रधानाचार्यों को भी निःशुल्क चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाये। माध्यमिक विद्यालयों के विद्युत बिल किसानों की भांति माफ किये जायें। माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को अन्य शैक्षिक संवर्गो की भांति त्रिस्तरीय वेतनमान स्वीकृत किया जाये। कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों की गृह परीक्षा, वार्षिक परीक्षा, प्रगति पत्र आदि के व्यय की व्यवस्था की जाये। अभिलेखों के रख-रखाव एवं पत्र व्यवहार के लिये प्रधानाचार्यो को उत्तरदायी बनाते हुये उन्हें विद्यालय प्रबन्ध समिति में पदेन सचिव का स्थान दिया जाये और पुरानी पेंशन बहाल की जाये। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री डॉ. संदीप चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, जिला महामंत्री डॉ. बृजभूषण सिंह, संतोष कुमार त्रिपाठी, सुमन त्रिपाठी, इंदू मिश्रा, डॉ. अनिल मिश्रा, धनंजय सिंह, मुन्नू सिंह तोमर, डॉ. विनीत चौहान, प्रभात यादव, राममुरारी शुक्ला, राघवेन्द्र मिश्रा, राकेश गुप्ता, गिरिजा शंकर, विश्वमोहिनी पाण्डेय, डॉ. नीतू मसीह, त्रिलोकी नाथ, अमित सोमवंशी, आशुतोष गंगवार, अमित कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे। धरने की अध्यक्षता डॉ. संदीप चतुर्वेदी ने की। संचालन डॉ. बृजभूषण सिंह ने किया।

# सरकार की दमनकारी नीतियों के विरोध में पीडब्लूडी ठेकेदारों ने निविदाओं का किया बहिष्कार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



विरोध प्रदर्शन करते ठेकेदार

**14 नवम्बर को दिया था धरना**

फर्रुखाबाद ठेकेदार कल्याण समिति ने अधीक्षण अभियंता कन्नौज-फर्रुखाबाद वृत्त लोनिवि कन्नौज को प्रदेश सरकार की दमनकारी नीति के विरोध में 10 दिसम्बर को खुलने वाली निविदाओं का पूर्ण रुप से बहिष्कार कर दिया है और घोषणा की है कि किसी भी टेंण्डर प्रक्रिया में भाग नहीं लेगें। बताते चले कि इससे पूर्व 14 नवम्बर को सभी ठेकेदारों ने पीडब्लूडी प्रांतीय निर्माण खण्ड परिसर में विरोध प्रदर्शन कर मांग पत्र सौंपकर यह कहा था कि जब तक मांगें पूरी नहीं होगी, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। ठेकेदारों ने कहा कि प्रांतीय खण्ड लोनिवि फतेहगढ़ के परिसर में ठेकेदारों द्वारा सरकार की दमनकारी नीति के विरोध में प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर आगामी निविदाओं का बहिष्कार किया जा रहा है। ठेकेदारों ने कहा कि मार्गो की क्रस्ट 27.5 एम.एम. से कम है। उनको पांच वर्षीय अनुरक्षण से हटाया जाये। पूर्व की भांति रखा जाये। जिससे समस्त ठेकेदार मार्गो की क्रस्ट चेक करा लें। पांच वर्षीय अनुरक्षण की दरें नवनिर्माण अथवा पीएमजीएसवाई की दरों के समान किया जाये। जब तक एस.ओ.पी. का शासनदेश जारी न हो जाये तब तक के लिए निविदाओं की तिथि बढ़ा दी जाये, एमएम 11 संबंधित 6 गुना अर्थदण्ड लगाया जा रहा है। जिसमें ठेकेदारों को भारी नुकसान हो रहा है, आदि मांगें शामिल हैं। इस मौके पर शरद यादव, कमलेश पाठक, आशुतोष त्रिपाठी, बलराम यादव, मुकेश यादव, ऋषिदत्त शर्मा उर्फ गुड्डू पंडित, मदन अग्निहोत्री, देवेन्द्र सिंह, दीपू यादव, रिन्कू दुबे, गोपाल सिंह, कौशलेन्द्र सिंह, गौरव कुमार चौरसिया, वीके मिश्रा, हिमांशु पाठक, अवधेश पाण्डेय, देवेन्द्र परमार, गणेश प्रसाद, शशि सक्सेना, संजय यादव, संजय पाठक, अनुराग गंगवार, संजय आनंद, रानू दीक्षित सहित बड़ी संख्या में ठेकेदार मौजूद थे।

# नन्दकिशोर दुबे बने भाकियू श्रमिक जनशक्ति के जिला उपाध्यक्ष

▸ तहसील में अधिवक्ताओं ने उन्हें पदाधिकारी बनने पर दी बधाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


नंदकिशोर दुबे

भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव की अनुमति पर जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि सर्वेश सिंह यादव ने नन्दकिशोर दुबे वन्देमातरम को संगठन में जिला उपाध्यक्ष मनोनित किया है। नन्दकिशोर दुबे की बढ़ती लोकप्रियता एवं संगठन की समस्याओं का समाधान कराने के लिए वह प्रयासरत रहते थे। संगठन में जिला उपाध्यक्ष बनने पर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया और किसानों और मजदूरों की समस्याओं का समाधान के लिए निर्देशित किया गया कि वह सभी साथियों का सहयोग करेगें और किसानों की समस्यायें उठायेंगे। नन्दकिशोर दुबे ने क़हा वह किसान मजदूर भाईयों से जुड़कर हर मुद्दे को उठाकर समाधान करायेगें। तहसील में अधिवक्ताओं ने उन्हें पदाधिकारी बनने पर बधाई दी।

## दंपति व पुत्रवधू को पीटने के मामले में तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नौली निवासी वीरपाल पुत्र चन्द्रपाल ने गांव के ही विनोद, सत्यपाल, प्रमोद पुत्रगण लालमन व विनोद के पुत्र ललित के विरुद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 8 दिसम्बर समय 2 बजे उक्त सभी आरोपितों ने मेरे व मेरी पत्नी नेमा तथा पुत्रवधु विनीता के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। मारपीट किए जाने से काफी चोटें आ गईं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच दरोगा रवि सोलंकी के सुपुर्द कर दी हैं।

# सनातन परंपराओं का अद्वितीय संगम है महाकुंभ

## यूपी के मंत्री अरविंद शर्मा व कपिल देव अग्रवाल ने महाकुंभ में प्रतिभाग करने के लिए गुजरात में रोड शो के माध्यम से किया प्रचार

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ/अहमदाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी, 2025 तक आयोजित होने वाले महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में सोमवार को अहमदाबाद में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और व्यावसायिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस, रोड शो एवं संवाद कार्यक्रम के माध्यम से गुजरातवासियों को महाकुंभ में आने का आमंत्रण दिया।

मंत्रीगण गुजरात के अहमदाबाद में स्थित हयात होटल में मीडिया बंधुओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, उद्यमियों, गणमान्य जनों से संवाद एवं रोड शो कर उन्हें महाकुम्भ- 2025 के भव्य आयोजन की हो रही तैयारियों, विशेषताओं और सुरक्षा के विशेष इंतजामों की जानकारी देते हुए उन्हें महाकुम्भ में आने का आमंत्रण दिया। आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों मंत्रियों ने गुजरातवासियों से महाकुंभ में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने महाकुम्भ को भारतीय संस्कृति, विरासत, अध्यात्म, सनातन परंपराओं, आधुनिकता और विकास का अनोखा और अद्वितीय संगम बताते हुए इसके आयोजन की तैयारियों की जानकारी दी। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और परंपराओं को विश्व पटल पर प्रस्तुत करने का अवसर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार इसे दिव्य और भव्य रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है। गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम तट पर आयोजित होने वाला महाकुम्भ देश विदेश से आए करोड़ों श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति, भारतीय चेतना , संस्कृति व अध्यात्म का अनुभव प्रदान करेगा। उन्होंने गुजरातवासियों से आग्रह किया कि कि इस महायज्ञ का हिस्सा बनें और इसे ऐतिहासिक बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### महाकुंभ का संगम भारत के सभी हिस्सों से जुड़ने का प्रतीक

व्यावसायिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि महाकुंभ 2025 केवल भारत का आयोजन नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारतीय संस्कृति का परिचायक है। गुजरात की भूमि ने सदैव धर्म, अध्यात्म और परंपराओं के प्रति आस्था का परिचय दिया है। महाकुंभ का संगम भारत के सभी हिस्सों से जुड़ने का प्रतीक है। मैं गुजरातवासियों से निवेदन करता हूं कि वे प्रयागराज आकर इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनें और इसे सफल बनाएं। मंत्रीगण ने बताया कि महाकुंभ में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु और सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश सरकार इसे विश्वस्तरीय आयोजन बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना का केंद्र होगा, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं का वैश्विक मंच भी बनेगा। मंत्रीगण ने संवाद कार्यक्रम में बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भेजा गया महाकुम्भ 2025 का आमंत्रण पत्र लेकर रविवार को गुजरात आए। गांधीनगर में रविवार को माननीय राज्यपाल जी और मुख्यमंत्री जी से मिलकर उनको गंगाजल युक्त कुंभ कलश, महाकुंभ का लोगो, आमंत्रण पत्र, कुम्भ साहित्य तथा उत्तर प्रदेश का गुड़ भेंट किया गया और उन्हें महाकुम्भ में आने के लिए अनुरोध किया। माननीय राज्यपाल जी और मुख्यमंत्री जी ने दिव्य और भव्य रूप से आयोजित होने वाले महाकुम्भ पर प्रसन्नता व्यक्त की और महाकुम्भ में आने का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में महाकुम्भ 2025 के आयोजन को लेकर सभी तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं।

# महाकुंभ 2025 में पहली बार छह फायर फाइटिंग बोट्स बनेंगी संगम की प्रहरी

### प्रयागराज के तटों पर अग्नि जनित दुर्घटनाओं को रोकने में सहायक सिद्ध होंगी फायरबोट

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में महाकुम्भ को लेकर अग्निशमन व आपात सेवा विभाग भी मेला क्षेत्र को अग्नि दुर्घटना मुक्त क्षेत्र बनाने के प्रयासों में कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में देश में और कुम्भ के इतिहास में पहली बार महाकुम्भ में 6 फायरबोट्स के संचालन की तैयारी पूरी कर ली गई है। इन फायरबोट्स को मेला क्षेत्र के घाटों किनारे मुस्तैद रखा जाएगा। यह फायर फाइटिंग बोट्स न केवल नदियों किनारे घाटों पर होने वाली अग्नि जनित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए क्विक रिस्पॉन्स प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में सहायक होंगी, बल्कि जोखिम से भरे फायर ऑपरेशंस को अंजाम देने के साथ ही अग्निरक्षकों की सुरक्षा के लिए भी कवच के तौर पर कार्य करेंगे।

दिसम्बर के अंतिम सप्ताह तक होगी डिप्लॉयमहाकुम्भ को अग्नि दुर्घटना रहित क्षेत्र बनाने के लिए विभाग को 66.75 करोड़ का बजट आवंटित हुआ है। जबकि विभागीय बजट 64.73 करोड़ है। इस प्रकार, कुल 131.48 करोड़ रुपए की लागत से वाहन व उपकरणों को महाकुम्भ मेला में अग्नि जनित दुर्घटनाओं से सुरक्षा के लिए डिप्लॉय किया जा रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी और महाकुम्भ के नोडल अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि इन 6 फायर फाइटिंग बोट्स के लिए विभाग 1.38 करोड़ रुपए खर्च कर है। दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में इनको संगम समेत अन्य तटों पर डिप्लॉय कर दिया जाएगा। फायर फाइटिंग रोबोट भी होता है बोट पर तैनातउन्होंने बताया कि फायर फाइटिंग बोट्स को अपने क्विक रिस्पॉन्स, नदियों में तेजी से नेविगेशन की क्षमता व अग्निशमन की प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करने के लिए जाना जाता है। खासतौर पर नदियों किनारे घाटों पर अग्निशमन व रेस्क्यू ऑपरेशंस को तेजी से पूरा करने में फायरबोट काफी कारगर है। इसकी एक खासियत यह भी है कि इसमें फायर फाइटिंग रोबोट्स को भी तैनात किया जाता है जो बोट की वॉटर कैनन रेंज से दूर घटनास्थल पर रिमोट कंट्रोल्ड एक्सेस के जरिए पहुंच कर फायर फाइटिंग ऑपरेशंस को अंजाम देने में सक्षम है।

# हमारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश हुई तो हम चुप नहीं बैठेंगे : ममता बनर्जी

▸ लोग बांग्लादेश से आए भड़काऊ बयानों से न हों प्रभावित

एजेंसी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में बांग्लादेश के कुछ नेताओं की उन टिप्पणियों पर कड़ा जवाब दिया, जिनमें कहा गया था कि बांग्लादेश का बंगाल, बिहार और ओडिशा पर वैध अधिकार है।

उन्होंने सवाल किया कि क्या भारतीय लोग लॉलीपॉप खाएंगे जबकि बाहरी ताकतें हमारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करेंगी ममता बनर्जी ने कहा कि लोगों को शांत और संयमित रहना चाहिए और बांग्लादेश से आए ऐसे भड़काऊ बयानों से प्रभावित नहीं होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल हमेशा केंद्र सरकार के फैसलों के साथ खड़ा रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के इमामों ने भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों और ऐसी टिप्पणियों की निंदा की है। हिंदू और मुसलमानों सहित सभी समुदायों की नसों में एक ही खून बहता है। हमें साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि पश्चिम बंगाल की स्थिति को खराब होने से रोका जा सके। उन्होंने बांग्लादेश में हालिया घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल ऐसा पहला राज्य है जहां हर जाति, धर्म और समुदाय के लोगों ने मिलकर वहां की स्थिति के खिलाफ सामूहिक विरोध दर्ज कराया। ममता बनर्जी ने विपक्षी दलों और मीडिया को भी सलाह दी कि वे इस मुद्दे पर जिम्मेदारी से काम करें। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल उत्तर प्रदेश नहीं है कि हम आपका प्रसारण प्रतिबंधित कर देंगे। लेकिन राज्य और उसके लोगों के हित में जिम्मेदारी से काम करें। अगर यहां गड़बड़ी होगी तो क्या आप प्रभावित नहीं होंगे ? इसी तरह, अगर बांग्लादेश में स्थिति बिगड़ती है तो इसका असर हमारे रिश्तेदारों और दोस्तों पर भी पड़ेगा। इसलिए टिप्पणी करते समय संयम बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने बताया कि उनकी सरकार और पार्टी तृणमूल कांग्रेस विदेश मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का पालन करेगी और इस मुद्दे पर अनावश्यक टिप्पणी से बचेगी। उन्होंने कहा कि हमारे विदेश सचिव बांग्लादेश में वार्ता कर रहे हैं।

## बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक राज्यसभा में पेश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को राज्यसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से विचार और पारित करने के लिए पेश किया। इस विधेयक को लोकसभा ने पिछले हफ्ते ही पारित कर दिया था। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को राज्यसभा में विचार और पारित करने के लिए पेश किया है। भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत बनाने, निवेशकों, ग्राहकों और उपभोक्ता सुविधा तथा सुरक्षा बढ़ाने संबंधी बैंकिंग संशोधन विधेयक में बैंक खाताधारक को अपने खाते में अधिकतम चार नामांकित व्यक्ति रखने की अनुमति देने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पास होने से भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में प्रशासन मजबूत होगा।

# केंद्र बाजरा आधारित उत्पादों को देगा बढ़ावा, 800 करोड़ रुपए आवंटित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकार ने खाद्य उत्पादों में मोटे अनाज के उपयोग को बढ़ावा देने और उनके मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहित करने के लिए वित्त वर्ष 2022-2023 से वित्त वर्ष 2026-2027 की अवधि के लिए 800 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ मोटा अनाज आधारित उत्पादों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएमबीपी) शुरू की है।

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने सोमवार को राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री ने सदन को बताया कि इस योजना की अवधि 5 वर्ष है। उन्होंने कहा कि 19 आवेदकों ने प्रोत्साहन दावे प्रस्तुत किए है, जबकि पात्र आवेदकों को अब तक 3.917 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने मोटा अनाज आधारित उत्पादों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएमबीपी) के कार्यान्वयन को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं।

इन उपायों में उपयोगकर्ता के अनुकूल पोर्टल की स्थापना और त्वरित समस्या समाधान के लिए समर्पित समूहों का निर्माण शामिल है। इस योजना के दिशा-निर्देशों को आसानी से समझने के लिए समय-समय पर स्पष्टीकरण जारी किए गए हैं। इसके नियमित निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली बनाए गए हैं, जबकि योजना के सुचारु कार्यान्वयन के लिए समर्पित टीमों के माध्यम से तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा प्रभावी संचार और प्रगति पर नजर रखना (ट्रैकिंग) सुनिश्चित करने के लिए आवेदकों के साथ साप्ताहिक बैठकें आयोजित की जाती हैं।

## खबरें एक नजर में

### गुजरात में दो कारों की भिड़ंत में पांच विद्यार्थी समेत सात की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के जूनागढ़ के मालिया हटिया के समीप जूनागढ़-वेरावल हाईवे पर भंडूड़ी के पास दो कारों की सोमवार सुबह भीषण टक्कर में 7 लोगों की मौत हो गई। घटना में एक कार का गैस का सिलेंडर फटने से पास स्थित झोपड़ी में आग भी लग गई। मृतकों में पांच विद्यार्थी शामिल है जो परीक्षा देने जा रहे थे। घटना के संबंध में पुलिस उपाध्यक्ष दिनेश कोडियातर ने बताया कि मालिया के भंडूड़ी गांव के पास दो कारों की जोरदार टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए मालिया के सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के संबंध में एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, उसकी जांच की जा रही है। घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड समेत स्थानीय प्रशासन और पुलिस पहुंची। कार के सिलेंडर से झोपड़ी में लगी आग को फायर ब्रिगेड के जवानों ने बुझाया। मृतकों में दो जानुदा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं, जबकि दूसरी कार में सवार पांच मृतक विद्यार्थी हैं और वह सभी केशोद गांव के आसपास रहने वाले बताए गए हैं, जो गडू गांव में परीक्षा देने जा रहे थे।

### खाद्य तेलों में टिकाव : गेहूं, उड़द दाल और अरहर दाल महंगी

**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकलने से गेहूं, उड़द दाल और अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन ः वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 26 रिंगिट उतरकर 5310 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.15 सेंट फिसलकर 42.82 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

### कोरबा सड़क हादसे में बच्चे की मौत, 25 घायल

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के घुमानीडांड़ के पास हुए सड़क हादसे में एक मासूम की मौत हो गयी तथा 25 लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि रविवार देर रात 25 से अधिक लोग एक पिकअप वाहन में सवार होकर पिकनिक मना कर लौट रहे थे। इसी दौरान कटघोरा क्षेत्र के जटगा चौकी के ग्राम घुमानीडांड़ के पास अचानक गाड़ी पलट गई। इस हादसे में गाड़ी मे दबकर मासूम की मौत हो गई और 25 लोग घायल हो गए जिनमें सात की हालत गंभीर है। ग्रामीण कोरबा जिला के बनखेता ग्राम पंचायत के कांसा मार गांव के निवासी थे, जो बुका में पिकनिक मनाने गए थे। पिकनिक के बाद सभी लोग पिकअप वाहन में सवार होकर अपने गांव वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। सूत्रों के मुताबिक गाड़ी का चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन पलट गई। लोगों ने घायल ग्रामीणों को बाहर निकाला। फिलहाल पुलिस और प्रशासन हादसे की जांच कर रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगिरों की मदद से सभी घायलों को तत्काल कटघोरा स्वास्थ्य केंद्र में भेजा, जहां उनका इलाज जारी है।

### न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के कोच बेन का कार्यकाल दो साल बढ़ा

**वेलिंगटन।** बेन सॉयर ने न्यूजीलैंड महिला टीम के मुख्य कोच के रूप में दो साल के विस्तार पर हस्ताक्षर किए हैं। नए सौदे के तहत सॉयर दिसंबर 2026 तक टीम के प्रभारी होंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने सोमवार को उक्त पुष्टि की। सॉयर को पहली बार जून 2022 में नियुक्त किया गया था और उनके नेतृत्व में टीम ने इस साल अक्टूबर में पहली बार टी20 विश्व कप जीता। अब उनके पास 2026 में इंग्लैंड में होने वाले टूर्नामेंट में खिताब बरकरार रखने का मौका होगा। सॉयर तब भी टीम की कमान संभालेंगे जब न्यूजीलैंड अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप को जीतने का प्रयास करेगा। एनजेडसी की महिला हाई परफॉरमेंस हेड लिज़ ग्रीन ने कहा, 卐बेन के अगले दो साल के लिए टीम में शामिल होने से हम बहुत खुश हैं। उन्होंने इस समूह में बहुत अधिक विश्वास और भरोसा जगाया है और उन्हें अभी टीम में बनाए रखना बहुत बड़ी बात है, मौजूदा टीम और व्हाइट फ़र्न्स की दीर्घकालिक योजना दोनों के लिए। हमारे कई युवा खिलाड़ी जिन्होंने दो साल पहले बेन के पहले दौरे पर अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, वे अब बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जैसा कि हमने हाल ही में हुए टी20 विश्व कप में देखा।

### दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच में श्रीलंका को 109 रनों से हराया

**कबेखा।** केशव महाराज के पंजे से दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन सोमवार को श्रीलंका को 109 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ दो टेस्ट मैचों की सीरीज में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका का 2-0 से सूपड़ा साफा कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। श्रीलंका ने आज पांच विकेट पर 205 रन से आगे खेलना शुरु किया।

# हस्तशिल्प महोत्सव : भरतनाट्यम व भजन गीत से श्रोता मंत्रमुग्ध

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ ।** आशियाना स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में वरिष्ठ कवि कुमार तरल और अशोक अज्ञानी अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा, हेमू चौरसिया, रनवीर सिंह और विनय दुबे ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया।

शिव संस्कृति कला फाउंडेशन संस्थापिका मिठू रॉय सेक्रेटरी आशिम रॉय के संयोजन में मिठू रॉय गणेश वंदना कर आरम्भ किया। अर्धनारीश्वर प्रसंग भरतनाट्यम शुभम गौतम एवं ओ जी हरि कित गई नेहा लगाए.....अनीता दुबे के भजन गाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। सैंया मेरे लरकईयां...स्मृति मिश्रा ने लोकगीत की माला में पिरोया। राम जी से पूछे जनकपुर की नारी.. स्वरांजली ने भजन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया वहीं गिरिराज शर्मा ने कृष्ण भजन से दर्शकों का मन जीता। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि कुमार तरल ने तथा संचालन शुभेन्द्र सिंह ने किया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ डॉ सुमन सुरभि द्वारा मां सरस्वती की वन्दना से किया गया। कार्यक्रम को गति देते हुए दोहा कार मित्र विपुल, छंदकार शुभेन्द्र सिंह,गीतकार पुष्पेन्द्र प्रेमी, कवयित्री सौम्या तिवारी, कवयित्री सुमन सुरभि, वरिष्ठ कवि कुमार तरल, चर्चित गीतकार गोविन्द गजब, वरिष्ठ कवि अशोक पांडेय अनहद, युवा कवि ध्रुवल श्रीवास्तव, मनीष मगन ,सन्नी पटेल उन्नाव, शशि नारायण त्रिपाठी, दीपक यादव आदि ने सुन्दर सुन्दर रचनाएँ प्रस्तुत किया।

## सीरिया की स्थिति पर नजर बनाए हुए है भारत

**नई दिल्ली।** सीरिया में विद्रोही समूह की ओर से किए गए सत्ता परिवर्तन पर भारत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। भारत ने सीरिया की एकता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा है कि हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। सोमवार को विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि हम सीरिया में चल रहे घटनाक्रमों के मद्देनजर वहां की स्थिति पर नज़र रखे हैं। हम इस बात पर ज़ोर देते हैं कि सभी पक्षों को सीरिया की एकता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए काम करना चाहिए। इसमें कहा गया है, हम सीरियाई समाज के सभी वर्गों के हितों और आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण और समावेशी सीरियाई नेतृत्व वाली राजनीतिक प्रक्रिया की वकालत करते हैं। साथ मंत्रालय ने बताया है कि दमिश्क में भारतीय दूतावास वहां के भारतीय समुदाय की सुरक्षा और संरक्षा के लिए उनके संपर्क में है।

# राजनीतिक विरोधियों से नहीं लेंगे बदला : ट्रम्प

एजेंसी



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कहा कि वह पदभार ग्रहण करने के बाद अपने राजनीतिक विरोधियों से बदला नहीं लेंगे।

श्री ट्रम्प ने एनबीसी न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा, मैं अतीत में वापस नहीं जाना चाहता... प्रतिशोध सफलता के माध्यम से होगा। श्री ट्रम्प ने 2021 के कैपिटल दंगे में उनकी कथित भूमिका की जांच का नेतृत्व करने वाले अमेरिकी विशेष वकील जैक स्मिथ को बहुत भ्रष्ट बताया और कहा कि 06 जनवरी के हमले की जांच करने वाली समिति के सदस्य राजनीतिक गुंडे थे जिन्हें जेल जाना चाहिए, लेकिन उन्होंने कहा कि वह विशेष रूप से एफबीआई और न्याय विभाग से उन्हें दंडित करने के लिए नहीं कहेंगे हालांकि उनका मानना है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों को इसकी जांच करनी चाहिए। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने गैर-दस्तावेज प्रवासियों के सामूहिक निर्वासन को अंजाम देने और जन्मसिद्ध नागरिकता को समाप्त करने की अपनी योजनाओं की पुष्टि की। यह एक संवैधानिक प्रावधान है जो अमेरिका में पैदा हुए सभी बच्चों को उनके माता-पिता की राष्ट्रीयता की परवाह किए बिना अमेरिकी नागरिकता की गारंटी देता है।

श्री ट्रम्प ने 06 जनवरी, 2021 के विरोध प्रदर्शन में अपनी भूमिका के लिए संघीय अपराधों के दोषी लोगों को माफ़ करने का भी वादा किया। उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि उनमें से कई जेलों में दुर्व्यवहार कर रहे थे। उन्होंने कहा, ये लोग नरक में रह रहे हैं। निर्वाचित राष्ट्रपति ने कसम ली कि जिस दिन वह पदभार ग्रहण करेंगे उसी दिन माफ़ी जारी की जाएगी।

श्री ट्रम्प पर भी 06 जनवरी, 2021 को कैपिटल दंगे से संबंधित आरोप लगे थे, जब उनके समर्थकों ने इमारत पर धावा बोला था और कांग्रेस की कार्यवाही को बाधित किया था। प्रदर्शनकारियों को इमारत से हटाए जाने के बाद कांग्रेस ने मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की जीत को प्रमाणित किया जबकि दंगों के सिलसिले में तब से सैकड़ों लोगों को गिरफ़्तार किया गया है। नवंबर के अंत में श्री ट्रम्प के खिलाफ़ आरोप हटा दिए गए थे।

# रूस में भारत को मिला समुद्र का नया प्रहरी तुशील

एजेंसी



**नई दिल्ली।** रूस के कलिनिनग्राद में सोमवार को भारतीय नौसेना को समुद्र का नया प्रहरी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट %तुशील% मिल गया। कमीशनिंग समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी के साथ शामिल हुए। आईएनएस तुशील भारत के पश्चिमी समुद्री बेड़े के 'स्वॉर्ड आर्म' का हिस्सा होगा और दुनिया में सबसे अधिक तकनीकी रूप से उन्नत फ्रिगेट में शुमार हो जाएगा। यह न केवल भारतीय नौसेना की बढ़ती समुद्री क्षमताओं का प्रतीक है, बल्कि भारत-रूस साझेदारी का प्रमाण भी है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीन दिवसीय रूस यात्रा पर मॉस्को गए हैं, जहां भारतीय राजदूत विनय कुमार और रूसी उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर फोमिन ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत किया। यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात करेंगे। वह अपने रूसी समकक्ष रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव के साथ 10 दिसंबर को रक्षा सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर भारत-रूस अंतर-सरकारी सैन्य-तकनीकी सहयोग आयोग (आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी) बैठक की सह अध्यक्षता करेंगे। बैठक में भारत और रूस के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग और औद्योगिक साझेदारी सहित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। वह भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगे। नौसेना के मुताबिक आईएनएस तुशील परियोजना के लिए मास्को स्थित भारतीय दूतावास के तत्वावधान में अक्टूबर, 2016 में जेएससी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट, भारतीय नौसेना और भारत सरकार के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। इसी परियोजना के छह जहाज पहले से ही भारतीय नौसेना की सेवा में हैं। इनमें से तलवार श्रेणी के तीन जहाज़ों का निर्माण सेंट पीटर्सबर्ग के बाल्टिस्की शिपयार्ड में हुआ है, जबकि तीन अनुवर्ती टेग श्रेणी के जहाज कलिनिनग्राद के यंतर शिपयार्ड में निर्मित हैं। आईएनएस तुशील इस श्रृंखला का सातवां जहाज है, जिसके लिए कलिनिनग्राद में तैनात युद्धपोत निगरानी दल के विशेषज्ञों की एक भारतीय टीम ने जहाज के निर्माण की बारीकी से निगरानी की है।

यह युद्धपोत निर्माण के बाद इस साल जनवरी से शुरू हुए कई व्यापक परीक्षणों से गुज़रा है, जिसमें फ़ैक्टरी सी ट्रायल, स्टेट कमेटी ट्रायल और अंत में भारतीय विशेषज्ञों की एक टीम के डिलीवरी स्वीकृति परीक्षण शामिल थे। इस दौरान जहाज पर लगे सभी रूसी उपकरणों का परीक्षण किया गया, जिसमें हथियार फायरिंग भी शामिल थी। परीक्षणों के दौरान जहाज ने 30 नॉटिकल से ज्यादा की गति दर्ज की। अब यह जहाज युद्ध के लिए तैयार स्थिति में भारत पहुंचेगा। भारतीय नौसेना अब बहु भूमिका वाले स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तुशील को अपने बेड़े में शामिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध के चलते रूस से भारतीय सशस्त्र बलों के लिए पुर्जों की आपूर्ति एक बड़ी समस्या बन गई है। रक्षा मंत्री की रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलौसोव के साथ होने वाली वार्ता में कई अन्य महत्वपूर्ण हथियार प्लेटफार्मों के लिए पुर्जों की आपूर्ति को लेकर भी बातचीत होने की उम्मीद है। यूक्रेन से संघर्ष के चलते भारत को दो एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति में देरी का मुद्दा भी रक्षा मंत्री की तीन दिवसीय रूस यात्रा के दौरान उठेगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 2025 की शुरुआत में भारत की यात्रा पर आने वाले हैं, इसलिए दोनों पक्ष पहले चल रही सैन्य तकनीकी परियोजनाओं के साथ-साथ रणनीतिक हित के क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा करेंगे

## राष्ट्रपति मुर्मु मानवाधिकार दिवस समारोह को आज करेंगी संबोधित

**नयी दिल्ली ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल यहां मानवाधिकार दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करेंगी। मानवाधिकार दिवस हर वर्ष 10 दिसंबर को मानवाधिकारों की सर्वव्यापी घोषणा के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1948 में मानवाधिकार को अपनाया था और इसकी सर्वव्यापी घोषणा की थी। यह मानवाधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक वैश्विक निर्देश चिन्ह (बेंचमार्क) के रूप में कार्य करता है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग मानवाधिकार दिवस को दुनिया भर के विभिन्न हितधारकों के लिए अपने कार्यों और जिम्मेदारियों पर विचार करने के अवसर के रूप में देखता है। मानवाधिकारों की सर्वव्यापी घोषणा इस सिद्धांत को दर्शाती है कि सभी मनुष्य स्वतंत्र और समान पैदा होते हैं, उन्हें जीवन, स्वतंत्रता और सुरक्षा, कानून के समक्ष समानता और विचार, विवेक, धर्म, राय तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है। यह सिद्धांत भारत के संविधान और मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम (पीएचआरए), 1993 में भी परिलक्षित होता ।

# निबाव होम लिफ्ट्स ने चेन्नई में शुरू किया पांचवां व बड़ा निर्माण संयंत्र

समृद्धि न्यूज

**जमशेदपुर।** एशिया की सबसे बड़ी होम एलेवेटर ब्रांड, निबाव होम लिफ्ट्स ने चेन्नई में अपना पांचवां और सबसे बड़ा निर्माण संयंत्र शुरू किया है। नया संयंत्र उच्च दक्षता वाली निर्माण लाइनों और पैकेजिंग सुविधाओं से लैस है, जो अधिक उत्पादन सुनिश्चित करने के साथ-साथ संसाधनों की बर्बादी को कम करता है। इस फैक्ट्री में एडवांस सुविधाएं भी मौजूद हैं, जिनमें लेटेस्ट लेजर कट मशीनें, सीएनसी मशीनें, पाउडर कोटिंग यूनिट्स, रोबोटिक मशीनरी और एक टेस्ट टावर शामिल हैं। इनोवेशन और क्वालिटी पर गहरी नजर रखते हुए, निबाव होम लिफ्ट्स ने इस नए संयंत्र में एक समर्पित रिसर्च और डेवलपमेंट लैब भी स्थापित की है।

इस अवसर पर निबाव होम लिफ्ट्स के सीईओ और फाउंडर श्री विमल बाबू ने कहा, हमें चेन्नई में अपने नए प्रमुख निर्माण संयंत्र के उद्घाटन की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, जो निबाव के सफर में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। यह नया संयंत्र न केवल होम एलेवेटर इंडस्ट्री में अपनी तरह का सबसे बड़ा है, बल्कि आकार, दक्षता और इनोवेशन के मामले में एक नया बेंचमार्क भी स्थापित करता है। इस विस्तार के साथ, हम 12 से अधिक देशों में अपने उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तैयार हैं, साथ ही क्वालिटी और सर्विस के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। हमें यह कहते हुए भी खुशी हो रही है कि हम चेन्नई में रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहे हैं, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान देगा और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग में स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देगा। उन्होंने आगे कहा, इस नए इंडस्ट्री रिकॉर्ड को बनाने के साथ ही, हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि दुनिया भर के घर मालिकों तक इनोवेटिव, आसान और भरोसेमंद होम एलेवेटर समाधान पहुँचाएं। यह विस्तार न केवल ग्लोबल डिमांड को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि उन क्षेत्रों के विकास में भी योगदान करता है।

## पाक सुप्रीम कोर्ट ने सैन्य अदालतों को नहीं दिया फैसला सुनाने का अधिकार

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को संघीय सरकार को तगड़ा झटका देते हुए उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें सैन्य अदालतों को फैसले सुनाने का अधिकार देने की मांग की गई थी। शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय संवैधानिक पीठ के सदस्य जस्टिस मुसर्रत हिलाली ने टिप्पणी की, अनुमति देने का मतलब सैन्य अदालतों के अधिकार को मान्यता देना होगा। जियो न्यूज चैनल की खबर के अनुसार जस्टिस अमीन-उद-दीन खान की अध्यक्षता वाली इस पीठ में जस्टिस जमाल खान मंडोखाइल, जस्टिस मोहम्मद अली मज़हर, जस्टिस सैयद हसन अजहर रिजवी, जस्टिस नईम अख्तर अफगान और जस्टिस शाहिद बिलाल हसन भी शामिल हैं। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने आज पूर्व मुख्य न्यायाधीश जव्वाद एस ख्वाजा की उस याचिका को भी खारिज कर दिया, जिसमें 26वें संवैधानिक संशोधन मुद्दे पर फैसला होने तक सैन्य अदालतों में नागरिकों के मुकदमे से संबंधित मामलों की सुनवाई स्थगित करने की मांग की गई थी।